देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

पीएम मोदी का तीन राज्यों का दौरा आज से... 12

अखिलेश यादव के बयान पर पूरे प्रदेश में बवाल... 03

जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 329
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 15 सितंबर, 2024

जम्मू–कश्मीर को बनाएंगे सुरक्षित व समृद्ध, यह मोदी की गारंटी: नरेन्द्र मोदी

- जम्मू–कश्मीर का विधानसभा चुनाव इस बार तीन खानदानों और युवाओं के बीच: प्रधानमंत्री
- ये हैं पीडीपी, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस; यह चुनाव नौजवानों और इनके बीच: मोदी

जन एक्सप्रेस | श्रीनगर

डोडा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को एक चुनावी रैली में कहा कि हम एक सुरक्षित जम्मू-कश्मीर का निर्माण करेंगे। यह चुनाव जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करेगा। मोदी ने कहा कि वे आपके इस प्यार और आशीर्वाद का बदला देश के लिए और अधिक मेहनत कर चुकाएंगे। हम सब मिलकर एक सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर बनाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने डोडा की चुनावी जनसभा में कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के तीन राजनीतिक परिवारों ने राज्य को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि परिवारों ने स्वार्थ के लिए आतंकवाद पर आंखें मूंद लीं। अब तक 'परिवारवाद' ने युवाओं को आगे नहीं आने दिया और इसीलिए 2014 में सत्ता में आने के बाद उन्होंने जम्मू-कश्मीर में युवाओं के नए नेतृत्व को आगे लाने की कोशिश की है।

परिवारवाद पर मोदी बोल

एक तरफ तीन खानदान, उनके सामने कश्मीर के नौजवान पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर कहा- जम्मू-कश्मीर का विधानसभा चुनाव 3 खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। एक तरफ तीन खानदान हैं, दूसरी तरफ सपने लेकर निकल पड़े नौजवान हैं। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया, वो किसी पाप से कम नहीं है। तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को दशकों तक बर्बादी देने के जिम्मेदार हैं। इन तीन खानदानों ने यहां करप्शन को बढ़ावा दिया। जमीन कब्जा करने वाले गिरोहों को बढ़ावा दिया। छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए आपको तरसाया गया।

मोदी बोले- जो पत्थर फेंके जाते थे, उन्हीं पत्थरों से आज का कश्मीर बना

यहां आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर में जो बदलाव आया है, वो किसी सपने से कम नहीं है। जो पत्थर पहले पुलिस और फोर्स पर फेंकने के लिए उठते थे, उन पत्थरों से नया जम्मू-कश्मीर बन रहा है। ये सब कुछ किसने किया है? ये मोदी ने नहीं किया, ये जम्मू-कश्मीर के आप लोगों ने किया है। आपके इसी विश्वास को आगे बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर भाजपा ने आपके लिए एक से बढ़कर एक संकल्प लिए हैं।

ये लोग नेताओं को जेल भेजने के लिए सरकार बनाना चाहते हैं

कांग्रेस की सोच क्या है, नीयत क्या है, उनके अध्यक्ष की बातों से साफ हो जाता है। मैं यहां आकर काम के बारों में बात करता हूं। उन्होंने क्या कहा कि अगर 20 सीटें ज्यादा आतीं तो मोदी समेत सारे नेता जेल में होते। नेताओं को जेल भेजने के लिए सरकार बनानी है, या लोगों के भले के लिए। 3 बार देश की जनता ने हमें देश की सेवा का मौका दिया है। हम सरकार लोगों को जेल में डालने के लिए चलाते हैं? हम भ्रष्टाचार खत्म करने, लोगों की भलाई के लिए सरकार चलाते हैं। जब कोई पॉजिटिव सोच ही ना हो, तब जेल में बंद करने के सिवाय कोई एजेंडा नहीं होता है।

ये संविधान को अपनी जेब में रखते हैं, ये कोई सामान नहीं

आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं, संविधान की किताब कोई सामान नहीं है। ये दिखावा अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए किया जा रहा है। हकीकत क्या है, ये जम्मू-कश्मीर का बच्चा बच्चा जानता है। क्या कारण था कि हमारे जम्मू-कश्मीर में 2 संविधान चलते थे। क्यों यहां के लोगों को वो हक नहीं मिलता था, जो बाकी देश में मिलता था। हमारे पहाड़ी भाई-बहन, क्या कारण है कि इतने साल वोट डालने का हक नहीं था। संविधान हर किसी को वोट का अधिकार देता है। 75 साल तक आपका ये अधिकार छीन लिया था।

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 2019 में आर्टिकल-370 हटाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। जम्मू और कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 7 अनुसूचित जातियों के लिए और 9 अनुसूचित जनजातियों के लिए रिजर्व हैं। 90 सीटों के लिए तीन फेज में वोटिंग होगी। 18 सितंबर पहले फेज, 25 सितंबर को दूसरे फेज और 1 अक्टूबर को तीसरे फेज की वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88.06 लाख वोटर हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने 28 सीटें, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं।

मोदी बोले- भाजपा ने कश्मीरी पंडितों के लिए आवाज उठाई

कश्मीरी पंडितों पर पीएम ने कहा- तीन दशक से ज्यादा हो गए, इसी दिन हमारे कश्मीरी पंडित टीका लाल टपलू को आतंकवादियों ने शहीद किया था। उनकी हत्या के बाद कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार का अंतहीन सिलिसिला चला है। भाजपा ने कश्मीरी पंडितों के लिए आवाज उठाई, उनका साथ दिया। यहां मंच पर हमारी बेटी शगुन बैठी है। इनके पिता और चाचा दोनों को आतंकवादियों ने मार डाला था। अब भाजपा ने आतंकवाद पीड़ित इस बिटिया को टिकट दिया है। बेटी शगुन सिर्फ कैंडिडेट हैं, ऐसा नहीं है। ये आतंक को खत्म करने के भाजपा के मजबूत इरादों की जीती जागती तस्वीर है।

पुरानी सरकारों में गृहमंत्री तक लालचौक जाने से डरते थे

पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर में तीन खानदानों ने यहां अलगाववाद और आतंकवाद के लिए जमीन तैयार की। इसका फायदा किसने उठाया, देश के दुश्मनों ने। ये लोग आतंकवाद को इसलिए पालपोस रहे थे ताकि इनकी अरबों-खरबों की दुकान चलती रहे। इनके गुनाहों की वजह से हमारे बच्चों की जान चली गई। ये चंद्रभागा घाटी, ये सालों साल चले आतंकवाद के दौर की गवाह रही है। याद करिए वो समय, जब दिन ढलते ही यहां अघोषित कर्फ्यू लग जाता था। सारी दुकानदारी ठप, सारा कामकाज ठप। तब केंद्र सरकार के गृहमंत्री तक लालचौक जाने से डरते थे।

भाजपा ही आपको पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएगी

जम्मू-कश्मीर का हर आदमी भले वो किसी मजहब, आस्था या वर्ग का हो, भाजपा की प्राथमिकता है आपके हर अधिकार की रक्षा की गारंटी मोदी ने दी है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं। ये लोग 370 को वापस लाना चाहते हैं। आपके लिए इसका मतलब क्या होगा। इसका मतलब होगा कि तीन खानदान मिलकर पहाड़ी समाज का आरक्षण फिर छीन लेंगे, वोटिंग का हक छीन लिया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर फिर से फिल्मों में छाएगा

जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देने पर मोदी ने कहा- पुराने दिनों में यहां के लोग बड़े गर्व से कहते थे कि मोदीजी यहां इस फिल्म की शूटिंग होती थी। लेकिन आतंकवाद बढ़ने के बाद यहां फिल्मवालों का आना बंद हो गया। 10 वर्षों की मेहनत के बाद ये हालात भी बदलते नजर आ रहे हैं।

चकबंदी कार्यों में योगी सरकार ने स्थापित किया 10 वर्षों का नया कीर्तिमान

- वर्ष 2022–23 में कुल 463, वर्ष 2023–24 में 781 तथा वर्ष 2024–25 में प्रदेश के 82 ग्रामों में चकबंदी की प्रक्रिया हुई पूरी
- 50 से अधिक वर्षों से चकबंदी प्रक्रिया से वंचित 8 गांव, 30 से 50 वर्ष तक वंचित 72 गांवों तथा 10 वर्ष से 30 वर्ष तक चकबंदी प्रक्रिया से वंचित रहे 296 गांवों में प्रक्रिया हुई पूरी
- 63 वर्षों से चकबन्दी प्रक्रिया से वंचित रहे आजमगढ़ के ग्राम महुवा में भी योगी सरकार ने कराई चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

योगी सरकार अन्नदाताओं के हितों के लिए लगातार आवश्यक कदम उठा रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने पिछले वर्ष सितंबर माह में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान चकबंदी विभाग को किसानों के खेत की सीमा संबंधी विवादों को सुलझाने, गांवों को विकास से जोड़ने, सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए निर्देश दिये थे। साथ ही, गांवों में ग्राम अदालत लगाकर वादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये थे। सीएम योगी की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि योगी सरकार ने चकबंदी संबंधी कार्यों में पिछले एक वर्ष में 10 वर्षों का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में आठ माह में प्रदेश के 40 जिलों के 82 ग्रामों में अब तक चकबंदी करायी जा चुकी है। वहीं पिछले वर्ष 2023-24 में प्रदेश के 74 जिलों के 781 गांवों में चकबंदी करायी गयी। इसके अलावा पिछले साल सितंबर से अब तक 705 ग्राम अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 25,523 वादों का निस्तारण किया जा चुका है।

तीन वर्षों में 1475 ग्रामों में पूरी की गयी चकबंदी प्रक्रिया

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्नदाताओं के खेत संबंधी विवादों को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाने के लिए चकबंदी कराने के निर्देश दिये थे। उन्होंने इसके निस्तारण के लिए अभियान और ग्राम अदालत लगाने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में इस वित्तीय वर्ष में आठ माह में 40 जिलों के 82 ग्रामों में चकबंदी करायी जा चुकी है। वहीं 51 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया संभव न होने के कारण अधिनियम की धारा 6 (1) के तहत चकबंदी प्रक्रिया से अलग किया गया। इसी तरह वर्ष 2023-24 में 74 जिलों के 781 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गयी। इसमें 330 ग्राम 10 वर्षों से अधिक अवधि के थे। वर्ष 2022-23 में 463 ग्रामों एवं 2021-22 में 231 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गयी, जो पिछले 10 वर्षों की तुलना में एक कीर्तिमान है। कुल मिलाकर वर्ष 2021-2022, 2022-23 तथा 2023-24 में 1475 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी हुई है। वहीं, 50 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित 8 ग्राम, 30 वर्ष से 50 वर्ष तक लंबित 72 ग्राम और 10 वर्ष से 30 वर्ष तक लंबित 296 ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गयी। इसमें आजमगढ़ के ग्राम महुवा और गोमाडीह में क्रमशः 63 वर्ष और 56 वर्ष से लंबित, विचाराधीन चकबंदी प्रक्रिया पूरी की गयी। इसके अलावा गाजीपुर के ग्राम सवना व बरेजी चकबंदी प्रक्रिया 59 वर्षों एवं ग्राम बेलसड़ी की चकबंदी प्रक्रिया 55 वर्षों से विचाराधीन थी, जिसे पूरी किया गया।

जल्द ही एआई, ब्लॉक चेन, ड्रोन और रोवर से होगी चकबंदी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चकबंदी संबंधी पुराने लंबित वादों को निस्तारित करने के लिए ग्रामों में ग्राम अदालत लगाने के निर्देश दिये थे। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद पिछले वर्ष सितंबर से अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में 705 ग्राम अदालत का आयोजन किया गया। इसके जरिये 25,523 वादों को निस्तारण किया जा चुका है। इसके अलावा किसानों के हित एवं पारदर्शिता के मद्?देनजर एआई, ब्लॉक चैन, ड्रोन एवं रोवर सर्वेक्षण आधारित चकबंदी संचालित करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत आईआईटी रूड़की के साथ परीक्षण चल रहा है। इसके साथ ही जीआईएस बेस्ड सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल ऐप विकसित करने की भी कार्रवाई चल रही है। जल्द ही इन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर चकबंदी प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

कक्षा तीन की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत, सब सकते में

महानगर के मॉन्ट फोर्ट स्कूल में शुक्रवार दोपहर को लंच कर कक्षा की तरफ जा रही तीसरी की छात्रा लड़खड़ाकर गिर पड़ी

- उसकी सहेलियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और शिक्षक मदद के लिए दौड़ पड़े
- अफरा-तफरी में मानवी को अस्पताल ले जाया गया। इस घटना की सूचना मानवी के परिवार को मिली तो वह लोग भी अस्पताल पहुंच गए
- वहां डॉक्टरों ने बताया कि छात्रा की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। महानगर के एक नामी स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ रही छात्रा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इस घटना ने आम लोगों के साथ ही चिकित्सकों तक को सकते में डाल दिया है। महानगर के मॉन्ट फोर्ट स्कूल में शुक्रवार दोपहर को लंच कर कक्षा की तरफ जा रही तीसरी की छात्रा लड़खड़ाकर गिर पड़ी। यह देखते ही उसकी सहेलियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और शिक्षक मदद के लिए दौड़ पड़े। अफरा-तफरी में मानवी को अस्पताल ले जाया गया। इस घटना की सूचना मानवी के परिवार को मिली तो वह लोग भी अस्पताल पहुंच गए। जहां डॉक्टरों ने बताया कि छात्रा की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है।

सुबह मानवी बड़ी बहन माही के साथ स्कूल गई थी

विकास नगर सेक्टर 14 निवासी शिखर सेंगर की बेटी मानवी (10 साल) मॉन्ट फोर्ट स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा थी। उसके साथ ही बड़ी बहन माही भी कक्षा 11 में पढ़ती है। सुबह मानवी और माही स्कूल गई थीं। दोपहर में लंच के बाद मानवी सहेलियों के साथ कॉरिडोर से कक्षा की तरफ जा रही थी। अचानक वह लड़खड़ाकर गिर पड़ी मानवी को बेसुध देख सहेलियां मदद के लिए चीखने लगीं। शोर सुन शिक्षक पहुंचे स्कूल प्रशासन ने परिवार को सूचना दी और आनन फानन में उसको फातिमा अस्पताल ले गए।

लखनऊ में पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे

- अलीगंज में सीएमएस की कक्षा 9 के छात्र की हार्ट अटैक से हुई थी मौत
- कैंट में कार चलते हुए हार्ट अटैक पड़ने से राजेश की हुई मौत
- विकास नगर में जिम में वर्कआउट करते हुए डॉक्टर संजीव पाल की हुई मौत
- त्रिवेणी नगर में कृष्णकांत सिंह की हार्ट अटैक से मौत, पिता ने खुद को मारी गोली
- मलिहाबाद में वरमाला डालते वक्त दुल्हन की हार्ट अटैक पड़ने से हुई थी मौत

परिवार की तरफ से पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया गया

कुछ देर में मानवी की मां, रिटायर आईएएस नाना वीपी सिंह भी अस्पताल पहुंच गए। बच्ची को वह लोग चंदन हॉस्पिटल लेकर चले गए जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मानवी के छोटे नाना डीपी सिंह ने बताया कि डॉक्टर ने दिल का दौरा पढ़ने से मौत होने की बात कही है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम स्कूल गई थी। फुटेज चेक करने पर पता चला कि मानवी सहेलियों के साथ कॉरिडोर से जाते वक्त लड़खड़ाकर गिर पड़ी। इंस्पेक्टर के मुताबिक परिवार वाले छात्रा को लेकर अस्पताल गए थे। मौत होने के बाद परिवार की तरफ से पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया गया है।

अगर बच्चों की स्किन या होठों के पास नीला निशान पड़ जाए तो सावधान हो जाना चाहिए

वैसे तो हार्ट अटैक उम्रदराज लोगों को होता है, लेकिन हैरानी करने वाली बात यह है कि अब छोटे-छोटे बच्चों को भी हार्ट अटैक आ रहा है। जब हृदय में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाती है तो हार्ट की मसल्स को नुकसान पहुंचता है। ऐसे में रक्त का थक्का जम जाता है। इससे ब्लड सर्कुलेशन नहीं हो पाता। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर बच्चों की स्किन या होठों के पास नीला निशान पड़ जाए तो सावधान हो जाना चाहिए।

आगरा के 134 उद्यमियों ने कराया पंजीकरण, अन्य कई जिलों के उद्यमी भी लेंगे हिस्सा

यूपीआईटीएस 2024 में हिस्सा लेने के लिए आगरा मंडल के 134 हस्तशिल्प ,नए निर्यातक और महिला उद्यमियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें आगरा से 51, मथुरा से 23, फिरोजाबाद से 56, मैनपुरी से 04 शामिल हैं। इनमें आगरा से डावर फुटवेयर, गुप्ता ओवरसीज, स्टोनमैन आदि निर्यातक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रज क्षेत्र के पारंपरिक हैंडीक्राफ्ट और आधुनिक उत्पादों को आयोजन के माध्यम से बड़ा मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार, गोरखपुर से ओडीओपी के पांच (चार टेराकोटा और रेडीमेड गारमेंट), एमएसएमई के छह और निर्यातक श्रेणी के दो उद्यमियों के पंजीकरण हो चुके हैं। वहीं, कुशीनगर जिले से ओडीओपी और एमएसएमई समेत कुल चार रजिस्ट्रेशन हुए हैं जबकि महाराजगंज में पांच और देवरिया में तीन उद्यमियों के रजिस्ट्रेशन हुआ है।

प्रयागराज में 7 उद्यमियों ने कराया है रजिस्ट्रेशन

प्रयागराज में कुल 7 उद्यमियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है जिसमें 03 एमएसएमई इकाइयों के उद्यमी भी हिस्सा लेंगे। इन उद्यमियों को ट्रेड शो में रियायती दरों पर स्टॉल प्राप्त होंगे। इनमें, मे0 इकावो एग्रो डेली प्रा.लि, मे0 आर0 डी0 इन्टरप्राइजज, मे0 मुनीर अली, और मे0 हैप्पी कल्चर शामिल है। इसी तरह एमएसएमई इकाइयों में मे0 मैस औवरसीज प्रा0 लि0 और मे0 विष्णु सेल्स शामिल है। वहीं, अयोध्या जिले के 3 उद्यमियों का भी आयोजन में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण हो चुका है। अंबेडकरनगर से ओडीओपी के 4, सुल्तानपुर के एमएसएमई के 2 व ओडीओपी के 1, बाराबंकी से एमएसएमई के 4 व ओडीओपी के 2 व अमेठी के 2 ओडीओपी प्रोडक्ट्स से संबंधित उद्यमियों को यूपीआईटीएस 2024 में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों का वैश्विक महाकुंभ बनेगा यूपीआईटीएस-2024

- उत्तर प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को मिलेगा बड़ा प्लैटफॉर्म, सीएम योगी का विजन बनेगा माध्यम
- वाराणसी, अयोध्या, आगरा, प्रयागराज, झांसी, बरेली व गोरखपुर मंडल के 270 स्थानीय व पारंपरिक उत्पादों के उद्यमियों ने अब तक किया आवेदन
- हथकरघा, टेराकोटा, हस्त शिल्प, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज, एमएसएमई, ओडीओपी समेत विभिन्न सेक्टर्स के उद्यमियों को मिल रहा प्रतिभाग का मौका
- नए निर्यातक, महिला उद्यमी और हस्तशिल्पी भी हैं उत्साहित, कहा- हमारी उम्मीदों को सीएम योगी की नीतियों ने दिया पंख

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक तरफ जहां स्वयं प्रत्येक मंच से प्रदेश के उत्पादों की अक्सर ब्रांडिंग करते रहते हैं। वहीं, दूसरी तरफ शासन को निर्देशित कर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से यहां के उद्यमियों को अपने उत्पाद की ब्रांडिंग का अवसर भी उपलब्ध कराते हैं। इस कड़ी में 25 से 29 सितंबर के बीच आयोजित होने जा रहा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 (यूपीआईटीएस- 2024) प्रदेश के पारंपरिक उद्यमियों के लिए वैश्विक महाकुंभ साबित होगा। इस क्रम में, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी मंडलों के 270 से अधिक स्थानीय व पारंपरिक उत्पादों के उद्यमियों ने विभिन्न केटेगरीज के अंतर्गत अब तक रजिस्ट्रेशन करा लिया है। आने वाले दिनों में इस प्रक्रिया में और तेजी आएगी। रजिस्ट्रेशन कराने वाले उद्यमी हथकरघा, टेराकोटा, हस्तशिल्प, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज, एमएसएमई, ओडीओपी समेत विभिन्न श्रेणियों के उद्यमों का संचालन कर रहे हैं, जो इस भव्य आयोजन में हिस्सा लेंगे। वहीं, नए निर्यातक, हस्तशिल्पी व महिला उद्यमी भी आयोजन में सहभागिता को लेकर बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं। उनका एक स्वर में कहना है कि सीएम योगी की नीतियां न केवल प्रदेश की परंपरा को संरक्षित कर रही है, बल्कि हमारे उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच को भी सुलभ बना रही है।

वाराणसी मंडल के 4 जिलों के विभिन्न कैटेगरी में उद्यमियों की संख्या

एमएसएमई महिला युवा उद्यमी

- वाराणसी -6
- जौनपुर -4
- गाज़ीपुर -2
- चंदौली -4

एक जिला एक उत्पाद

- वाराणसी -15
- जौनपुर -3
- गाज़ीपुर -1
- चंदौली -1

नए निर्यातक

- वाराणसी---8

वाराणसी मंडल के 44 हस्तशिल्पी लेंगे यूपीआईटीएस में हिस्सा

वाराणसी मंडल के 44 हस्तशिल्पी, नए निर्यातक और महिला उद्यमी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जाने के लिए पंजीकरण करा चुके है। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त उमेश सिंह ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में वाराणसी मंडल के 4 जिलों वाराणसी, चंदौली जौनपुर और गाज़ीपुर के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के 20 उद्यमी हिस्सा लेंगे। वहीं, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (जिसमे लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, दरी, बेवरेज, मेडिकल प्रोडक्ट्स बायो फ़र्टिलाइज़र, मसाला नूडल्स व बनारसी सिल्क उद्योग आदि शामिल है) से जुड़े 16 उद्यमी भी प्रतिभाग करेंगे। बनारसी सिल्क साड़ी तथा कालीन उद्योग से जुड़े 8 नए निर्यातक समेत कुल 44 उद्यमी आयोजन में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

यात्रियों को खतरों में डाल रहा रेलवे मालगाड़ी के नीचे से निकलते हैं यात्री

* रेल पटरी आरपार करना अपराध, लेकिन रेलवे खुद करा रहा उल्लंघन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



रेलवे खुद यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहा है। रेलवे की लापरवाही के चलते यात्री खतरों से खेलकर यात्रा करने को मजबूर हैं। दोनों प्लेटफॉर्म पर मालगाड़ी खड़ी कर मेन लाईन में ईएमयू ट्रेन लाने से यात्रियो को मजबूरी में ट्रेन के नीचे से निकल पड़ रहा है। रेलवे यात्रियों को खुद ही खतरों में डाल रहा है।

जबलपुर डिवीजन के मारकुंडी रेलवे स्टेशन से आनेजाने वाले यात्रियों को भारी मुसीबतें उठानी पड़ रही है। यात्री खतरों से खेलकर यात्रा करने को मजबूर हैं। मारकुंडी रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म में मालगाड़ी खड़ी कर देने से फुट ओवरब्रिज बेकार साबित हो रहा है। मेन लाइन में खड़ी होने वाली सतना- मानिकपुर ईएमयू पैसेंजर ट्रेन में सवार होने वाले यात्रियो को मजबूरी में प्लेटफॉर्म में खड़ी ट्रेन के नीचे से निकलना पड़ता है। शुक्रवार को मानिकपुर से सतना-इटारसी(06638)जाने वाली ईएमयू ट्रेन के मारकुंडी रेलवे स्टेशन प्रवेश करते ही यात्रियों में भगदड़ मच गई। क्योंकि दोनों प्लेटफार्मों में मालगाड़ियां खड़ी होने से ईएमयू ट्रेन को प्लेटफार्म में लाने के बजाय मेन लाइन में लाया गया था। पैसेंजर ट्रेन रूकती भी नहीं है कि मेन रेललाइन पर खड़े रेलयात्री ट्रेन के ओर दौड़ पड़ते है और ट्रेन में सबसे पहले चढ़ने के लिए यात्रियों में धक्का- मुक्की शुरू होती है फिर अफरा-तफरी मच जाती है। ट्रेन में चढ़ने के इस क्रम में कुछ रेलयात्री गिरते-गिरते बचते है तो कुछ गिर भी पड़ते है। मशक्कत कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर जाते है। रेलवे की लापरवाही से बुजुर्ग, दिव्यांग वा गर्भवती महिलाओं को ट्रेन के नीचे से निकलने में भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। मारकुंडी रेलवे स्टेशन में सतना - मानिकपुर, इटारसी- छिवकी पैसेंजर समेत छह ट्रेनों का स्टॉपज है। सैकड़ो यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। फिर भी यात्री सुविधाओं के नामपर कुछ भी नहीं है।

किसी काम का नहीं फुट ओवरब्रिज

मारकुंडी रेलवे स्टेशन में बना फुट ओवरब्रिज बेकार साबित हो रहा है। क्योंकि दोनों प्लेटफॉर्म में मालगाड़ी खड़ी होने से यात्री मजबूरी में ट्रेन के नीचे से निकलकर गाड़ी में सवार हो रहे हैं। फुट ओवरब्रिज का निर्माण इस लिऐ किया गया था कि यात्री ट्रैक को पार न कर ओवरब्रिज से सुरक्षित रुप से आवागमन कर सकें। लेकिन रेलवे फुट ओवरब्रिज का निर्माण जरूर कर दिया है, लेकिन यात्रियों के किसी काम का नहीं है।

पटरी पार करना गैरकानूनी,रेलवे खुद करा रहा उल्लंघन

रेल की पटरी पार करना अपराध की श्रेणी में आता है,लेकिन रेलवे इसका पालन कराने के बजाय उल्लंघन करा रहा है। रेल की पटरियों को पार करना कानूनी तौर पर अपराध है। रेलवे अधिनियम की धारा 147 के तहत रेल की पटरियों को पार करने के अपराध में व्यक्ति को पकड़ा जा सकता है। ऐसा करते हुए पाए जाने पर व्यक्ति को 06 महीने तक की सजा भी हो सकती है। वहीं 1 हजार रुपये तक जुर्माने का भी प्रावधन है। लेकिन रेलवे इस कानून का पालन कराने के बजाय उल्लंघन करा रहा है।

बिना जांच के न हो सवर्ण प्रताडित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सवर्ण आर्मी टीम के साथ पाठा क्षेत्र के बरगढ, कलचीहा ग्राम सभा में अमित जैन और समस्त जैन समाज द्वारा मंदिर परिसर में चैपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जैन धर्म के संस्थापक महावीर स्वामी के दर्शनोपरांत कर किया गया। इस अवसर पर अमित जैन पाठा क्षेत्र बरगढ के सह मीडिया प्रभारी और अजीत जैन कलचीहा ग्राम सभा अध्यक्ष बनाए गए। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी, प्रधान भाई शैलेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सवर्ण आर्मी गिरीश पांडेय, प्रकाश पांडेय, जिला सचिव कृष्ण मिश्र, यज्ञदत्त तिवारी, जैन समाज विनय जैन, अमित जैन, ऋषभ जैन, फूलचंद्र जैन, दिनेश जैन आदि मौजूद रहे।

डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली कर्वी में किया गया। इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु फहद अली, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से निकाली गयी श्रीकृष्ण जल विहार यात्रा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भगवान श्री कृष्ण की विशाल शोभा यात्रा एवं जल विहार उत्सव के परम्परागत कार्यक्रम के तहत शनिवार को श्रीकृष्ण भक्त मण्डल के तत्वाधान में जिला मुख्यालय में विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। साथ ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की 50वीं वर्ष गांठ के अवसर को ऐतिहासिक बनान के लिए शाम को रामघाट में जल विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शोभा यात्रा की अगुवाई कर रहे प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि वह 8 वर्ष की आयु से यह कार्यक्रम करा रहे हैं। समय के साथ धीरे-धीरे यह आयोजन विस्तार रूप लेता जा रहा है। इस मंगल उत्सव की आज 50वीं वर्ष गांठ है। जिसके तहत सबेरे प्रातः 8 से 10 बजे तक मण्डप पूजन और इसके बाद भगवान का महाभिषेक कार्यक्रम किया गया। दोपहर 12 बजे से श्रृंगार आरती एवं राज भोग के बाद जल विहार शोभा यात्रा निकाली गयी। उन्होंने बताया कि समाज में गाय और भगवान के प्रति श्रद्धाभाव रखने वालों में ही मानवता और मनुष्यता होती है। समाज के कल्याण की कामना को लेकर प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत शोभा यात्रा के बाद रामघाट में जल विहार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। जिसमें एक नौका में भगवान को जल विहार कराया जाता है और शेष नौकाओं में श्रद्धालु मौजूद रहते हैं।

उन्होंने बताया कि रविवार 15 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से भगवान का उबटन कार्यक्रम एवं बाल भोग कराने के बाद उनके विग्रह के दिव्य तुलादान दर्शन और राजभोग आरती का आयोजन किया जाएगा। तुलादान की सामग्री श्रद्धालुओं के बीच वितरित कर दी जाती है। इसके बाद 16 सितम्बर को भगवान के 56 भोग का दर्शन, आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर भागवत पीठ के संस्थापक आचार्य नवलेश दीक्षित, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश कुमार मिश्र, विनोद मिश्र, हीरो मिश्रा, मोहित मिश्रा, गुड्डुन दुबे, कृष्ण औतार पाण्डेय, डेविड गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, विष्णु कुमार गुप्ता, अनुज त्रिपाठी, अंकुर त्रिपाठी, सुशील गुप्ता, मोहन जैन, केपी पाठक आदि मौजूद रहे।

नाले में डूबकर लापता हुए युवक का 20 घंटे बाद मिला शव

जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन

खेतों में जानवर चराने जा रहा अधेड़ पशुपालक रपटा के ऊपर से बह रहे पानी में बहकर डूब गया था। लगभग 20 घंटे बाद पशुपालक का शव गोताखोरों की टीम ने पुल के पास से ही झाड़ियों में बरामद कर लिया है। सूचना पर पूर्व सांसद भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देकर परिवार को मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं, पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परवई निवासी रूप सिंह (48) पुत्र मुलू पशुओं को चराने का काम करता है। गांव के बाहर मलंगा पर बने रपटा पुल से आगे खेतों में जानवरों को ले जाकर उन्हें वहीं चराता है। बीते तीन दिनों की बारिश के बाद इस समय रपटा के ऊपर से करीब चार से पांच फीट ऊपर तक पानी चल रहा है। प्रतिदिन की भांति शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे वह पशुओं को लेकर उन्हें चराने के लिए गया था। उसके साथ बेटा आकाश भी था। रपटा पर पहुंचने पर वह पशुओं को लेकर रपटा पार करने लगा। तभी अचानक से पानी के तेज बहाव के साथ उसका पैर फिसल गया और वह पानी के साथ मलंगा में बह गया। सूचना पर पुलिस के साथ ग्रामीएण व परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। जहां देर शाम तक उसकी तलाश की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद कुठौंद से गोताखोरों को बुलाया गया। रात होने पर उसकी तलाश नहीं की जा सकी। शनिवार की सुबह से फिर उसकी तलाश शुरू की गई। सुबह करीब नौ बजे उसका शव रपटा पुल के पास ही झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। पति की मौत की जानकारी होने पर पत्नी वीरकुंवर रो रोकर बेहाल हो गई। वहीं बड़ा बेटा सोनू, बेटी शिल्पी व छोटा बेटा आकाश भी गमगीन नजर आए। पशुपालक के पानी में डूबकर मौत होने की सूचना पर पूर्व सांसद श्रीराम पाल भी मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और उन्हें हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने चटकाए ताले

जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन

पंचायत भवन का ताला तोड़ कर अज्ञात व्यक्ति प्रिंटर समेत कम्प्यूटर का सामान चुरा ले गये हैं। प्रधान ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत के बाद पुलिस दो संदिग्धों से पूंछतांछ कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वरीपुरा में संचालित पंचायत कार्यालय में बुधवार की रात को अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़ कर चोरी कर ली थी। शुक्रवार की सुबह जब पंचायत सहायक विनय भास्कर साढ़े 9 बजे कार्यालय पहुंचे थे तो चोरी की जानकारी हुई। पंचायत सहायक ने घटना की जानकारी प्रधान हाकिम सिंह व सचिव प्रियंका धीरान को दी थी। इसके साथ ही चोरी होने की शिकायत पुलिस से की। पुलिस द्वारा की गयी पूछताछ में पता चला कि पंचायत कार्यालय की चाबी पंचायत सहायक व सफाई कर्मचारी के पास ही रहती है तथा कार्यालय के ताले की हालत देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि ताला तोड़ा नहीं गया है बल्कि खोला गया है तथा उसे दिखाने के लिए क्षतिग्रस्त किया गया है। संदिग्ध चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने दो लोगों को कोतवाली में बैठा लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। चोरी के दौरान सिर्फ प्रिंटर, सीपीयू व यूएसवी चोरी गयी है जबकि अन्य सामान को हॉबी भी नही लगाया गया है। रखा हुआ है। जांच अधिकारी सुनील सैनी ने बताया कि मामले में पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

एडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। यमुना नदी में बढ रहे जल स्तर से सरधुवा से अर्की, अतरौली, बिहरवा, भदेदू आदि ग्राम पंचायत को जोडने वाला सम्पर्क मार्ग बाढ से प्रभावित होने के कारण आवागमन बाधित होने से जिला प्रशासन तत्काल संज्ञान लिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने तहसीलदार राजापुर को निर्देशित किया कि तत्काल नाव की व्यवस्था कराएं। साथ ही ग्राम प्रधान व लेखपाल को निर्देशित किया कि रोड के किनारे बैरिकेडिंग बास आदि का इंडिकेटर बनाएं, जिससे की व्यक्ति रोड से बाहर न जा सके। उन्होंने ग्राम प्रधान और लेखपाल को निर्देशित किया कि दोनों तरफ खम्भों पर लाइट की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने तहसीलदार व सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि निरंतर देखरेख करते रहें। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, तहसीलदार राजापुर राम सुधार, थाना सरधुवा प्रभारी आशुतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सुरक्षा के दृष्टिगत न्यायालय परिसर में की गई सघन जांच

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक एलआईयू शिवसागर तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड, न्यायालय परिसर में लगे कर्मचारियों व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत न्यायालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर सघन जांच की गई।

क्षेत्राधिकारी ने थाना रैपुरा में ली शान्ति समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर बारावफात त्यौहार एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में थाना रैपुरा में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्यामप्रताप पटेल की उपस्थिति में शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैंठक में थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ हिन्दू एवं मुस्लिम दोनों समुदाय के शान्ति समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आगामी बरावफात त्यौहार एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। साथ ही त्यौहारों के दृष्टिगत सतर्क रहकर किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल थाने पर सूचना देने के लिए बताया गया। साथ ही सभी से शांतिपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ आपसी सौहार्द से दोनों त्यौहारों को मनाने की अपील की गयी।

भीम आर्मी 17 को करेगी प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय गौतम ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि क्षेत्र भ्रमण में मिली समस्याओं को लेकर 17 सितम्बर को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। पुलिस आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही। साथ ही धरना–प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। धरना–प्रदर्शन के दौरान कोई अराजकतत्व पहुंच कर कोई व्यवधान पैदा न करें। इस बाबत पत्र सौंपा जा रहा है।

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में हुआ हिन्दी दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था में आवासित किशोरों के मध्य राष्ट्रीय हिन्दी दिवस विषय पर निबन्ध व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 36 किशोरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर किशोरों को फल वितरित किया गया। इस मौके पर संस्था प्रभारी वीरसिंह, सहायक अध्यापक राजीव कुमार सिंह, मानवेन्द्र प्रताप मिश्र, अभिषेक त्रिपाठी, अनिमेष मिश्रा, विनय कुमार, कला प्रशिक्षक दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब बरामद

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर चलाए जा प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम ने ग्राम भैरोपागा में आकस्मिक दबिश देते हुए मंदाकिनी नदी के किनारे 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व 200 किग्रा लहन बरामद किया। इसी गांव के एक अन्य आरोपी के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही संपादित की गई।

भाजयुमो ने फूंका अखिलेश यादव का पुतला

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा प्रांतीय आवाहन पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा के नेतृत्व में धनुष चैराहा में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा ने कहा कि सनातनी हिन्दुओं के खिलाफ लम्बे समय से समाजवादी पार्टी ने एक षड्यंत्र के तहत जो अभियान चला रखा है, उसी के जवाब में मोर्चा के नौजवानों ने पुतला दहन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया, सारे देश में मठों और मंदिरों के माध्यम से ही हिन्दू संस्कृति अक्षुण और सुरक्षित हैं, उसकी तुलना माफियाओं से करना घृणित अपराध की श्रेणी में आता है। इस अक्षम्य अपराध को देश का नौजवान बरदाश्त नही कर सकता। साथ ही मुह तोड जवाब देने के हर स्तर की लडाई आगे भी लडता रहेगा। हिन्दू संस्कृति का अपमान बरदाश्त नही करेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि मठों के माध्यम से ही देश की संस्कृति सुरक्षित हैं और माफियाओं ने ही देश को असुरक्षित कर रखा है। इस फर्क को समझ कर ही सपाइयों को बयान देना चाहिए था। जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, उपाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, जिला मंत्री मनोज तिवारी ने सपा मुखिया के बयान की निदा करते हुये मोर्चा के इस विरोध कार्यक्रम का समर्थन किया। जिला महामंत्री युवा मोर्चा मोहित मिश्रा और प्रेमेन्द्र प्रताप ने कहा कि मोर्चा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने व्यापक विरोध के माध्यम से सपा मुखिया का पुतला दहन कार्यक्रम स्वागत योग्य कार्यक्रम है।

इस मौके पर आभेष मिश्रा, पवन बद्री, संजय पांडेय, उज्जवल गुप्ता, शिवाकात पांडेय, घनश्याम पटेल, आदित्य सुखेन्द्र सिंह, रजनीश पांडेय, अभिषेक ओझा, किशन अग्रहरी, भानू पांडेय, प्रकाश सिंह, अंकित पांडेय, नीरज त्रिपाठी, राहुल द्विवेदी, आशुतोष गुप्ता, रामकिशोर प्रजापति, रवि करवरिया, लवकुश यादव, सुभाष यादव, राकेश द्विवेदी, आकाश कश्यप, स्वयं प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

फरियादियों की समस्या सुन निस्तारण के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में शनिवार को क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय की उपस्थिति में थाना राजापुर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया।

समस्या के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना मऊ, बरगढ में किया गया। इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया।

गणेश महोत्सव की आरती में शामिल होने जा रहे वृद्ध की सड़क हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कदौरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंडोरा निवासी श्याम बाबू 60 वर्ष शुक्रवार की देर शाम नगर में गणेश महोत्सव की आरती में शामिल होने के लिए अपनी बाईक से आ रहे थे। जैसे ही वह गांव के बाहर निकले तभी जोल्हुपुर हमीरपुर स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित सड़क पर गिरकर गम्भीर घायल हो गया। राहगीरों ने पहचान कर मामले की सूचना उसके परिजनों व पुलिस को दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और टक्कर मारकर भागे वाहन व ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी।

करंट लगने से वृद्ध की हुई मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। रामपुरा के मोहल्ला जवाहर नगर में करंट लगने से वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामपुरा के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी राम रईस 58 वर्ष घर पर अकेला था। शुक्रवार की रात उसे करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद जब आस पड़ोस के लोग अपनी छत पर टहल रहे थे। तब उनकी नजर अचेत अवस्था में पड़े वृद्ध पर गई। घटना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया और एकत्रित हुए मोहल्ले के लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। लोगों ने बताया कि मृतक अपने घर पर अकेला था, जबकि उसकी पत्नी की मृत्यु 15 वर्ष पूर्व हो चुकी थी। मृतक के तीन पुत्र संतोष, गोलू व समरथ बाहर रहकर भरण पोषण के लिए मजदूरी करते हैं। फिलहाल पुलिस ने घटना की सूचना उसके पुत्रों को देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चोरी की बकरी के साथ बाइक सवार दो शातिर चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उरई। कदौरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो शातिर बकरी चोरों को पुलिस ने चोरी की बकरियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोदीपुर निवासी मनफुल पाल रोज की तरह शनिवार को अपनी बकरी को चराने खेत पर गया था। इस दौरान वहां बाईक सवार दो युवक आए और बकरी को बाइक पर लाद कर रफूचक्कर हो गए। बाइक पर बकरी ले कर भाग रहे युवकों की सूचना चरवाहे ने तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभात सिँह को दी। मामले की खबर मिलते ही थानाध्यक्ष ने टीम के साथ घेराबंदी कर बाइक सवार युवकों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवकों ने अपना नाम विपिन कुमार पुत्र विश्राम सिँह व दूसरे ने अजीत उर्फ़ चिरकु पुत्र बीरेंद्र निवासीगण ग्राम असेवा थाना भोगनीपुर बताया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया 1059 वादों का निस्तारण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सभी जनपदों में किया गया। जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालन का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में किया गया। आयोजन में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, अपर जिला जज अनुरान कुरील, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट राममणि पाठक, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय, अपर सिविल जज इला चैधरी, सिविल जज सोनम गुप्ता, सैफाली यादव सिविल जज जूडी, अंजलिका प्रियदशिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट, मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबु आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम द्वारा तीन सिविल प्रकीर्ण वाद, 4 प्रकीर्ण फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 2700 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण श्रीकृष्ण यादव ने 31 वादों का निस्ताण करते हुए 1,36,60,000 रूपए प्रतिकर के रूप में दिलाया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव द्वारा 17 वादों का निस्तारण करते हुये 142000 रुपये आपसी सुलह समझौते के आधार पर वादिया को दिलाया गया। साथ ही कई वर्षो से एक दूसरे से अलग हुए सात जोडों को आपस में सुलह समझौत के आधार पर एक साथ भेजा गया। अपर जिला जज अनुराग कुरील द्वारा 40 विद्युत वादों का निस्तारण किया गया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राममणि पाठक द्वारा 1 वाद का निस्तारण किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय द्वारा फौजदारी के 577 वादों का निस्तारण करते हुये 83620 रुपये अर्थ वसूला गया। अपर सिविल जज इला चैधरी द्वारा 127 पदों का निस्तारण करते हुए 1270 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज सीडी एफटीसी सोनम गुप्ता द्वारा 63 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुये 1030 रुपये अर्थदण्ड, 1 सिविल वाद व एनआई एक्ट के 5 वादों का निस्तारण करते हुये 1354925 रुपये मुकदमा वादी को दिलाया गया। सिविल जज सैफाली यादव द्वारा 16 वाद का निस्तारण करते हुये 160 रुपये अर्थदण्ड वसूला। दो सिविल वाद व एनआई एक्ट के एक वाद का निस्तारण करते हुये 530000 रूपये वादी को दिलाया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शनी ने 41 वादों का निसतारण करते हुए 4000 रूपए वसूले। मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबु चन्द्रा ने 130 वादों का निस्तारण करते हुए 1300 रुपये अर्थदण्ड वसूला।

इस प्रकार न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1059 वादों का निस्तारण करते हुए 15781005 रूपए राजस्व व अन्य विभागों द्वारा 43720 मामलों का निस्तारण करते हुए 43027000 रुपये प्रतिकर के रूप में वसूला गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार बीती 11 से 13 सितम्बर तक आयोजित विशेष लोक अदालत में कुल 35 वादों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 44779 मुकदमों का निस्तारण करते हुये 58808005 अर्थदण्ड, प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप वसूल किए गए।

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	31°C	26°C
कानपुर	30°C	26°C
देहरादून	29°C	24°C
नई दिल्ली	32°C	26°C

अखिलेश यादव बोले : बदलाव ला सकता था सपा-बसपा गठबंधन, पर हमें धोखा मिला, मायावती की बात पर किया पलटवार

✻ 2019 के लोकसभा चुनाव सपा और बसपा ने साथ में मिलकर चुनाव लड़ा था। यह गठबंधन बात में क्यों टूट गया इस पर सपा और बसपा की अब प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अखिलेश का पलटवार
बसपा से हमें धोखा ही मिला

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा-बसपा का गठबंधन राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता था, पर हमें धोखा मिला। गठबंधन धर्म निभाने के लिए समाजवादी हमेशा त्याग करने को तैयार हैं। ये बात उन्होंने पार्टी मुख्यालय में हिंदी दिवस पर दानवीर कर्ण पर लिखित पुस्तक के विमोचन समारोह के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने साहित्यकारों को सम्मानित किया और हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अखिलेश ने कहा कि दानवीर कर्ण जानता था कि वह युद्ध हारेगा, फिर भी अपने मित्रों का साथ नहीं छोड़ा। यह पूछने पर क्या गठबंधन की राजनीति में भी ऐसी मित्रता संभव है? अखिलेश बोले, राजनीति में अगर विचार, कार्यक्रम और सिद्धांत के लिए त्याग करना पड़ेगा, तो हम तैयार रहेंगे। सपा और बसपा का गठबंधन एक ऐसा सपना था, जो भीमराव आंबेडकर और राममनोहर लोहिया ने देखा था। हमें भरोसा था कि सपा-बसपा का गठबंधन देश की राजनीति को बदलेगा, लेकिन परिस्थितियां कुछ ऐसी रहीं कि गठबंधन नहीं चला। यह बात छोटी है कि किसने-किसका फोन नहीं उठाया। तब बसपा के एक नेता ने भी कहा था कि उन्हें भी इसी तरह से धोखा मिला था। अखिलेश ने वाराणसी की एक घटना पर कहा कि यूपी पुलिस साजिश में लगी है। वारदातें नहीं रुक रही हैं। फर्जी एनकाउंटर में तार से तार जोड़ने के लिए पुलिस अफसर घंटों साथ बैठते हैं। मंगेश यादव के एनकाउंटर के दो घंटे के भीतर ही मीडिया को प्रेस नोट पहुंचना बहुत कुछ स्पष्ट कर देता है। पुलिस के डर से सब कह देते हैं कि माल की बरामदगी हो गई है। मठाधीश वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि जिन संतों को बुरा लग रहा है, उन्हें बताना चाहिए जब एक नारा चला ... इनको मारो जूते चार। तब वे कहां थे। जम्मू जाएंगे, पर हरियाणा पर चुप्पी

अखिलेश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का पार्टी संगठन चुनाव प्रचार के लिए बुलाएगा तो वहां जाएंगे। लेकिन, हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए जाने के सवाल पर कुछ नहीं बोले। राहुल गांधी पर मानहानि का मुकदमा दर्ज होने पर अखिलेश ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे ऊपर भी मानहानि का मुकदमा दर्ज होने वाला है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा नेताओं ने अयोध्या समेत कई जिलों में जमीन कब्जाई है। ये भू माफिया पार्टी है। लखनऊ तक में तालाबों पर कब्जा किया है।

अखिलेश यादव के बयान पर पूरे प्रदेश में बवाल, भाजयुमो कार्यतर्ताओं ने जलाया पुतला, बोले- माफी मांगें

✻ भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर आक्रोश व्यक्त करते हुए उनका पुतला जलाया और उनसे देश के सभी हिंदुओं से माफी मांगने की बात कही।

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

माफिया और मठाधीशों को एक जैसा बताने के बयान पर भाजपा व इसके सहयोगी संगठन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भड़क गए हैं और पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करते हुए पुतले जलाए। लखनऊ में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए हजरतगंज में अखिलेश यादव का पुतला जलाया और नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव को अहंकार नहीं करना चाहिए और हिंदू धर्मगुरुओं का सम्मान करना चाहिए। अगर उनमें हिम्मत है तो वो वक्फ बोर्ड पर बोलकर दिखाएं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज का हिंदू चुप नहीं बैठेगा।

वो हिंदुओं को गाली देने की राजनीति कर रहे हैं। उन्हें इसके लिए देश के सभी हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। बता दें कि बीते दिनों हुई एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि माफिया और मठाधीश एक जैसे ही हैं। दोनों में ज्यादा फर्क नहीं है। इसके अलावा उन्होंने अयोध्या में भाजपा नेताओं पर जमीनों का घोटाला करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं व अफसरों ने मिलकर गरीबों की जमीन को सस्ते में खरीद लिया और उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया और खुद ऊंचे दामों पर जमीनों का सौदा किया।

वहीं, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ये अखिलेश यादव का अहंकार है। वो हिंदुओं को अपमानित करने की राजनीति कर रहे हैं। उनके पिता ने हिंदुओं पर गोलियां चलवाई थी। अखिलेश यादव अहंकारी व तानाशाही हैं। उन्हें देश के सभी हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए।

पूर्व अध्यक्ष ने सरोजिनी नगर तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में दाखिल किया नामांकन

शोभनाथ यादव
वरिष्ठ
लेश प्रताप सिंह
881

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन कार्यकारिणी चुनाव में शुक्रवार को विभिन्न पदों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। अध्यक्ष पद सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के पूर्व कमलेश प्रताप सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया वहीं महामंत्री सहित अन्य पद पर दावेदारी हेतु अन्य प्रत्याशियों ने भी चुनाव कमेटी के समक्ष अपनी नामांकन प्रक्रिया को पूरा किया। जबकि नीरज कुमार यादव व अशोक पाल द्वारा कोषाध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल किया गया ।

जबकि वरिष्ठ कार्यकारिणी के पद पर चुनाव हेतु नीरज कुमार व अन्य अधिवक्ता प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल किए जाने के दौरान समर्थकों व शुभचिंतकों की भीड़ ने उत्साह वर्धन किया वहीं निवर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल को भी तमाम अधिवक्ता साथियों ने जमकर सराहा। नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने अधिवक्ता हित को सर्वोपरि रखने की बात कहते हुए सभी अधिवक्ताओं से भरपूर समर्थन देने का भी आह्वान किया।

अखिलेश के मठाधीश बयान पर भाजपा का हंगामा,फोटो पर जूते-चप्पल की माला पहनाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया। उनकी तस्वीर पर जूते-चप्पलों की माला पहनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रांशु दत्त द्विवेदी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। अखिलेश यादव के मठधीश पर दिए गए बयान से भाजपा कार्यकर्ता नाराज दिखे। कार्यकर्ताओं ने अखिलेश को हिंदू विरोधी भी बताया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर में मंगेश यादव एनकाउंटर पर भाजपा सरकार पर हमला बोला था। कहा था- भाजपा ने यूपी को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। अगर दिमाग होता, तो चप्पल में एनकाउंटर नहीं करते। उन्हें मंगेश की मां और बहन के आंसू नहीं दिखे। कोई एसटीएफ से सवाल पूछेगा। मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता है। अखिलेश यादव के मठाधीश बयान के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय से हजरतगंज तक पैदल मार्च निकालकर विरोध किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव ने हमारे महंत और पूरे हिंदू समाज का अपमान करने का काम किया है। उनको अपने इस बेतुके बयान के लिए पूरे समाज से माफी मांगना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो पार्टी खुद माफिआओं को संरक्षण दे रही है, वह दूसरे पर इस तरीके के गंभीर आरोप पैसे लगा सकती है। इस बयान से साफहोता है कि अखिलेश यादव हिंदू धर्म के बारे में कुछ नहीं जानते। अखिलेश यादव को मठाधीश और माफिआ में अंतर नहीं पता है। वह मठ-मंदिर की भी मर्यादा भूल चुके हैं। मठाधीश को माफिआ से जोड़ना गलत सोच की पराकाष्ठा है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्राशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि आज पूरे प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया है। अखिलेश यादव महंतों की तुलना माफिआओं से कर रहे हैं। आज जब माफिआओं को खत्म किया जा रहा है, तो उनके पेट मे दर्द क्यों हो रहा है। वे हिंदुओं को लेकर वह टिप्पणी करते हैं ।

एनसीसी ने सीएमओ ऑफिस के साथ मनाया विश्व प्राथमिक उपचार दिवस

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। 67 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा विश्व प्राथमिक उपचार दिवस पर भव्य आयोजन लखनऊ सीएमओ ऑफिस के सहयोग से किया। 67 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल जे पी मिश्रा तथा सूबेदार मेजर रंजीत कुमार और लखनऊ के सीएमओ ऑफिस से डाक्टर उमेश सचान द्वारा किया गया। समाज को प्राथमिक उपचार हेतु सहज एवं जागरूक करने के लिए कटिबद्ध 67 यूपी वाहिनी एनसीसी ने अपने 219 कैडेटों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान डाक्टर सचान ने बताया कि विश्व प्राथमिक उपचार दिवस पर, लोगों को प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में शिक्षित करने और उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कभी भी कर सकते हैं जिसका उद्देश्य प्रथम सहायता के महत्व के बारे में जागरूकता

ट्रांसपोर्ट नगर हादसा: पुलिस का दावा बिल्डिंग मालिक अंडरग्राउंड, फोन भी बंद, हादसे में हुई थी आठ की मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ। ट्रांसपोर्टनगर हादसे का आरोपी बिल्डिंग मालिक राकेश सिंघल अंडरग्राउंड हो गया है। उसका फोन भी बंद है। तलाश में कई टीमें लगाई गई हैं, जो दबिश दे रही हैं। ये दावा पुलिस कर रही है। बाकी मामले में पुलिस अब तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। ट्रांसपोर्टनगर स्थित तीन मंजिला इमारत सात सितंबर की शाम को ढह गई थी। मलबे में दबकर दवा कारोबारी जसमीत साहनी, राजकिशोर, धीरज गुप्ता, रुद्र यादव, पंकज तिवारी, अरुण सोनकर, जगरूप और राकेश कुमार की मौत हो गई थी।

28 लोग घायल हो गए थे। चौकी इंचार्ज महेश कुमार सिंह ने बिल्डिंग मालिक राकेश सिंघल पर गैर इरादतन हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि, अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

डीसीपी साउथ केशव कुमार का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है। मोबाइल भी बंद होने से उसे ट्रेस करना मुश्किल हो रहा है। हादसे के करीब दस घंटे बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। सवाल है कि पुलिस ने उसी दौरान आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं की थी? वक्त बीतने के साथ ही आरोपी अंडरग्राउंड हो गया है। अब पुलिस दावा कर रही है कि उसकी तलाश की जा रही है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि मामले में एफआईआर तो दर्ज कर ली गई थी पर कार्रवाई सुस्त ही चल रही है, क्योंकि शुरुआत में पुलिस का कहना था कि आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। चूंकि बिल्डिंग का नक्शा पास था, इसलिए भी सुबूत जुटाना मुश्किल हो रहा है। जिस जमीन पर बिल्डिंग थी वह राकेश की पत्नी कुमकुम सिंघल के नाम पर है। ऐसे में सवाल उठ रहा था कि क्या कुमकुम पर कार्रवाई होगी। हालांकि, ऐसा नहीं होगा। डीसीपी का कहना है कि भले ही जमीन आरोपी की पत्नी के नाम पर है, लेकिन उसकी देखरेख, निर्माण कार्य व किरायेदारी संबंधी पूरी प्रक्रिया राकेश ही कर रहे थे। इस कारण उन्हीं पर कार्रवाई होगी।

फास्ट फॉरवर्ड

पुलिस कर रही केवल साजिश और फर्जी एनकाउंटर: अखिलेश

जनएक्सप्रेस/लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी पुलिस फर्जी एनकाउंटर कर रही है। मंगेश यादव को घर से उठाकर मारा था। मैं सच्चाई जानने के लिए उनके परिवार से मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी पुलिस साजिश करने और एनकाउंटर करने का काम कर रही है।पुलिस को दिए गए मंगेश के परिवार के बयान पर कहा कि पुलिस के डर से कोई कुछ भी बयान दे सकता है।आज मीडिया से मुखातिब अखिलेश यादव ने हिंदी दिवस पर साहित्यकारों, कवियों और पत्रकारों को सम्मानित को सम्मानित किया।अखिलेश यादव से जब पूछा गया कि अयोध्या में संतों ने उनके बयान पर नाराजगी जताई है। अखिलेश यादव ने कल बयान दिया था कि मठाधीश और माफिआ एक ही जैसे होते हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी नेता ने नारा दिया था कि...इनको मारो जूते चार तो इन लोगों ने क्यों नाराजगी नहीं जताई थी।अखिलेश यादव ने कहा कि सपा-बसपा का गठबंधन देश की राजनीति को बदलने वाला था लेकिन हमें धोखा मिला। ये बात बहुत छोटी है कि किसने किसका फोन नहीं उठाया। जिस समय मुझे गठबंधन टूटने की सूचना मिली उस समय बसपा के एक नेता मेरे साथ मंच पर बैठे थे। मैंने उनसे पूछा कि गठबंधन क्यों तोड़ा? तो उन्होंने कहा कि हमें और आपको दोनों को धोखा मिला हैअखिलेश यादव ने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी वहां चुनाव लड़ रही है। राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनने के लिए छोटे राज्यों में अच्छे मौके मिलते हैं। अयोध्या में भाजपा नेताओं पर लगाए गए जमीन कब्जे के आरोपों पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में ऐसा हो रहा है। इनके नेता केवल जमीन ही नहीं तालाब पर भी कब्जा कर रहे हैं।

ओजोन संरक्षण के प्रति जागरूकता आवश्यक प्रोफेसर मंजुला

जनएक्सप्रेस/लखनऊ। विश्व ओजोन दिवस 16 सितंबर के उपलक्ष्य में आज नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की पर्यावरण संरक्षण तथा पुनर्स्थापना समिति और वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ओजोन दिवस (सोलह सितंबर) निमित्तक पोस्टर प्रतियोगिता महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें विज्ञान स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सत्र की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के दिशा निर्देशन में ओजोन संरक्षण पर आधारित यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम जीवन के लिए ओजोन वैश्विक सहयोग के पैंतीस वर्षष् विषय पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

दो अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता अभियान

लखनऊ। योगी सरकार हर साल की भांति इस बार भी महात्मा गांधी की जयंती पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदेशमें 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान श्स्वच्छता ही सेवाश् का आयोजन करती है।नगर विकास विभाग ने अभियान के लिए कार्ययोजना बनाई है। इसके अंतर्गत योगी सरकार 2 अक्टूबर को स्वच्छता के क्षेत्र में शानदार काम करने वाले सफाई मित्रों समेत अन्य लोगों को **स्वच्छता ही सेवा अवार्ड** से सम्मानित करेगी।अवार्ड 9 श्रेणियों में दिया जाएगा। जनभागीदारी के साथ सहयोगियों और विशिष्ट पहलों को सम्मानित किया जाएगा। अवॉर्ड को पाने वालों का चयन राज्य और जनपद स्तर पर चयन समिति करेगी।15 दिनों तक चलने वाला अभियान दैनिक आधार पर थीम आधारित और आईईसी गतिविधियों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नगरीय निकायों विभिन्न आयोजन होंगे।कार्यक्रम के अंतिम दिन 2 अक्टूबर यानि गांधी जयंती को कार्यक्रमों के समापन पर शानदार काम करने वालों को राज्य और जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

ज्योतिष की वैज्ञानिकता तथा प्रासंगिकता विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

लखनऊ विश्वविद्यालय

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

ज्योतिर्विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने दीक्षान्त सप्ताह के अन्तर्गत शुक्रवार को ज्योतिष की वैज्ञानिकता तथा प्रासंगिकता विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय के संरक्षण में संपन्न हुआ। 'आधुनिक समय में ज्योतिषशास्त्र की वैज्ञानिकता तथा प्रासंगिकता'' विषयक प्रतियोगिता का आयोजन व्याख्यान का शुभारम्भ मंगलाचरण व दीप प्रज्जवलन से किया गया। तत्पश्चात् ज्योतिर्विज्ञान के संयोजक डॉ0 सत्यकेतु ने निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ बिपिन पांडेय, डॉ विष्णुकान्त शुक्ल का परिचय एवं वाचिक स्वागत किया। आधुनिक विज्ञान की उपलब्धियों सिद्धांतों एवं व्यवहारों का प्राचीन वैदिक साहित्य से लेकर ज्योतिष शास्त्र के विभिन्न ग्रंथों में किस प्रकार अभिनिवेश है, इन तथ्यों को सरल भाषा में उदाहरण सहित ग्रंथों के संदर्भों को रखते हुए प्रस्तुत किया। निर्णायक सदस्य डॉ बिपिन पांडेय ने कहा कि ऐतरेय ब्राह्मण का ऋषि कहता है कि न कभी सूर्य अस्त होता है और न कभी सूर्य उदय होता है यह पृथ्वी की गति के कारण ऐसा प्रतीत होता है। न केवल पृथ्वी की गति अपितु सूर्य की भी गति के विषय में ऋग्वैदिक ऋषियों को ज्ञान था। जिसका संदर्भ विद्वान् वक्ता ने उपस्थित किया। ज्योतिष की महत्ता को बताते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार से खगोलीय पिंड हमारे जीवन पर प्रभाव डालने में समर्थ हैं। विद्वान मुख्य वक्ता ने अनेकानेक संदर्भ ग्रंथों के माध्यम से भारतीय ज्योतिष की वैज्ञानिकता के महत्त्व को रेखांकित किया। ज्योतिर्विज्ञान (अर्थात ज्योतिष) पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एक दिलचस्प विषय हो सकता है, जिसमें प्रतिभागियों को इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में ज्योतिष की प्रासंगिकता, वैज्ञानिकता और सामाजिक प्रभाव जैसे मुद्दों पर विभिन्न दृष्टिकोण प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

वाद-विवाद के संभावित विषय

1. क्या ज्योतिष एक विज्ञान है?
 समर्थन पक्ष ज्योतिष के खगोलीय गणनाओं, प्राचीन ग्रंथों में इसका उल्लेख और मानव जीवन पर इसका प्रभाव।
 विरोध पक्ष वैज्ञानिक प्रमाणों की कमी, भविष्यवाणियों की अनिश्चितता और दोहराने योग्य परिणामों का अभाव।
2. क्या ज्योतिष का मानव जीवन पर प्रभाव है ?
 समर्थन पक्ष लोगों के अनुभव, व्यक्तिगत जीवन में ज्योतिषीय मार्गदर्शन के सकारात्मक प्रभाव।
 विरोध पक्ष मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक प्रभाव, आत्म-सूचकता (self-fulfilling prophecy) और ज्योतिष की अंधविश्वास के रूप में भूमिका।
3. क्या ज्योतिष एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्यापित किया जा सकता है?
 - समर्थन पक्ष खगोलीय गणनाएँ और ग्रहों की स्थिति के आधार पर सटीकता।
 विरोध पक्ष ज्योतिष के सिद्धांतों को वैज्ञानिक पद्धति से सत्यापित न किया जा सकना और भविष्यवाणियों की अस्पष्टता।
4. क्या ज्योतिष समाज के लिए हानिकारक है?

समर्थन पक्ष : ज्योतिष जीवन में सकारात्मकता और दिशा प्रदान करता है, तनाव और निर्णय लेने में सहायता करता है।

विरोध पक्ष : ज्योतिष पर अत्यधिक निर्भरता से व्यक्तिगत विकास में बाधा और निर्णय लेने की स्वतंत्रता पर असर पड़ सकता है।

प्रतियोगिता की संरचना

1. प्रस्तावनाः प्रत्येक पक्ष को अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के लिए प्रारंभिक वक्तव्य का अवसर।
2. मुख्य तर्कः दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क प्रस्तुत करें, उदाहरणों और तथ्यों के साथ।
3. प्रतिवाद प्रत्येक पक्ष विरोधी पक्ष के तर्कों को चुनौती दे और उनका खंडन करे।
4. समापन वक्तव्य दोनों पक्षों को अपना अंतिम दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का समय।

निष्कर्ष

यह वाद-विवाद प्रतियोगिता न केवल छात्रों में तर्क कौशल को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि ज्योतिष और विज्ञान के बीच के संबंधों को समझने में भी मदद करेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के सप्त दिवसीय दीक्षान्त महोत्सव के उपलक्ष्य ज्योतिर्विज्ञान विभाग में आयोजित विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो0 अरविन्द मोहन जी ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार पोरवाल ने किया।

आइये हम एक हों, और अच्छे समाज व सुनहरे भविष्य के लिए आगे बढ़कर बेरोजगारों को काम दें, निजीकरण धोखा है, निजीकरण नही चलेगा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

नार्थ सेन्ट्रल जोन इन्श्योरेंस इम्पलाइज फेडरेशन का 30 वां प्रांतीय सम्मेलन की शुरुआत बीमा कर्मचारी संघ कार्यालय से करीब 5 सौ डेलीगेट्स व प्रगतिशील संगठन के साथियों द्वारा, इंकलाब-जिंदाबाद, हमारी लड़ाई जिंदाबाद, हमारी एकता जिंदाबाद, साझी शहादत, साझी विरासत जिंदाबाद, साम्राज्य वाद मुर्दाबाद, तेरी तानाशाही नही चलेगी, बीमा से जीएसटी वापस लो, पुरानी पेंशन बहाल करो, बेरोजगारों को काम दो, निजीकरण धोखा है, निजीकरण नही चलेगा। हमारी एकजुटता जिंदाबाद, अभी तो ये अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई ही।हर जोर जुल्म के टक्कर में,संघर्ष हमारा नारा है आदि क्रांतिकारी गगन भेदी नारा लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष कॉम संजीव शर्मा व सचिव कॉम राजीव निगम व बीमाकर्मचारी संघ फैज़ाबाद डिवीजन के सचिव कॉम रविशंकर चतुर्वेदी व अध्यक्ष कॉम आरडी आनंद के नेतृत्व में लाल झंडे से लैस जुलूस निकाला गया।

रैली को जलकल आफिस के सामने शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट, बीएसएनएल यूनियन, आयकर कमर्चारी संघ के साथियों ने फूल वर्षा करके स्वागत किया।मार्च क्रिनाशको होटल में पहुचा वहां पर संगठन का झंडा रोहण प्रदेश अध्यक्ष कॉम संजीव शर्मा ने किया। उसके बाद शहीद वेदी पर श्रधांजलि अर्पित किया गया और उसी समय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व वामपंथी योद्धा को श्रद्धाजलि अर्पित किया गया।खुला सत्र शुरू स्वागत समिति के चेयरमैन डाक्टर अनिल कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत भाषण से किया।

AIIEA के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यवक्ता कॉम. श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि NCZIEF का यह 30वां सम्मेलन **आइये हम एक हो, और अच्छे समाज व सुनहरे भविष्य के लिए आगे बढ़े** नारे के साथ सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भारत सरकार की तमाम नीतियों के बावजूद यदि LIC का सार्वजनिक स्वरूप सुरक्षित रह सका है तो पूरे देश के पैमाने पर AIIEA का ही संघर्ष है।

नार्थ सेन्ट्रल ज़ोन इंश्योरेन्स इम्प्लाइज़ फेडरेशन
का
30वां
स्थल : कॉम० नीलिमा मोइत्रा नगर,
14-16 सितम्बर, 2024

सत्तासीन दल बीजेपी और उसके नेतृत्व वाली सरकार की विभाजनकारी और कॉरपोरेट व पूंजीपरस्त नीतियों के खिलाफ जनता और वर्किंग क्लास को एकजुट रखते हुए संघर्ष को आगे ले जाने की चुनौती भी हमारे सामने है।और राम की इस नगरी में रामराज्य के समावेशी विकास की परिकल्पना के हिसाब से नीतियों के निर्माण और हिंदुस्तान की गंगा जमुनी तहजीब की रक्षा की चुनौती भी इस अधिवेशन के सामने है।

उन्होंने कहा कि 2014 से लेकर अब तक सरकारी कलकारखानों को बेचा जा रहा है।सरकारी संस्थानों को बेचा जा रहा है द्यद्बष् यूनियन के संघर्ष के चलते बहुत सारी गलत नीतियों को लागू करने से संघर्ष ने रोका। नए रोजगार अवसर को खत्म किया जा रहा रहा है।सरकार है, हमारी सरकार विकास का हवाला देते हुए राष्ट्रीयकृत उद्योगों को निजीकरण करते हुए देश को विनाश की राह पर ले जाने की कोशिश कर रही है, बैंक हो, एलआईसी हो या जनरल इंश्योरेंस हो उनका भी निजीकरण करते हुए देश को बर्बाद करने के लिए सरकार तुली हुई है, इस निजीकरण के मुहिम के खिलाफ हमारे संघर्ष की रूपरेखा क्या होगा यह सम्मेलन तय करेगा,ؘद्धद्धश्व के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,कॉम अमान उल्लाह खान ने कहा कि देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा है बेरोजगारी का है।

पिछले 45 सालों में बेरोजगारी का आलम इतना बुरा नहीं था जितना आज है, पूरे पैमाने पर उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां 40 हजार पुलिस कर्मियों की भर्ती के लिए 48 लाख बेरोजगार अप्लाई करते हैं, परीक्षा में बैठने के बाद पेपर लीक हो जाता है और जब दोबारा परीक्षा होती है ऐसा कहा जाता है जैसे पूरी बेरोजगारी खत्म हो गई, बेरोजगारी को खत्म करने के लिए वैश्वीकरण और निजीकरण खिलाफ हम लोग संघर्ष की रूपरेखा तय करेंगे, सबसे बड़ी बात है यह तीसरा सम्मेलन रामनगरी अयोध्या में हो रहा है।

साथियों हम सबको एकजुट होकर श्रम विरोधी सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने के लिए तैयार रखना होगा।कार्यक्रम में प्रांतीय नेता कॉम राकेश कनोजिया, कॉम. आरडी आनंद, कॉम. रविशंकर चतुर्वेदी, रिसेप्शन कमेटी के चेयरमैन डाक्टर अनिल कुमार सिंह, सदस्य व बीएसएनएल यूनियन के अध्यक्ष कॉम. तिलकराज तिवारी, सदस्य व शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी, जनवादी लेखक संघ के अखिलेश सिंह, जेपी श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, महावीर पल, रामजी तिवारी,शहीद शोध संस्थान के प्रबंधक सूर्यकांत पांडेय जी,देवकुमार मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सीएम पांडेय, कॉम. संजीव सिंह, कॉम. बलदेव सहित कई साथी मौजूद रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/रायबरेली समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष गिरजाशंकर (बबलू लोधी) के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार से लेकर पिछड़े वर्ग के लोगों को पार्टी में सदस्यता दिलाने पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष श्री लोधी ने कहा कि आए दिन जनपद में हो रही चोरी, हत्या, लूट की घटनाओं में भाजपा सरकार को आड़े हाथों में लेते हुए कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाया एवं आम जनमानस को होने वाली परेशानियों से अविलम्ब निराकरण दिलाने की मांग की। जिला महामन्त्री दिलीप यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) वोट बैंक की मजबूती के लिए संघर्षरत है। पीडीए के तहत अलग-अलग जातियों के बीच उनके अधिकारों को एकजुट किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रत्येक वर्ग पीड़ित है, अपराध चरम पर है। बैठक में मुख्य रूप से शैलेन्द्र यादव, राजकुमार लोधी, अरून यादव, अजय मौर्या, देवनरायन लोधी, सत्यम गुप्ता, उमाशंकर लोधी सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजभाषा प्रतिज्ञा के साथ एनटीपीसी ऊंचाहार में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ किया

जन एक्सप्रेस/हम केन्द्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने नेतृत्व और निरंतर निगरानी एवं प्रतिबद्धता के साथ यह प्रयास करेंगे कि स्वयं और अपने अधीनस्थों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रचार और प्रसार के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। एनटीपीसी ऊंचाहार में आज से प्रारंभ हुए हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर उक्त राजभाषा प्रतिज्ञा परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई। इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने कहा कि राजभाषा हिंदी का संसार बहुत व्यापक व विशाल है और हम सब एनटीपीसी के लोग राजभाषा के संवर्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान-निष्ठावान रहते हुए इसको अपने कार्यालयीन कामकाज में निरंतर प्रयोग करते रहेंगेहिंदी दिवस के उपलक्ष में परियोजना प्रमुख ने सभी कर्मचारियों के नाम एक लिखित संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने सभी से हिंदी भाषा में काम करने की अपील की। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने तकनीकी कर्मचारियों की बैठक करते हुए कहा कि तकनीक के क्षेत्र में भी हिंदी की पैठ गहराई से बन रही है। इसलिए इस क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारी इसे एक अभियान की तरह लें और हिंदी में काम करें। श्री अग्रवाल ने भी राजभाषा प्रोत्साहन की शपथ दिलाते हुए एनटीपीसी में किए जा रहे हिंदी के क्षेत्र में कार्यों की सराहना की
मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा दे शर्मा ने सभी कर्मचारियों का आह्वाहन किया कि वे स्वयं हिंदी अपनाएं तथा अपने आसपास के लोगों के लिए भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित करें। उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विनायक प्रकाश शॉ ने बताया कि एनटीपीसी ऊंचाहार में हिंदी पखवाड़ा 14 सितंबर से 28 सितंबर तक मनाया जाएगा। पखवाड़े के अंतर्गत एनटीपीसी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, महिलाओं तथा बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा कईं तरह के अन्य कार्यक्रम व विचार गोष्ठियां भी आयोजित की जाएगी। शुभारंभ अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला में मनाया गया हिंदी दिवस

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मातृभाषा हिंदी के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया और इसके ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही हिंदी निबंध लेखन, पोस्टर, स्लोगन, दोहे और काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी। प्रार्थना सभा में छात्रों द्वारा हिंदी भाषा के अक्षरों को प्रदर्शित करते हुए प्रस्तुत किया गया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। तत्पश्चात हिंदी शिक्षक धर्मेन्द्र शुक्ला ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व को समझाया और बताया कि 14 सितम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषा के रूप अपनाया, तभी से यह दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को हिंदी भाषा के प्रति आकर्षित करते हुए 卐बहुभाषन को सामाहित कर अस्तित्व प्रधान बनी हिंदी,जब मानस का मन झूम उठे उस भाव का तान बनी हिंदी卐 जैसा गीत सुनाया और बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने किस प्रकार विदेशी धरती पर मंच से हिंदी में भाषण देकर अपने देश का मान बढ़ाया
कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है हमें इसे संजो कर रखना चाहिए। हमें हिंदी के महत्व को समझते हुए इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए और हिंदी के साहित्य एवं संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के उप -प्रधानचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, अभिषेक श्रीवास्तव, राम किशोर, रश्मी साहू, पूजा सिंह, मंजरी श्रीवास्तव, प्रमोद अवस्थी, राम मिलन, महेन्द्र कुमार, सोनी पाण्डेय, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनएसपीएस के संस्थापक-प्रबंधक ने जनमानस को समर्पित की स्वर्ग विमान बस सेवा

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डा. शशिकांत शर्मा द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में आज स्वर्गीय विमान बस सेवा जनपद वासियों के लिए समर्पित की गई। संकट मोचन धाम मंदिर ट्रस्ट को संचालन के लिए बस की चाभी सौंपते हुए डॉ शर्मा ने बताया कि जनपद वासियों के लिए की गयी यह सेवा मुझे इस बात का सुकून देती रहेगी कि मै किसी के दु:ख में उसके साथ सम्मिलित हूँ। माता-पिता के आशीर्वाद से ईश्वर ने मुझे इस काबिल बनाया है कि मै जनता की सेवा कर सकूं, पूरे जनपद में अंतिम संस्कार सेवा के लिए अब तक एक ही साधन उपलब्ध था ,जनपद को ऐसी एक सेवा की बहुत आवश्यकता थी। समाज में जब किसी के ऊपर ऐसा दु:ख पड़ता है तो उसे उस वक्त कुछ नहीं सूझता, ऐसे में मैने महसूस किया कि कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे आम जन मानस को ऐसे समय में सम्बल प्राप्त हो जब उसके पास कोई साधन उपलब्ध नहीं होता। ईश्वर की कृपा बनी रही तो आने वाले समय में ऐसी ही और सुविधाएं मै जनता के बीच उपलब्ध कराता रहूँगा। इसके पूर्व डॉ शर्मा ने संकट मोचन धाम मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए और भगवान से विश्व शान्ति का आशीर्वाद माँगा। इस अवसर पर क्षेत्र की सभासद पुष्पा यादव, विद्यालय अध्यक्ष शिवाकांत शर्मा, एनएसपीएस त्रिपुला के प्रधानचार्य शिवलखन प्रजापति, एसएसबीवीएम के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, शिवकरन पाल, देव शंकर शुक्ला, अंजू त्रिपाठी, आदित्य मिश्रा, रामाशंकर पाठक, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, संजय सिंह, सहित मंदिर ट्रस्ट के संचालक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

हर हर महादेव के नारो के साथ सेमरौता से रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी

हर साल की तरह इस साल भी जिले के सेमरौता कस्बे से सत्रहवीं विशाल पग यात्रा शुरु हुई।जो माँ गंगा के घाट डलमऊ से जल भरकर अवशानेश्वर में जलाभिषेक के लिए रवाना हुई।शिव भक्तों में गजब का उत्साह देखा गया।सेमरौता के शिव भक्तों ने कांवरियां बाबा दतेहरेश्वर धाम व उजियार नाथ मंदिर में दर्शनोपरांत गाजा बाजा, गोला तमाशा के साथ भक्तिमय गीतों पर कस्बे में भ्रमण किया।जहां पर क्षेत्रीय नागरिकों ने कांवरियों का भव्य स्वागत किया।कांवरियों के बिदाई समारोह में व्यवसाई शिव गोबिंद गुप्ता,रामबरन व रामू गुप्ता द्वारा प्राथमिक विद्यालय सेमरौता के निकट विशाल भण्डारा आयोजित किया गया।जिसमें शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।सेमरौता के रामगंज चौराहा पर राम प्रकाश प्रजापति द्वारा खीर वितरित की गई। कांवरियों की भीड़ से इलाका भक्तिमय नजर आ रहा था। इस यात्रा में बद्री विशाल वैश्य,राजेश वैश्य, सहयोगी राकेश सैनी,ऋतिक सैनी, प्रभांशु,राजा सैनी,शिवा,राजनकश्यप शिवम एवं अन्य भक्तगण उपस्थिति रहे।

विवादित बयान को लेकर भाजयुमो ने अखिलेश यादव का फूंका पुतला,

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। भारतीय जनता युवा मोर्चा अयोध्या महानगर जिला के संयुक्त तत्वाधान में आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा दिए गए संतों पर विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का पुतला अयोध्या के पुष्पराज चौराहे पर दहन किया इस अवसर पर युवा मोर्चा अयोध्या महानगर के अध्यक्ष रवि शर्मा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा ,युवा मोर्चा महानगर महामंत्री सार्थक प्रताप तिवारी,अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सूरज सोनकर नितिन पांडेय कार्यालय प्रभारी आयुष पांडेय जिले के उपाध्यक्ष भरत श्रीवास्तव उपाध्यक्ष पवन चौरसिया कैलाश मिश्रा उपाध्यक्ष महानगर अमन तिवारी बिट्टू महानगर समिति सदस्य दीपक महानगर मंत्री सुरेंद्र सिंह सौरभ मौर्य और वैभव श्रीवास्तव ऋषभ श्रीवास्तव सूरज विश्वकर्मा विकास द्विवेदी अजीत शुक्ला आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हिंदी हर भारतवासी को एकता के सूत्र में बांधती है: शिखा दूबे

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में हिंदी दिवस धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर जहां जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए तो वहीं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि हिन्दी को समर्पित यह दिवस प्रत्येक देशवासी को अहसास कराता है कि हम हिन्दी हैं और हिन्दी हमारी पहचान है, जिसे आगे बढ़ाना हर भारतीय का कर्म और धर्म है। हिंदी हर भारतवासी को एकता के सूत्र में बांधती है।14 सितंबर 1949 को हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा घोषित किया गया था। इस फैसले का उद्देश्य सरकारी कामकाज के लिए एक साझा भाषाई आधार स्थापित करना था। इसके बाद 1953 से राजभाषा प्रचार समिति द्वारा हर साल 14 सितंबर को हिंदी द?िवस मनाने की घोषणा की गई। आर डी पांडेय ने कहा कि सभी भारतीय भाषाएं हमारा गौरव और विरासत हैं लेकिन हिंदी हमारे लिए एक भाषा मात्र नहीं अपितु हमारी पहचान है। हिन्दी हमारे इतिहास, संस्कृति और हमारी पहचान का अटूट हिस्सा है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

कांग्रेस के स्वतंत्रता संग्राम प्रकोष्ठ के मासिक बैठक स्वतंत्रता संग्राम प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनिल मिश्रा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कांग्रेस पार्टी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पार्टी है अपनी स्थापना से ही कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने देश को आजादी की लड़ाई में अपना जीवन समर्पित कर दिया स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार का सम्मान कांग्रेस पार्टी सदैव करती आई है उन्होंने कहा कि हम सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के साथ देश और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि देश को आजाद करने में आपके पूर्वजों ने जो लड़ाई लड़ी है देश सदैव उसका आभारी रहेगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और संघर्ष से हमें अंग्रेजों की दास्ता से मुक्ति मिली इस मौके पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री ने बताया कि शहीद स्मारक मुंशीगंज के सुंदरीकरण के लिए कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी संगठन ने माननीय जिलाधिकारी को सुझाव पत्र देकर ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करने की मांग की ताकि आने वाली पीढ़ियां को स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े संघर्षों और बलिदानों की जानकारी दी जा सके कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में मुख्य रूप से अजय संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

स्काउट गाइड का तृतीय सोपान का शिविर 21 सितम्बर से

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

स्काउट गाइड का तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन तहसील प्रभारी जितेन्द्र यादव एवं तहसील सचिव अखिलेश मौर्य के सूचना अनुसार सदर तहसील के अन्तर्गत 21/09/ 2024 से 25/09/ 2024 के बीच श्री राम लाल संतराम इंटर कॉलेज दिलासीगंज के बीच में तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया जायेगा। इस शिविर में द्वितीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट एवं गाइड का प्रतिभाग तहसील सदर के समस्त प्रधानाचार्य एवं स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन को अवगत कराया जा रहा है।
सभी प्रधानाचार्य अपने विद्यालय से द्वितीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट गाइड को प्रतिभाग करायें।

थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रामगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।इसके अतिरिक्त डीएम ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं, उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं,चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली,चकमार्ग पर कब्जे,सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे,अवैध अतिक्रमण आदि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए।और जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

पुस्तकालय की स्थापना ग्रामीण बच्चों के लिए वरदान

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिलाधिकारी निशा अनंत की महत्वाकांक्षी योजना जनपद के सभी विकास क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना ग्रामीण बच्चों के लिए वरदान सिद्ध होगी।जिलाधिकारी द्वारा जनपद कार्यालय पर निश्शुल्क पुस्तकों का संकलन शिक्षक एवं कर्मचारियों के माध्यम से कराया गया है। जनपद कार्यालय से सभी विकास क्षेत्रों में व ग्राम पंचायतों पर पुस्तकालय स्थापना हेतु पुस्तकें भेजी जा रही हैं।पुस्तकालय स्थापना की इसी महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत सभी विकास क्षेत्रों में कुछ ग्राम पंचायतों में शनिवार को पुस्तकालय स्थापना समारोह का आयोजन किया गया।इसी क्रम में ग्राम पंचायत सचिवालय भेलाई कला पर स्थापित पुस्तकालय का उद्घाटन धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अमेठी जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया।धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ये पुस्तकालय गांव के बच्चों के लिए वरदान सिद्ध होगा। पुस्तकालय से ग्रामीण बच्चों को प्रतियोगिता की तैयारी में सहायता मिलेगी।बच्चे पुस्तकालय से पुस्तकें प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी घर पर ही रहकर कर सकेंगे। पुस्तकों के अध्ययन से हमारे जीवन में प्रकाश की अनुभूति होती है। उन्होंने जिलाधिकारी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान, शिक्षकगण छात्र-छात्राएं एवम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

हिन्दी दिवस पर हिन्दी भाषा ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। जनता अवध इण्टर कॉलेज अयोध्या धाम में हिन्दी दिवस पर आयोजित हिन्दी भाषा ज्ञान प्रतियोगिता कुल तीन वर्गों (पूर्व माध्यमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक) में 100 से अधिक छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रत्येक वर्ग से तीन तीन सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 09 मेधावियों को विद्यालय के यशश्वी प्रधानाचार्य श्री वीर विक्रमादित्य सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले मेधावियों में क्रमशः आरजू असलम, दिनेश यादव, नितीश कुमार पूर्व माध्यमिक वर्ग से, कार्तिक वैश्य, खुशी पाण्डेय,अर्नी मिश्रा माध्यमिक वर्ग से और हृदयांश शुक्ल,सृजल सिंह, आयुषी त्रिपाठी उच्चतर माध्यमिक वर्ग से पुरस्कृत और सम्मानित हुए हैं।

अयोध्या जनपद में अब तक 626 स्कूलों को स्मार्ट क्लास के रूप में किया गया कन्वर्ट

रामनगरी अयोध्या में स्कूलों को ‘स्मार्ट’ बनाने पर फोकस कर रही योगी सरकार

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

योगी सरकार ने राज्य के बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प के लिए एक बीड़ा उठाया है। प्रदेश के विद्यालयों को आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का माध्यम बनाया जा रहा है जहां गरीबों के बच्चों को भी कॉन्वेंट स्कूलों के तर्ज पर सुविधाएं मिलें। इसी क्रम में, रामनगरी में स्कूलों को %स्मार्ट% बनाने पर यूपी सरकार फोकस कर रही है। अयोध्या जनपद में अब तक 626 स्कूलों को स्मार्ट क्लास के रूप में कन्वर्ट किया गया है। यहां आधुनिक तकनीक की मदद से गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कराई जा रही है। स्मार्ट क्लास में 75 इंच के प्रोजेक्टर पर बच्चों को करिकुलम पढ़ाया जा रहा है। साथ ही, दीक्षा पोर्टल से इसे कनेक्ट कर विभिन्न एजुकेशनल कॉन्टेंट के प्रसार को बच्चों के लिए आसान बनाया जा रहा है।

स्मार्ट क्लास शिक्षण कार्य की दिशा में नया कदम

बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया अयोध्या मे शिक्षा प्रणाली में आधुनिक तकनीक का समावेश करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत, बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों को इंटरैक्टिव बोर्ड, डिस्प्ले और आधुनिक ऑडियो-विजुअल सेटअप से युक्त किया गया है। यह कदम न केवल शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार लाएगा बल्कि छात्रों के लिए एक बेहतर लर्निंग एक्सपीरियंस भी सुनिश्चित करेगा। स्मार्ट क्लास में छात्रों को ऑनलाइन संसाधनों तक आसानी से पहुंच मिलती है। छात्रों को पढ़ने में ज़्यादा मज़ा आता है और वे तनाव से बचे रहते। योगी सरकार के विजन अनुसार इस सत्र में अयोध्या के सभी स्कूलों को स्मार्ट क्लास के रूप में बदलने पर हो रहा है काम। वही कॉन्वेंट स्कूल्स की तर्ज पर सरकारी विद्यायलों में पुस्तकालय व कंप्यूटर रूम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

विभिन्न उपकरणों के इस्तेमाल से सीखने के अनुभव को बढ़ाती है %स्मार्ट क्लास%

स्मार्ट क्लास शिक्षा का एक आधुनिक तरीका है जिसमें डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल करके सीखने का अनुभव बेहतर किया जाता है। स्मार्ट क्लास में, छात्रों को पढ़ाने के लिए इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, मल्टीमीडिया डिवाइस, और इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसे उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता हैं।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस ।

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के बादल छाए रहने के कारण मध्य से तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0सें0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0सें0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे के साथ

गणपति बप्पा की मूर्तियों का हुआ विसर्जन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के इन स्थानों पर कृत्रिम तालाबों में बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया गया

- बिठूर नया पक्का पुल घाट
- बंदी माता घाट
- मैस्कर घाट
- गोला घाट
- कोयला घाट
- ड्योढी घाट
- सिद्धनाथ घाट
- परमट घाट
- पनकी नहर के किनारे
- गंगा बैराज के निकट

शहर भर में इस वक्त गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ की धूम है। गंगा के घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित सुनिश्चित स्थान पर मूर्तियों के विसर्जन का क्रम लगातार जारी है। शहर भर में गाजे-बाजे के साथ लाल,हरा ,गुलाबी, गुलाल उड़ते हुए गणपति बप्पा के भक्त बप्पा के भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ का जयकारा लगाते हुए की मूर्ति का विसर्जन करते हुए देखे जा सकते हैं। ऐसा ही कुछ नजर बीते दिन शनिवार की दोपहर चौबेपुर कस्बे में भी देखने को मिला। जहां पर गणपति बप्पा के मूर्ति विसर्जन का जुलूस श्रद्धालुओं द्वारा बड़े ही धूमधाम से निकल गया। यह जुलूस कस्बे के विभिन्न हिस्सों से होता हुआ बंदी माता घाट पर जाकर समाप्त हुआ। जहां पर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर ही मूर्ति का विसर्जन किया गया। जुलूस के दौरान हजारों की तादाद में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष बच्चे गणपति बप्पा मोरया, देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन, गीतों पर नाचते हुए नजर आए। विघ्नहर्ता की मूर्ति को सभी भक्तों ने नम आंखों से विदाई दी। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से चौबेपुर थाना प्रभारी राजेंद्रकांत शुक्ला अपने सहयोगियों के साथ जुलूस के आगे चल रहे थे। जुलूस के दौरान जगह पर श्रद्धालुओं के लिए क्षेत्रीय जनता व दुकानदारों के द्वारा स्टॉल लगाकर प्रसाद और जलपान की व्यवस्था की गई थी। पूरे जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया। इसी प्रकार शहर के विभिन्न हिस्सों में गणपति बप्पा के विसर्जन के जुलूस देखने को मिले। इतना ही नहीं घरों में विराजमान किए हुए गणपति बप्पा की प्रतिमाएं श्रद्धालु भक्त हाथों में उठाए हुए विसर्जन करने ले जाते हुए नजर आए।

ट्रेन में किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले रेलकर्मी को यात्रियों ने मारा, किशोरी ने दिया बयान

जन एक्सप्रेस
फॉलो अप
कानपुर नगर



चलती ट्रेन मे किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले रेलकर्मी को यात्रियों ने पीटा, इलाज के दौरान मौत

पोक्सो एक्ट मे मामला दर्ज

जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि गोपालगंज की एक महिला ने अपनी 11 वर्षीय बेटी के साथ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट और 74 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। चूंकि कथित घटना ऐशबाग के पास हुई थी इसलिए मामले को वहां स्थानांतरित कर दिया गया है। ट्रेन मे आरोपी की पिटाई की गई थी। के.पी.एम. मे भर्ती आरोपी की मौत की सूचना कलेक्टर गंज पुलिस को दी गई। जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी। प्रशांत के चाचा आर सिंह गुरुवार सुबह कानपुर आए। इसके बाद पंचनामा की कार्यवाही पूरी कराई गई। देर शाम पोस्टमार्टम भी कर दिया गया।

ग्रुप डी मे कार्यरत था आरोपी

जीआरपी की शुरुआती जांच मे यह भी पता चला है कि किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी प्रशांत अपने पिता एस.कुमार की सेवा के दौरान मौत के बाद मृतक आश्रित के तौर पर ग्रुप डी मे कार्यरत था। वह मूल रूप से सरमस्तपुर मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला था। वह किसी निजी काम से सीवान बिहार से नई दिल्ली जाने के लिए क्लोन एक्सप्रेस मे सवार हुआ था।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मृतक रेलकर्मी के शरीर पर चोट के 31 निशान

रेलकर्मी प्रशांत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। प्रशांत का पोस्टमार्टम कर रहे बिधनू के डॉक्टर अवधेश यादव और साढ़ के डॉक्टर विशाल ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। प्रशांत के शरीर पर चोटों के 31 निशान मिले हैं। प्रशांत के शरीर की 7 जगह खाल उधड़ी थी एवं 9 पसलियां टूटी थीं। इसके अलावा 15 और पिटाई के निशान मिले हैं।

बीते दिन गुरुवार को हमसफर ट्रेन मे सफर करने के दौरान रेलकर्मी ने किशोरी के साथ छेड़खानी करी थी। इस बात की जानकारी होते ही दूसरे मुसाफिरों ने रेलकर्मी को पीट-पीटकर मार डाला। सूत्रों का कहना है कि लगभग छह घंटे तक वह लोगों के पैरों तले कुचलता रहा। दूसरी ओर किशोरी ने अपना बयान जी.आर.पी. मे दर्ज करा दिया है। किशोरी ने जीआरपी को बताया कि अंकल सवा घंटे तक उसके साथ छेड़छाड़ कर परेशान करते रहे। इस दौरान एक बार मां को बताने का प्रयास किया तो उन्होंने डरा दिया। हालांकि आरोपी रेलकर्मी की मौत के बाद अब यह मामला बंद कर दिया जाएगा। मृतक के परिजन तहरीर देते हैं तो जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

रेलकर्मी का शव पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की सुबह उसके चाचा जय प्रकाश को सौंप दिया गया। एस.पी. जी.आर.पी. प्रयागराज अभिषेक यादव ने बताया कि इस मामले मे कार्यवाही की जा रही है। बालिका की मां ने जो तहरीर जी.आर.पी. को दी है उसके मुताबिक रात करीब 2:30 बजे ट्रेन ऐशबाग स्टेशन से आगे निकली थी। इस दौरान बेटी ने अलग ले जाकर सूचना दी और बताते-बताते रोने लगी।

उन्होंने लाइट जलाई और रेलकर्मी के पास पहुंची। वह चादर ओढ़कर लेटा था। उसकी चादर हटाई और पूछा छोटी बच्ची के साथ गंदी हरकत करते हुए शर्म नही आती। इसके बाद आसपास के यात्री भी जाग गए। थोड़ी देर मे शोरगुल होने लगा और यात्रियों ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की बात सुनते ही रेलकर्मी को पीटना शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे बाद टी.ई.टी. और सुरक्षा स्टाफ पहुंचा। पति ने 139 पर सूचना दी थी। मां ने तहरीर मे यह भी कहा है कि लोगों के सहयोग से पकड़कर आरोपी को लाए हैं। तहरीर के बाद जी.आर.पी. ने किशोरी के बयान दर्ज किए। बालिका ने कहा कि अंकल बार-बार पास आते थे और छेड़छाड़ करते थे, परेशान करते थे। करीब सवा घंटे तक अंकल ने गलत हरकत की। इसी दौरान मां टॉयलेट जाने लगी तो उन्हें बताने का प्रयास किया। इस पर अंकल ने डराया, मै डर गई।

मां के वापस आने पर टॉयलेट जाने के बाद बहाने से उन्हें साथ ले गई और पूरी बात बताई।

सांसद ने पनकी पड़ाव क्रॉसिंग का निरीक्षण कर सेतु निगम से मांगी रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शनिवार को सांसद रमेश अवस्थी और विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पड़ाव क्रॉसिंग का दौरा किया। सांसद ने कहा कि इस क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर मंजूर है पर डिजाइन बदली गई है अब एल के बजाय टी डिजाइन में फ्लाईओवर बनेगा। इसकी विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर सात दिनों में दें ताकि इस पर जल्द काम शुरू कराया जाए।

विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा की केंद्र और राज्य सरकार से इसकी संस्तुति पहले ली जा चुकी है। इस दौरान सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक, प्रोजेक्ट मैनेजर एके सिंह, अनूप अवस्थी, मंडल अध्यक्ष प्रशांत पाल आदि भी मौजूद रहे।

कालिंदी एक्सप्रेस को उड़ाने वाले शातिर, पुलिस से भी दो कदम आगे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साजिश मे शामिल मौलाना की तलाश मे एजेंसियां

सुरक्षा एजेंसियां रास्ता तो ठीक पकड़े हैं लेकिन दहशतगर्द हाथ आने से पहले ही फुर्र हो जा रहे हैं। हादसे के बाद एजेंसियों को मौलाना के ईस्ट जोन के एक होटल मे रुकने की जानकारी मिली थी। जब मौलाना निकल गया तो टीम उसको ट्रेस करने मे जुटी। अब मौलाना की फुटेज मुजफ्फरनगर के सहारनपुर लाडवाला बस स्टेशन पर मिली है। यहां से मौलाना दिल्ली की बस मे बैठकर जाते हुए देखा गया है। बस पुलिस ने अब दिल्ली का रुख कर लिया है। वहीं रेलवे टिकट कोलकाता का मिलने की वजह से एक टीम कोलकाता के रेलवे स्टेशन के फुटेज खंगालने मे लगी है। मुजफ्फरनगर गई टीम सहारनपुर लाडवाला बस अड्डे से दिल्ली के रूट को ट्रेस कर रही है। मौलाना की तलाश मे लगी एजेंसी के सूत्रों का दावा है कि मौलाना के हाथ लगते ही इस ऑपरेशन मे बड़ी सफलता मिलेगी। साथ ही एजेंसियों को जो दूसरा इनपुट मिला है। वह इससे बड़ी वारदात का है लिहाजा अलर्ट जारी कर दिया गया है।

घटना को अंजाम देने के मुजफ्फरनगर पहुंचे थे दहशतगर्द

एजेंसी के सूत्रों की मानें तो कानपुर से निकलकर दहशतगर्द मुजफ्फरनगर पहुंचे थे। वहां से 18 घंटे महफूज ठिकाने पर रहने के बाद शहर छोड़कर दूसरे प्रदेश के लिए निकले थे। बस स्टॉप से मिले फुटेज के आधार पर एजेंसी लगातार उसकी ट्रेसिंग मे जुटी हैं।

बीते रविवार को कालिंदी एक्सप्रेस को उड़ाने की नाकाम कोशिश के बाद जांच मे लगी एजेंसियां परत दर परत जिस तरह से जांच कर रहीं हैं उससे कहीं आगे शातिर दिखाई दे रहे हैं। ट्रेन मे धमाके की कोशिश करने वालों का इनपुट तो एजंसियों को मिल रहा है। लेकिन देर से, दरअसल दहशतगर्द सुरक्षा एजेंसियों से दो कदम आगे चल रहे हैं।

चार दिन के अंदर एक ही परिवार में दो बच्चों की मौत, सदमे में परिवार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पंखे से कटी उंगली, टिटनेस से हुई मौत

सूरज के तीसरे नंबर के बेटे दिव्यांशु की एक महीने पहले पंखे से उंगली कट गई थी। इलाज के बाद वह ठीक हो गया था। लेकिन बीते बुधवार को दिव्यांशु के शरीर मे अचानक अकड़न शुरू हो गई। घबराए परिजन उसे तुरंत घाटमपुर सीएचसी ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान शनिवार सुबह दिव्यांशु की भी मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे की मौत टिटनेस के संक्रमण के कारण हुई।

चार दिन के अंदर दो बच्चों को मौत से परिवार में मचा कोहराम

चार दिनों के भीतर घर मे दो बच्चों की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। परिजनों की आंखों मे आंसू थमने का नाम नही ले रहे हैं। वहीं पूरे इलाके मे शोक की लहर दौड़ गई है। इस दर्दनाक घटना ने स्थानीय लोगों को भी झकझोर कर रख दिया है और यह घटना क्षेत्र मे चर्चा का विषय बन गई है। दिव्यांशु का अंतिम संस्कार शनिवार को मूसानगर स्थित यमुना नदी के किनारे कर दिया गया। दो बच्चों की अचानक मौत से सूरज और सीता का परिवार गहरे सदमे मे है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी त्रासदी से उबरना परिवार के लिए बेहद मुश्किल होगा।

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जताई नाराजगी

परिजनों और ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और समय पर उचित देखभाल न मिल पाने पर भी चिंता जताई है। ऐसे मामलों मे जागरूकता और सही इलाज का समय पर न होना गंभीर परिणामों का कारण बन सकता है। जैसा कि इस परिवार के साथ हुआ। अब लोग स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति को सुधारने और जागरूकता फैलाने की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य मे ऐसी घटनाओं को होने से रोका जा सके।

घाटमपुर इलाके मे एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। चार दिन पहले बड़ी बहन की बीमारी से मौत के बाद अब छोटे भाई की टिटनेस के कारण जान चली गई। इस घटना ने न केवल परिवार को गहरे शोक मे डाल दिया है बल्कि पूरे इलाके मे मातम का माहौल पैदा कर दिया है।

घटना घाटमपुर के आछी मोहाल की है। जहां मजदूर सूरज शंखवार और उनकी पत्नी सीता अपने चार बच्चों के साथ रहते हैं। कुछ दिन पहले उनकी सबसे बड़ी बेटी श्रेया 14 वर्ष को बुखार हो गया। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। श्रेया को तुरंत घाटमपुर सीएचसी ले जाया गया। लेकिन उसकी हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान बीते बुधवार को श्रेया की मौत हो गई। इस घटना से परिवार पहले ही शोक मे डूबा था।

योगी का चला हंटर वकील अवैध कब्जा करने पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीती 2 अप्रैल 2024 को विधवा चंद्रावती पुत्री स्वर्गीय चंद्रपाल निवासी राजकीय उन्नयन बस्ती कल्याणपुर के द्वारा डी सी पी पश्चिम को दिए गए शिकायती पत्र पर फर्जी दस्तावेजों के बल पर समाज कल्याण विभाग द्वारा आवंटित 1 एकड़ भूमि पर अधिवक्ता श्याम सिंह राणा निवासी सी टी एस बस्ती कल्याणपुर के द्वारा जबरन कब्जा कर अवैध निर्माण करने मारपीट करने हत्या करने की धमकी देने के मामले में 1 मई 2024 को पारित हाई कोर्ट के अनुपालन में अभियोजन से विधिक राय ली गई कुछ दिन पहले माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा भू माफियाओं और जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे व्यक्तियों को ना बक्सने के निर्देश पर भूमाफिया श्याम सिंह राणा के खिलाफ अनेक संगीन धाराओं में थाना कल्याणपुर द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया मामले की विवेचना इंस्पेक्टर श्री संजीव कुमार को सौंपी गई है जांच में श्याम सिंह राणा द्वारा कई अन्य आवंटियों की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के प्रकरण सामने आने की संभावना है।

भाजपा नेताओं ने कानपुर ग्रामीण में चलाया सदस्यता अभियान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीजेपी पार्टी द्वारा वृहद सदस्यता अभियान के अंतर्गत बीते दिन शनिवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। इसके तहत कानपुर ग्रामीण के मंडल पतारा के ग्राम तिलसड़ा के बूथ नंबर-155 क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा के साथ सदस्यता कराई। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने स्वयं बूथ के प्रत्येक घर पर ग्रामवासियों के साथ बैठकर उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

वहीं जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण दिनेश कुशवाहा ने हर घर-घर मे जाकर मिस्ड कॉल- 8800002024 कराकर और फॉर्म भराकर सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान ग्रामवासियों मे भाजपा की सदस्यता लेने को लेकर बहुत उत्सुकता देखने को मिली। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रत्येक बूथ मे जाकर 200 से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया है जिसे लेकर हम सभी कई बूथों मे लक्ष्य पूरा कर चुके हैं और कमजोर बूथों मे जाकर सदस्यता के लिए कार्यकर्ता कार्यरत है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि महाजनसंपर्क अभियान मे बीजेपी अपना पूरा जोर लगाएगी। पार्टी के पदाधिकारी इस दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएंगे। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने सभी नेताओं को इसे सफल बनाने के लिए पूरा जोर लगाने के निर्देश दिए हैं। बीजेपी कार्यकर्ताओं लोगों के घरों मे जाएंगे और पार्टी की विचारधारा के बारे मे लोगों को बताएंगे और उन्हें बीजेपी के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

भाजपा की प्राथमिक सदस्यता प्राप्त करने कि लिए कोई भी देशवासी 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल कर बीजेपी की सदस्यता ले सकता है।

इसके साथ ही नमो एप के जरिए भी बीजेपी की सदस्यता ली जा सकती है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से क्षेत्रीय सदस्य रामकुमार द्विवेदी जी, जिला महामंत्री वेदव्रत सचान, मंडल अध्यक्ष पतारा कुलदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष रेउना सौरभ कुशवाहा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमोल सिंह, रणविजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह, ग्राम प्रधान सुलेखा कुशवाहा, मनीष शर्मा, दीपू कुशवाहा, कृष्णकान्त सविता सहित अधिक संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित रहे।

गंदे पानी मे सब्जी धोते दिखाई दिया वेंडर पुलिस ने वायरल वीडियो का लिया संज्ञान



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पुलिस की जांच और घटना की सच्चाई

वीडियो के वायरल होने के बाद कानपुर पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू कर दी। पुलिस जांच में पाया गया कि सब्जी विक्रेता नौशाद का ठेला पलट गया था। जिससे ठेले पर रखी भिंडी सड़क पर गिर गई थी। वह सड़क पर गिरी भिंडी को उठाकर वापस ठेले मे रख रहा था। उसी दौरान किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर दिया। पुलिस ने यह भी बताया कि घटना को गलत संदर्भ मे लिया गया और नौशाद का मकसद गंदे पानी मे सब्जी धोना नही था। बल्कि वह अपनी गिरी हुई सब्जी को समेट रहा था।

घटना को लेकर जनता ने जताई नाराजगी

इस वीडियो के वायरल होने के बाद कानपुर मे लोग इस घटना को लेकर नाराज है और इसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया कि मामले मे गलतफहमी हुई है और सब्जी विक्रेता का कोई बुरा इरादा नही था।

घटना सोशल मीडिया पर तेजी से हो रही वायरल

यह घटना एक सामान्य गलती से शुरू हुई और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। जिससे जनता मे गलतफहमी पैदा हो गई। हालांकि पुलिस की जांच से स्थिति स्पष्ट हो गई है लेकिन यह घटना सोशल मीडिया के प्रभाव और वायरल वीडियो के परिणामों को भी दर्शाती है।

उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो मे एक सब्जी विक्रेता सड़क किनारे गड्ढों मे भरे गंदे पानी मे भिंडी धोता नजर आ रहा है। हालाकि जन एक्सप्रेस अखबार इस वीडियो की पुष्टि नही करता है।

घटना के दौरान वहां से गुजरने वाले राहगीरों ने इस पर आपत्ति जताई और सब्जी धोते हुए विक्रेता का वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा कर दिया गया। जिससे यह मामला चर्चा का विषय बन गया। हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि किसी आधिकारिक स्रोत द्वारा नही की गई है।

सूत्रों कि माने तो यह वीडियो कानपुर के चौबेपुर बेला रोड इलाके का है। जहां एक सब्जी विक्रेता बारिश के बाद सड़क किनारे हुए जलभराव के गंदे पानी मे अपनी सब्जी धो रहा था। राहगीरों ने यह देखा और आपत्ति जताते हुए पूरी घटना का वीडियो बना लिया।

जब लोगों ने उससे उसका नाम पूछा। तो उसने अपना नाम नौशाद बताया। वीडियो के वायरल होने के बाद कानपुर की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक महीने से लापता ट्रैफिक का सिपाही, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही घर से ड्यूटी के लिए निकला और रास्ते से लापता हो गया। मामले की जानकारी पर सिपाही के झांसी निवासी चाचा ने पुलिस कमिश्नर से तलाश के लिए गुहार लगाई। सीपी के आदेश पर अब पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की है। जालौन निवासी प्रेम बाबू ने बताया कि पंकज पाल ट्रैफिक पुलिस में कांस्टेबल हैं। पंकज की शादी हमीरपुर के मौदहा कस्बे के एक गांव में सीमा से 25 अप्रैल 24 को हुई थी। वह जुलाई 2024 में फतेहगढ़ से कानपुर ट्रांसफर होकर आया है। इसके बाद वह पत्नी सीमा के साथ गीतानगर काकादेव में किराये के मकान लेकर रह रहा था। यहीं, कुछ दूरी पर पंकज का साला राघव भी किराये का कमरा लेकर नीट की कोचिंग कर रहा है। सीमा 8 अगस्त 24 को एक परीक्षा देने के लिए झांसी गईं थीं। पंकज कमरे में अकेले थे और राघव आता जाता था। बताया कि 12 अगस्त की सुबह 11:30 बजे राघव अपने बहनोई के घर जा रहा था। इस दौरान पंकज से रास्ते में मुलाकात हुई। पंकज ने राघव को बताया कि वह ऑफिस जा रहा है। वापस लौटकर मिलने की बात कही।

अंतरराज्यीय चोर व टप्पेबाज गैंग की दो महिलाएं गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के रायपुरवा पुलिस ने जेब में नकली चेन-अंगूठी रखकर सराफा कारोबारियों से टप्पेबाजी करने वाली दो शातिर महिला टप्पेबाजों को जीटी रोड से गिरफ्तार किया है। महिलाएं सराफा दुकान में जाकर जेवर खरीदने के बहाने कारोबारी को नकली आभूषण थमाकर असली माल पार कर देते थीं। दोनों के पास से पुलिस ने चोरी की कई अंगूठी और तीस हजार रुपये बरामद किए हैं।

पकड़ी गई दोनों महिला टप्पेबाजों की पहचान शिवम एन्क्लेव जूही कला निवासी पूनम यादव और जरौली फेस टू नाले के पास बर्रा छह निवासी माया तिवारी के रूप में हुई है। दोनों ही यूपी और राजस्थान में सराफा कारोबारियों को निशाना बनाकर टप्पेबाजी और चोरी की वारदातों को अंजाम देती थीं। 26 जुलाई को दोनों रायपुरवा निवासी सराफा कारोबारी शुभम अग्रहरि की श्री आनंदेश्वर ज्वैलर्स नाम से संचालित दुकान में अंगूठी खरीदने के लिए पहुंची।

अंगूठियों को देखने के दौरान एक ने अंगूठी का वजन करने को कहा। जैसे ही अंगूठी के बॉक्स से शुभम व कर्मियों की नजर हटी, वैसे ही दूसरी महिला ने नकली अंगूठी बॉक्स में रखकर असली पार कर दी।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर

कश्मीर में दस वर्षों बाद होने जा रहे विस चुनावो में भाजपा का स्पष्ट कहना है कि वह कश्मीर को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्ति दिलायेगी और कश्मीर की कश्मीरियत स्थापित रखेगी। जम्मू व श्रीनगर में मेट्रो रेल प्रारंभ होगी। किसानों का बिजली बिल आधा ही लिया जाएगा। सौ हिंदू मंदिरों का पुनर्निर्माण करके कश्मीरी संस्कृति को सुरक्षित किया जाएगा। भाजपा प्रत्येक कश्मीरी महिला को अट्ठारह हज़ार रुपये प्रतिवर्ष व प्रति वर्ष दो गैस सिलेंडर भी नि:शुल्क देगी। वृद्धावस्था, विधवा और विकलांगता पेंशन को एक से तीन हज़ार रुपये कर दिया जाएगा।

कभी किसी जमाने की बात याद है न?! जब प्रत्येक राष्ट्रीय क़ानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था प्रथम दृष्ट्या, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं। 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था! शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- ÷अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं।÷ कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है? शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है।

एक्सप्रेस आलेख

सिंगापुर और भारत ने व्यापार संबंध बढ़ाने पर सहमत हुए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच इनका आदान प्रदान किया गया। दोनों देशों की यात्रा कौशल, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, एआई और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही। दोनों व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर सहमत हुए। मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की मौजूदगी में भारत और सिंगापुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ एईएम होल्डिंग्स लिमिटेड की सेमीकंडक्टर सुविधा का जायजा लिया। इसी प्रकार नरेंद्र मोदी की ब्रूनेई यात्रा भी उपयोगी साबित हुई।

लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट तक



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

वर्तमान में, लगभग चौदह हजार भारतीय ब्रुनेई में रह रहे हैं। ब्रुनेई के स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा क्षेत्रों के विकास और विकास में भारतीय डॉक्टरों और शिक्षकों के योगदान को अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है। नरेन्द्र मोदी ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया के निमंत्रण पर आधिकारिक यात्रा पर बंदर सेरी बेगवान पहुंचे थे।



दोनों देश एक सहस्राब्दी के इतिहास, संस्कृति और परंपरा से जुड़े हुए हैं। नरेन्द्र मोदी ने ब्रुनेई दारुस्सलाम में भारतीय उच्चायोग के नए चांसरी परिसर का उद्घाटन किया था। ब्रुनेई भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। ब्रुनेई ऊर्जा भंडार के लिहाज से काफी संपन्न है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुक ईस्ट नीति को एक्ट ईस्ट नीति में बदल दिया था। उनकी ब्रूनेई और सिंगापुर यात्रा से इस नीति को बल मिला है। एक्ट ईस्ट की नीति कारगर ढंग से आगे बढ़ाया गया। चीन विश्वास के लायक नहीं है। इसलिए मोदी ने ईस्ट एशीया देशों के साथ रिश्ते सुधारने पर बल दिया। मोदी की इस नीति से न केवल एशिया में चीन के वर्चस्ववादी रुख को धक्का लगा। इनमें से अनेक देश चीन की विस्तारवादी नीति को पसंद नहीं करते। यह बात आसियान में सामान्य सहमति का विषय है। केवल इसके लिए किसी को पहल करने की आवश्यकता थी। मोदी ने साहस के साथ पहल का ये काम किया। भारत और आसियान देशों के बीच अति प्राचीन सामाजिक व सांस्कृतिक रिश्ते रहे हैं। कई आसियान देशों में बौद्ध बहुसंख्यक हैं। सिंगापुर में तो नब्बे प्रतिशत आबादी बौद्धों की है। इसके अलावा इन सभी देशों में रामकथा व्यापक रूप से प्रचलित है। यहां के राजकीय प्रतीकों में रामायण से संबंधित चिन्ह मिलते हैं। इंडोनेशिया के मुसलमान भी रामायण संस्कृति पर विश्वास करते हैं। उन्होंने उपासना पद्धति बदली है, लेकिन अपनी सांस्कृतिक विरासत को नहीं छोड़ा। रामलीला का मंचन वहाँ बहुत लोकप्रिय है। ये सब भारत और आसियान देशों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाने वाले हैं। विदेश नीति का क्षेत्र व्यापक होता है। इसमें इतिहास, भूगोल, नेतृत्व आदि के अलावा संस्कृति संबंधी तत्व भी प्रभावी होता है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति को नया आयाम मिला है। उन्होंने संस्कृति को महत्वपूर्ण तत्व के रूप में प्रतिष्ठित किया है। एक्ट ईस्ट नीति की एक अन्य कारण से भी आवश्यकता थी। वह यह कि आसियान का विस्तार भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा तक हो गया था। म्यांमार, कम्बोडिया,लाओस और वियतनाम आसियान के सदस्य बने थे। इससे आसियान भारत के ज्यादा करीब हो गया। स्थापना के समय भारत से इसकी सीमा दूर थी। तब इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, सिंगापुर इसके सदस्य थे। ब्रुनेई,वियतनाम,म्यांमार बाद में सदस्य बने थे। इसीलिए मोदी ने आसियान को लेकर नीति में बदलाव किया। सिंगापुर में तो नब्बे प्रतिशत आबादी बौद्धों की है। इसके अलावा इन सभी

देशों में रामकथा व्यापक रूप से प्रचलित है। यहां के राजकीय प्रतीकों में रामायण से संबंधित चिन्ह मिलते हैं। इंडोनेशिया के मुसलमान भी रामायण संस्कृति पर विश्वास करते हैं। उन्होंने उपासना पद्धति बदली है, लेकिन अपनी सांस्कृतिक विरासत को नहीं छोड़ा। रामलीला का मंचन वहाँ बहुत लोकप्रिय है। ये सब भारत और आसियान देशों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाने वाले हैं। एक्ट ईस्ट नीति की एक अन्य कारण से भी आवश्यकता थी। वह यह कि आसियान का विस्तार भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा तक हो गया था। म्यांमार, कम्बोडिया, लाओस और वियतनाम आसियान के सदस्य बने थे। इससे आसियान भारत के ज्यादा करीब हो गया। स्थापना के समय भारत से इसकी सीमा दूर थी। तब इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, सिंगापुर इसके सदस्य थे। ब्रुनेई, वियतनाम म्यांमार बाद में सदस्य बने थे। इसीलिए मोदी ने आसियान

को लेकर नीति में बदलाव किया। सीमा की नजदीकी देखते हुए भू और समुद्री परिवहन को प्रोत्साहन देने के प्रयास किये गए। भारत के सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों के माध्यम से आपसी सहयोग बढ़ाने पर बल दिया गया। म्यांमार, थाईलैंड,भारत त्रिपक्षीय एक्सप्रेस-वे के द्वारा पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों की राजधानियां आसियान से जुड़ जाएंगी। भारत, नेपाल, बाग्लादेश, भूटान चारों को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण का कार्य जारी है। इसका भी आसियान के साथ परिवहन की दृष्टि से फायदा होगा। सभी आसियान देश आतंकवाद पर भी चिंता जाहिर करते है। इसके मुकाबले के लिए साझा रणनीति बनाने पर सहमति है। समुद्री परिवहन के नियमानुसार आजादी का विषय भी गंभीर है। चीन समुद्री क्षेत्र में नियम विरुद्ध ढंग से अपना हस्तक्षेप बढ़ा रहा है। वह कृत्रिम द्वीप और उनमें सैनिक अड्डों का निर्माण कर रहा है। इससे भी इस क्षेत्र के देशों की परेशानी बढ़ी है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में चीन की दबंगई के मुकाबले हेतु आसियान देश संयुक्त रूप से प्रयास करने पर सहमत हुए। यह तय हुआ कि समुद्री इलाके के न्याय संगत उपयोग के लिए साझेदारी बढ़ाई जाएगी। भारत और आसियान के कानून पर आधारित रणनीति बनाई जाएगी। पूर्वी एशिया में भारत का महत्व और विश्वसनीयता बढ़ी है। भारतीय उपमहाद्वीप के अलावा मध्य,पूर्वी और दक्षिण। पूर्वी एशिया में भी बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं। इनकी संख्या पचास करोड़ से अधिक है। चीन, जापान, वियतनाम, थाईलैण्ड, म्यांमार, भूटान, श्रीलंका, कम्बोडिया, मंगोलियालाओस, सिंगापुर,दक्षिण कोरिया एवं उत्तर कोरिया सहित तेरह देशों में बौद्ध धर्म प्रमुख धर्म है। नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया,रूस,ब्रुनेई, मलेशिया आदि देशों में भी बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं। इसके पहले नरेंद्र मोदी गणतंत्र दिवस पर आसियान देशों को आमंत्रित कर चुके हैं। इसमें बौद्ध सबसे बड़ा धर्म है। नरेंद्र मोदी ने एक सम्पूर्ण क्षेत्रीय संगठन मेहमान भारतीय गणतंत्र दिवस पर मेहमान बनाया था। आसियान के दस राष्ट्राध्यक्ष,गणतंत्र दिवस में मुख्य समारोह के गवाह बने थे। यह विदेश नीति का नायाब प्रयोग था। जिसे पूरी तरह सफल कहा गया था। इसने आसियान के साथ भारत के आर्थिक, राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों का नया अध्याय शुरू किया था।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथि: द्वादशी 18:12 तक
नक्षत्र: श्रवण 18:49 तक
पक्ष: शुक्ल
वार: रविवार
योग: सौभाग्य, 20:40
सूर्योदय: 06:05
सूर्यास्त: 18:20
चंद्रमा: मकर राशि में
राहुकाल: 16:38-18:11
विक्रमी संवत: 2081
शक सम्वत: 1946
मास: भाद्रपद
शुभ मुहूर्त: 11:37-12:26

जन एक्सप्रेस

आ गई वो बेला !

हैं सारे सतर्क।
भर रहे ललकार ।।
देखते हैं कितना।
हो पाता उद्धार ।।
आ गई वो बेला।
हुआ जिसका इंतज़ार ।।
मन ही मन पहनने को।
हैं आतुर अब हार ।।
भले हो जग हंसाई।
चलते हर पल चाल ।।
हैं लगते तैयार।
करने को बवाल ।।
पर फैसला जनता का।
क्यों नहीं स्वीकार ।।
पर लगता है जल्द ही।
होंगे सब फरार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

हिंदी भाषा स्वाभिमान और अभिमान है,
हिंदी राष्ट्र का वैभवशाली गौरव गान है।
हिंदी देश की गंगा -जमुनाई स्वाभिमान है,
हिंदी पर न्योछावर हर दिल और जान है।
हिंदी भारत के माथे की चमकती बिंदिया है।
हिंद देश में बहती पवित्र गंगा नदिया है।

हिंदी पर आओ शीश झुकाए,करें नमन,
हिंदी ही है लताएं, फूल, बगिया और चमन।
हिंदी से ही पाया स्वतंत्र भारत हमारा,
हिंदी ने ही किया शीश ऊंचा हमारा।
हिंदी भाषा भोली इतनी विशाल है,
हिंदी भाषा अर्वाचीन बेमिसाल है।
हिंदी असंख्य हृदयों पर करती राज,
हिंदी से सफल है देश का काम-काज।

-संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

अनमोल है कुछ चीज तो वो आपका समय है व्यर्थ में ना गवायें। शालीनता आपके संस्कारों को दर्शाता है इसलिए सभ्य और शालीन बन कर रहें

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

मुंह के बैक्टीरिया भी बन सकते हैं हार्ट अटैक का कारण

अधिकतर लोग अपने त्वचा और सेहत पर ध्यान देते हैं। जबकि दांतों के लिए ज्यादातर लोग केवल एक टाइम ही ब्रश करने की आदत को काफी मान लेते हैं। वहीं, एक्सपर्ट्स बताते हैं कि दांतों या ओरल हेल्थ पर ध्यान न देने की वजह से आपके मुंह में बैक्टीरिया पनप सकते हैं। इसके अलावा, दांतों में प्लाक व सड़न एक दर्दनाक स्थिति की वजह बन सकते हैं। एक रिपोर्ट में इस बात का पता चला है कि मसूड़ों को प्रभावित करने वाले कुछ विशेष प्रकार के बैक्टीरिया हार्ट अटैक की ससस्या का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, यह हृदय से जुड़ी अन्य समस्याओं को भी प्रभावित कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह खतरनाक बैक्टीरिया लार के माध्यम से हृदय ग्रंथियों को तक पहुंचकर कई समस्याओं का कारण बन सकता है। हार्वर्ड हेल्थ की एक रिपोर्ट के अनुसार मसूड़ों में बनने वाले बैक्टीरिया शरीर में रक्त वाहिकाओं के माध्यम से पहुंच सकते हैं। जिससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। आगे जानते हैं यह बैक्टीरिया किस तरह से हार्ट हेल्थ को प्रभावित कर सकते हैं।

ब्लड में बैक्टीरिया पहुंचना: मसूड़ों की समस्या में मुंह के बैक्टीरिया ब्लड सर्कुलेशन तक पहुंच सकते हैं, जो शरीर में सूजन और डैमेज का कारण बन सकते हैं।

फैटी प्लाक: मसूड़ों के बैक्टीरिया नसों में फैटी प्लाक का हिस्सा बन सकते हैं, जो हृदय में ब्लड सर्कुलेशन को रोक सकते हैं।

सूजन: बैक्टीरिया के प्रति शरीर में इम्यून रिस्पांस होता है, जो सूजन की वजह बन सकता है। इससे रक्त में छोटे-छोटे थक्के बन सकते हैं। यह हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक की वजह बन सकते हैं। वहीं इस विषय पर अन्य रिसर्च भी बताती हैं कि मसूड़ों की समस्या हृदय से जुड़ी समस्या के जोखिम को करीब 20 फीसदी बढ़ा सकती हैं।

हार्ट अटैक का कारण बनने वाले बैक्टीरिया कैसे काम करते हैं?: जब मसूड़ों की सूजन या पीरियडोंटाइटिस जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, तो मुंह के बैक्टीरिया रक्त प्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को बैक्टीरेमिया कहा जाता है। यह तब होता है जब मसूड़ों से खून बहता है और बैक्टीरिया सीधे रक्त में प्रवेश कर जाते हैं। एक बार जब ये बैक्टीरिया रक्त में प्रवेश करते हैं, तो ये ब्लड वैसल्स के अंदर सूजन पैदा कर सकते हैं और वहां पर प्लाक जमने की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं। यह प्लाक धमनियों में रुकावट का कारण बनता है, जो दिल तक ऑक्सीजन युक्त रक्त के प्रवाह को बाधित करते हैं और हार्ट अटैक का कारण बन सकते हैं।

दांतों के बैक्टीरिया से बचाव करने के लिए क्या करें?

- रोजाना सुबह खाने से पहले और शाम को खाने के बाद ब्रश अवश्य करें।
- मसूड़ों और दांतों की नियमित रूप से जांच कराएं।
- सिगरेट पीने से दांतों और मसूड़ों की समस्या हो सकती है। इसलिए धूम्रपान न करें।
- कोल्ड ड्रिंक या ज्यादा शुगर वाले ड्रिंक्स से दूरी बनाएं।
- संतुलित आहार लें, जैसे फल, सब्जियों और साबुत अनाज को डाइट में शामिल करें।

एक्सप्रेस विशेष

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ: सेवा के सौ वर्षों की स्वर्णिम यात्रा

हृदयनारायण दीक्षित

आज भारत के कोने-कोने में वंदे मातरम का गान होता है। वंदे मातरम गाने से इनकार करने वाले संगठन अकड़ते रहे। संघ ने सबको साथ लेते हुए भारतीय राष्ट्रवाद को सर्वोपरि बताया है। सांस्कृतिक प्रतीकों को सम्मान देने की परंपरा संघ ने यत्र तत्र सर्वत्र प्रसारित की।

दुर्भाग्य से भारत को आजादी मिलने के बाद नए सत्ताधीश राष्ट्रवाद से पृथक हो गए। बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखी गई अंतरराष्ट्रीय ख्याति की कविता 'वंदे मातरम' के एक हिस्से को संविधान सभा ने राष्ट्रगीत घोषित किया था। लेकिन स्वाधीनता के बाद अनेक पंथिक मजहबी संस्थाओं ने वंदे मातरम गाने से इनकार किया, लेकिन संघ के कार्यक्रमों में वंदे मातरम प्रशंसा पूर्वक गाया जाता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 बरस का होने जा रहा है। संघ संप्रति दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। दुनिया का कोई भी देश ऐसा स्वयंसेवी संगठन नहीं बना पाया। डॉ. हेडगेवार ने इसकी स्थापना विजयदशमी (सन 1925) के दिन की थी। तबसे अब तक हजारों झंझावात झेलते हुए संघ लगातार सक्रिय है। संघ की कार्य पद्धति विशिष्ट है, इसके बारे में कम लोग जानते होंगे। कई स्वयंभू विद्वान संघ को ब्रेनवाश कर देने वाला संगठन मानते हैं। कई इसे सांप्रदायिक भी कहते हैं। केवल कहते ही नहीं संघ का विरोध करने के लिए हिन्दू विरोधी तमाम घटनाओं में संघ की साजिश बताते हैं, लेकिन संघ अपने सेवा कार्यों में संलग्न रहता है। सो डॉ. हेडगेवार द्वारा रोपा गया बीज अब विराट वृक्ष बन गया है। संघ और भाजपा के रिश्तों पर बहसें चलती हैं। तब भाजपा का नाम जनसंघ था। देश की राजनीति में तुष्टिकरण था। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के दबाव में ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने भारतीय स्वाधीनता की घोषणा (20-2-1947) की। मुस्लिम लीग की अलग मुल्क की मांग पर युद्ध जैसी आक्रामकता थी। कट्टरपंथी अलगाववाद को तुष्टिकरण का पुष्टाहार मिला। देश बंट गया। हजारों हिन्दू मारे गए। महात्मा गांधी की भी हत्या हुई। संघ पर प्रतिबंध लगा। पाकिस्तानी कबाइली हमला (1948) हुआ। तत्कालीन राजनैतिक दल व नेता राष्ट्रवाद से दूर थे। हिन्दुओं के मर्म से दूर थे। एक राष्ट्रवादी दल की आवश्यकता थी। श्री गुरुजी की प्रेरणा से भारतीय जनसंघ की स्थापना (1951) हुई। जम्मू कश्मीर के दो निशान, दो प्रधान, दो विधान का विरोध, गोवध निषेध और समान नागरिक कानून जैसे राष्ट्रवादी मुद्दे गरमाए। सरसंघचालक गुरु जी ने गोवध निषेध व हिन्दू श्रद्धा स्थान को नष्ट करने की प्रवृत्ति पर लिखते (1952) हुए कहा, ''गाय अनादि काल से आराध्य है। समाज विजेता के उन्माद में पराजित जाति को अपमानित करते हुए श्रद्धा स्थानों को नष्ट करना, धन, मान लूटना, मानो विजय आनन्द लेना है।'' तिब्बत पर चीनी कब्जा हुआ, गुरु जी ने इसे हृदय विदारक (18 मई 1959) बताया। भारत पर चीन का हमला 1962 में हुआ था। तत्कालीन सरसंघचालक ने दिल्ली में कहा था, ''सेना के लोगों को प्रोत्साहन देना चाहिए। उनके परिवारों की सहायता करनी चाहिए। जाति, भाषा और राजनीति सहित सभी मतभेदों को हृदय से हटाएं। हमारा समूचा राष्ट्र और उसके सामने खड़ा शत्रु, केवल इतना ही ध्यान में रखें।'' संघ चीन युद्ध के दौरान सरकार के साथ था। राजनैतिक दलों व संघ के ध्येय व लक्ष्यों में भी अंतर है। संघ की दृष्टि में पृथ्वी माता है। भारत माता है। संघ के लोग इसी सेवा में निस्वार्थ भाव से जुटे हैं। संघ के स्वयंसेवकों ने स्वाधीनता संग्राम में हिस्सा लिया था। लेकिन राहुल गांधी ने संघ के सम्बंध में अपनी समझ में एक मजेदार टिप्पणी की है। उनकी इस टिप्पणी की खासी चर्चा है। उन्होंने कहा है कि, ''राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुछ मतों व भाषाओं को कमतर आंकता है। राहुल गांधी की टिप्पणी निराधार है। राहुल गांधी ने कुछ समय पहले संघ को समझने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा था कि संघ से सीधी लड़ाई लड़ने के लिए उपनिषद् और गीता पढ़ेंगे। आलोचना बुरी नहीं होती। प्रत्येक व्यक्ति और संगठन को आलोचना का अधिकार है। लेकिन संघ कार्य पारदर्शी है। कह सकते हैं कि संघ एक ओपन यूनिवर्सिटी है। राष्ट्र का सर्वांगीण विकास व अभ्युदय के लिए संघ के स्वयंसेवक सदा तत्पर रहते हैं। नासमझी में अनेक सुशिक्षित विद्वान भी संघ के आलोचक हैं। तुष्टिकरणवादी वोट बैंक के कारण संघ की निंदा करते हैं। राष्ट्रीय स्तर के एक वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह से द्वितीय सरसंघचालक म. स. गोलवलकर की भेंट हुई थी। उनसे मिलने के बाद खुशवंत सिंह ने लिखा था, ''कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनको बिना समझे ही हम घृणा करते हैं। ऐसे लोगों की मेरी सूची में गुरु गोलवलकर प्रथम थे।'' खुशवंत सिंह ने 'आरएसएस एंड हिन्दू मिलिटरिज्म' के हवाले से कई सवाल पूछे। ईसाइयों के सम्बंध में पूछे गए सवाल के जवाब में गुरु जी ने कहा, ''धर्मांतरित करने के तरीकों के अलावा हमारा उनसे कोई विरोध नहीं है।'' मुसलमानों के बारे में कहा कि, ''मुसलमानों को भारतीयता के प्रवाह में मिल जाना चाहिए।'' ईरानी मूल के पत्रकार डॉ. जिलानी से कहा, ''पाकिस्तान ने पाणिनि की 5000वीं जयंती मनाई है। पाणिनि पूर्वज हैं। भारत के मुसलमान पाणिनि, व्यास और वाल्मीकि आदि को महान पूर्वज क्यों नहीं मानते? भारतीय राष्ट्रवाद प्राचीन धारणा है। यहां राष्ट्र संस्कृति आधारित है। इस राष्ट्रवाद के स्रोत वैदिक वांगमय में हैं। ऋग्वेद, अथर्ववेद में राष्ट्र शब्द की आवृत्ति कई बार हुई है।

पिंजरे में बंधी बकरी खाकर भाग गया तेंदुआ

- तेंदुआ पिछले कई दिनों से इलाके में सक्रिय है और उसने कई पालतू जानवरों का शिकार किया है। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है,
- वन विभाग की निगरानी क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। धौरहरा वन रेंज के धूसाखुर्द गांव में एक महीने से तेंदुआ आतंक मचा रहा है। पालतू जानवरों पर हमलावर हो रहे इस तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाया, लेकिन तेंदुआ इतना चालाक निकला कि पिंजरे में बंधी बकरी को शिकार बना कर फरार हो गया।ग्रामीणों में दहशत तेंदुए ने बीते कुछ दिनों में गांव के कई कुत्तों और गोवंशीय पशुओं का शिकार किया है। ग्रामीण रामकुमार के घर में घुसकर तेंदुए ने शिकार करने की कोशिश की, लेकिन मशालें जलाने और शोर मचाने के बाद वह खेतों में भाग निकला।

इस घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी, जिस पर विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव के खेतों में पिंजरा और नाइट विजन कैमरे लगाए। पिंजरे में एक बकरी को बांधा गया ताकि तेंदुआ उसे अपना शिकार बनाए और पकड़ा जा सके। पिंजरे में ही शिकार पिंजरे में बंधी बकरी पर तेंदुए ने हमला कर दिया और उसे मारकर खेतों में आराम से चला गया। सुबह जब ग्रामीणों ने पिंजरे में बकरी को मृत पाया, तो उनके होश उड़ गए। वन विभाग की टीम को इस बात का यकीन है कि तेंदुआ जल्द ही फिर से पिंजरे के पास आएगा और उसे पकड़ लिया जाएगा।और अब विभाग उम्मीद कर रहा है कि तेंदुआ अब विभाग उम्मीद कर रहा है कि तेंदुआ जल्द ही पकड़ा जाएगा।ग्रामीणों की सुरक्षा पर सवाल इस घटना के बाद गांव में भय और दहशत का माहौल है। लोग अपने पालतू जानवरों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वन विभाग की टीम तेंदुए की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है, लेकिन तेंदुए की चालाकी ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं।अब देखना यह है कि वन विभाग तेंदुए को कब तक पकड़ पाता है।

के.एस. इंटर कॉलेज ने हिंदी दिवस मनाया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

लखीमपुर रोड स्थित स्थानीय विद्यालय कृषक समाज इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा एवं प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में हिंदी दिवस का आयोजन प्रार्थना सभा में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी जी एन पीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर राकेश कुमार आग्रहरि रहे।मुख्य अतिथि ने कहा कि14 सितंबर को भारत में हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करने के लिए एक अहम दिन कह सकते है। हिंदी देश की सांस्कृतिक एकता को दर्शाती है। यह दिन हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर की याद दिलाता है।हिंदी देश की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। संविधान में हिंदी को प्रमुख स्थान दिया गया है और इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने की बात कही गई है। हिंदी देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच बात चीत करने की प्रमुख भाषा है। हिंदी दिवस का महत्व हिंदी भाषा को बढ़ावा देने में है।

कॉलेज के प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा ने बताया कि यह दिवस हमें हिंदी की विरासत की याद दिलाता है। भारत में हिंदी साहित्य का भी बहुत बड़ा योगदान है।

प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक हिंदी साहित्य ने समाज को दिशा दी है। कॉलेज के हिंदी प्रवक्ता अनुराग वाजपेई ने बताया कि कबीर, तुलसीदास, प्रेमचंद, महादेवी वर्मा और अन्य लेखकों और कवियों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा अंशिका सोनी ओजस्वी भाषण से अपने विचार प्रस्तुत किए रिया वर्मा ने मैं हूं हिंदी वतन को बचा लो गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने कॉलेज के प्रबंधक एवं मुख्य अतिथि के प्रति आभार प्रदर्शन कर हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनिल कुमार लखपत भारती रामनरेश वर्मा सहित समस्त शिक्षक शिक्षाएं उपस्थिति रही संचालन ओम प्रकाश यादव ने किया।

हिंदी हमारे देश की पहचान है हिंदी से सहज कोई भाषा नहीं है: आंजनेय आशीष बाजपेई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

महमूदाबाद। हिंदी हमारे देश की पहचान है। हिंदी से सहज कोई भाषा नहीं है। हिंदी के मां अक्षर की शुरुआत नवजात शिशु द्वारा सबसे पहले किया जाता है। ऐसी मातृभाषा को बढ़ाने के लिए सभी को एक स्वर से आगे आना होगा। सरकार भी हिंदी भाषा के उत्थान के लिये लगातार प्रयास कर रही है। उक्त बातें हिंदी दिवस के अवसर पर सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी ने हिंदी के उत्थान में शिक्षक की भूमिका शीर्षक पर आयोजित गोष्ठी के दौरान कही। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं। हिंदी भाषा ही नहीं राजभाषा भी है। हिंदी भाषा के उत्थान के लिये सरकार के साथ हम सब को मिलकर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर सीता ग्रुप की सभी ब्रांचों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान कविता वाचन, भाषण, निबंध, सुलेख सहित कई अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इंग्लिश मीडियम ब्रांच में हिन्दी दिवस के अवसर पर प्री प्राइमरी के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आकर्षक वेशभूषा में कविता वाचन प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। कई विद्यार्थियों ने कविता के माध्यम से हिन्दी भाषा का बखान किया।

हिन्दी दिवस के मौके पर भाषण, वाद-विवाद, कविता गायन, निबंध व सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कालेज के डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर, जूनियर वर्ग प्रधानाचार्य अनंत रत्नम्, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, एसआर वर्मा, विजय वर्मा, यशपाल वर्मा, नीरज वर्मा, आदर्श जायसवाल, रवि मिश्र, अवनीश अवस्थी, बरखा जायसवाल, प्रतिभा सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

तिवारी फर्टिलाइजर नौरंगाबाद फाइनल मैच की रही विजेता

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

क्षेत्र नौरंगाबाद में युवक मंगल दल कमेटी के तत्वाधान में हर वर्ष की बात इस वर्ष भी दो दिवसीय प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि यदुवेंद्र कुमार अवस्थी नेकू ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय किया जिसमें दूर-दराज की टीमों ने शिरकत करते हुए ट्रॉफी जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत कर मैच के फाइनल में लखनऊ 1/S तिवारी फर्टीलाइजर नौरंगाबाद के बीच खेला गया।

इस मुकाबले में दर्शकों को दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली तिवारी फर्टीलाइजर नौरंगाबाद के खिलाड़ियों ने 11अंकों के साथ फाइनल मैच में जीत हासिल की वही दर्शकों ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल का भरपूर आनंद लिया मैच रेफरी सतीश कुमार सहायक रेफरी परमजीत रहे मुख्य अतिथि यदुवेंद्र अवस्थी नेकू ने फाइनल टीम की विजेता टीम को 11000 व उपविजेता टीम को 5000 व ट्रॉफी प्रदान की यदुवेन्द्र अवस्थी नेकू ने खिलाड़ियों का उत्सवर्धन करते हुए कहा खिलाड़ियों को भारत के इस परंपरागत खेल को और शरीर को हष्ट पुष्ट व फुर्तीला बनाने वाले खेल कबड्डी क्षेत्र में आगे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिये इस दौरान डॉ.पौरुष कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश पाल, राकेश तिवारी, नरेश यादव, छोटे यादव, अनुराग दीक्षित, भगवानदीन पाल, कपिल शर्मा, प्रेमपति दिवाकर, उत्तम कुमार राजपूत, प्रेम कुमार चौहान, शर्मा राज, अखिलेश रावत, सतीश राजपूत, लवकेश, रोहन चौहान, गोपी चौहान मनोज दिवाकर, दयाशंकर भार्गव, विष्णु कुमार, सचिन कुमार गुप्ता, परमजीत सिंह, भोलू, राजू, ठाकुर पूरन सिंह, गुड्डू चौहान, अंकित कुमार, उमेश शर्मा सहित दूरदराज से आये लोग एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व सदस्यता अभियान

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

2024 के अंतर्गत देश को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के महामंत्री अनूप गुप्ता ने जनपद लखीमपुर के ओयल मंडल के प्यूनौरा के बूथ संख्या 65 के ग्राम. ग्राम कोरिया रघुनाथ पुरवा और चांद मऊ में हर घर संपर्क के माध्यम से लोगों को सदस्य बनाया। इस अवसर पर 11 Sep से 17 sep तक गांव में जाकर सामान्य जनों को भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए समस्त कार्यकर्ताओं के साथ दृढ़ संकल्पित। आमजन ने भारतीय जनता पार्टी पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुनः आशीर्वाद देने के लिए आश्वस्त किया है।

संदिग्ध घूम रहे व्यक्ति को लोगों ने खम्बे से बांधकर पीटा, किया पुलिस के हवाले

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

मोहल्ले में घूम रहे संदिग्ध युवक को लोगां ने खंभे से बांधकर जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।

युवक के पास से छेनी, पुलिस की वर्दी, कई आधार कार्ड व अन्य कागजात मिले हैं। दूसरी घटना में पूर्व प्रधान के घर मोहल्ले के लोगां ने चोर होने का आरोप लगाते हुए जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। महमूदाबाद के नई बाजार उत्तरी में कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर किराए पर कमरा लेकर रामपुर मथुरा के चांदपुर फरीदपुर के पूर्व प्रधान अतीश वर्मा परिवार समेत रहते हैं। शुक्रवार की रात करीब 12 बजे मोहल्ले के कुछ लोग इनके किराए के घर के अंदर चोर होने का आरोप लगाते हुए घुस गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। रात करीब साढ़े 12 बजे तक यह मामला चला किंतु कोई नहीं मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। इसके बाद इसी मोहल्ले में मोहल्लेवासियों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। युवक को खंभे से बांधकर मोहल्लेवासियों ने चोर होने का आरोप लगाते हुए लात-घूंसों के साथ लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक के पास से मिले बैग से लोहे की छेनी, पुलिस की वर्दी, कई आधार कार्ड समेत अन्य कागजात बरामद हुए हैं। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि मोहल्लेवासियों ने संदिग्ध युवक की पिटाई किए जाने की सूचना मिली थी, युवक को कोतवाली लाया गया है,

जहां उससे पूंछतांछ करते हुए मामले की जांच की रही है। पूर्व प्रधान द्वारा मामले को लेकर किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है।

फास्ट फॉरवर्ड

थाना समाधान दिवस कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। शनिवार को जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें।डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीओ सिटी रमेश चंद तिवारी, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एडिशनल एसपी नेपाल सिंह की मौजूदगी में की गई पीस कमेटी की मीटिंग

जन एक्सप्रेस । अमीर नगर खीरी। अमीर नगर चौकी पर बारह रविउलअव्वल को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग की गई। जिसमें क्षेत्र के सम्मानित लोग अपने-अपने गांव से मस्जिद के आए इमाम ने अपने गांव से निकलने वाले जुलूस को लेकर विस्तार से बताया ।प्रशासन ने जुलूस को बहुत ही सुकून के साथ निकालने की अपील की और सी ओ मोहम्मदी अरुण कुमार ने और कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह यह भी कहा की कोई भी नई परंपरा नहीं होगी और अमीर नगर चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र द्विवेदी को जुलूस सारे रास्ते का सही तरीके से चेक करने के लिए कहा ।इस मौके पर अमीरनगर प्रधान अब्दुल अजीज उर्फ पप्पू जिला पंचायत सदस्य तौहीद खान राजगढ़ पूर्व प्रधान लुकमान खान छतरी प्रधान कय्यूम वेग सलमान खान हाफिज नईम साहब हाफिज आरिफ राजा हाफिज खालिद रजा हबीबुर रहमान आजाद खान रियाज मियां आत्मानंद शुक्ला रोहित शर्मा महेंद्र सिंह कुंभी क्षेत्र के पत्रकार शारिफ मंसूरी शादाब खा राममूर्ती यादव शारीफ मोहम्मद असलम रजा जाकीर खा पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

मुफ्ती ने कर लिया मेरी बहन की आत्मा का अपहरण, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिले में बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अजीब मामला सामने आया है। एक गांव निवासी शख्स ने यूपी 112 पर बहन की आत्मा का अपहरण एक मुफ्ती द्वारा कर लिए जाने की सूचना दी। साथ ही आरोपी मुफ्ती के घर बहन और परिजनों को लेकर पहुंच गया।

केजरीवाल की रिहाई की खुशी मिठाई खिलाकर कर मनाई

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

न्यायालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने के खुशी पर आम आदमी पार्टी के साथियों द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी और केजरीवाल जी के बाहर बाहर आ जाने से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है छात्र विंग प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण वर्मा ने कहा कि केजरीवाल जी को शराब घोटाले फर्जी केस में फसाया गया और ईडी और सीबीआई भाजपा के इशारे पर काम कर रही थी, इस तरह भाजपा के षड्यंत्र का पर्दाफाश हुआ और असत्य पर सत्य की जीत हुई। कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे श्रम प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिंह जिला उपाध्यक्ष कमल जायसवालकई साथी मौजूद रहे।

सदस्यता अभियान के अंतर्गत भाजपा अनुसूचित मोर्चा बनाएगा 2 लाख सदस्य: राम नरेश भारतीय

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता वर्तमान समय में सदस्यता अभियान में तेजी से जुटे दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में जिला कार्यालय पर पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक आहूत की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राम नरेश भारतीय सदस्य राष्ट्रीय कार्य समिति अनुसूचित मोर्चा ने की। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सदस्य राष्ट्रीय कार्य समिति अनुसूचित मोर्चा रामनरेश भारती ने बताया कि वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है ऐसे में अनुसूचित मोर्चा की भूमिका अहम है सभी जिम्मेदार पदाधिकारी को पार्टी द्वारा घोषित लक्ष्य को प्राप्त करना है जिले में अनुसूचित मोर्चे द्वारा 2लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है जिसे सभी पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ प्राप्त करेंगे बैठक में जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का महत्वपूर्ण अंग है और इसका प्रत्येक पदाधिकारी पार्टी का जिम्मेदार सिपाही है ऐसे में सभी को तन मन धन के साथ सदस्यता अभियान में लगकर इसे सफल बनाना है कार्यक्रम का संचालन शिव शंकर राजवंशी जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा द्वारा किया गया इस अवसर पर राम जी गिहार, परमेश्वर भार्गव, सत्येंद्र कनौजिया, अजीत चौधरी, सर्वेश बंसल, संजय कुमार राजवंशी, निर्मल राजवंशी, हरजीत गौतम, अतुल कुमार, अंशुल भार्गव, सहित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारीउपस्थित रहे।

स्वच्छता शपथ तथा स्वच्छता रैली का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी- द्वारा शनिवार को वाहिनीं मुख्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत महानिदेशक के संदेश को सभी कार्मिकों को सुनाया गया और स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ तथा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी-द्वद्व के श्री अतुल कार्की, कमांडेंट के दिशानिर्देश में किया गया। इस आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान मंझरा फार्म के डॉ0 विवेक कुमार पाण्डेय; श्री मेघनाथ राउत; उप कमांडेंट सहित अन्य बलकर्मी उपस्थित रहें।

भूतनाथ मोहल्ला के पीछे अभी तक नहीं आ पाई बिजली भीषण गर्मी में बिना बिजली रहने को लोग विवश

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर की भूतनाथ कालोनी के बाशिंदों को अभी तक बिजली नही मिल पाई है जिसको लेकर ग्रामीणों ने बिजली दफ्तर पहुचकर नारेबाजी करते हुए प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि वह लोग मोहल्ले में कई वर्षों से निवास कर रहे हैं द्य और दो वर्षों से बिजली दफ्तर के चक्कर काट रहे है लेकिन अभी तक उनके मोहल्ले में बिजली नही आई है रात में अंधेरा रहने के कारण चोरी की वारदातें हो रही है।

सौभाग्य फेस थ्री योजना के तहत मोहल्ले में बिजली देने की स्वीकृत मिल चुकी है लेकिन बिजली विभाग द्वारा अभी तक मोहल्ले में पोल नही लगवाए गए है ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि लखनऊ से कोई पोल लगवाने का ठेका नही ले रहा है।जिसपर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है।अधिशासी अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि वह अभी नए आये है अगर सौभाग्य में पास है तब भी एक साल लग जायेगा अगर आप लोगो को जल्दी बिजली चाहिए तो स्टीमेट बनवाकर बिजली ले सकते है जिसपर ग्रामीणों का कहना है कि मोहल्ले में मजदूर तबके के लोग रहते है जो पैसा देने में समर्थ नहीं।

हिंदी दिवस मनाया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय प्रधानाचार्य के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य रजनीश जी ने मंच संचालन किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा का वाचन किया।

तत्पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमप्रकाश जी ने हिंदी भाषा को जन-जन की भाषा बताते हुए इसकी उत्पत्ति के बारे में बताया। इस अवसर पर भैया शुभ्रान्ग पांडे ने अपनी ओजस्वी कविता के माध्यम से हिंदी की महत्ता एवं देश विकास में हिंदी की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद भैया बहनों ने छोटी-छोटी हिंदी भाषा पर रचित कविता लिखकर सभी को हर्षित किया तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान ने बताया सभी विकसित देश अपना विकास अपनी अपनी मातृ भाषा में करते हैं परंतु हम हिंदी समाज में बोलने से भी कतराने लगे हैं ये हमारे विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में उचित नहीं है हिंदी हमारी जननी है उसी से राष्ट्र का निर्माण होगा एवं भारत विश्व गुरु बनेगा अम्मा से मम्मा की तरफ बढ़ता देश विकसित नहीं हो सकता उसे विकसित होने के लिए मातृ भाषा का सिर ऊंचा करना ही होगा ,अतः हमारी भाषा हिंदी प्राचीन काल से श्रेष्ठ थी और श्रेष्ठ रहेगी।हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना हमारा परम कर्तव्य है। यही प्रतिज्ञा संकल्प बच्चों को भी दिलाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रथम से लेकर अष्टम तक के छात्र- छात्राएं मौजूद थे। तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

देवरिया बाईपास निर्माण में प्रभावित किसानों ने की महापंचायत बुलाने की तैयारी

✻ 23 सितंबर को प्रस्तावित महापंचायत की सफलता की बनाई रणनीति

जन एक्सप्रेस। देवरिया

सदर तहसील क्षेत्र के गौरा चौराहा पर देवरिया बाईपास सड़क निर्माण में जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित किसानों की भूमि के मुआवजा राशि में मनमानी तरीके से की जा रही कटौती के विरोध में किसानों ने 23 सितम्बर को प्रस्तावित किसान महापंचायत की सफलता हेतु बैठक कर रणनीति बनाई।बताते चलें कि हा। 727 देवरिया बाईपास से प्रभावित किसानों की एक बैठक गौरा चौराहा स्थित तिवारी कटरा में गौरा ग्राम सभा के पूर्व ग्राम प्रधान कृष्ण कांत त्रिपाठी के अध्यक्षता में हुई।

जिला प्रशासन की ईंट से ईंट बजाने को तैयार हैं प्रभावित किसान

बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि पूरे जनपद में बाईपास मार्ग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के नाम पर जिला प्रशासन एवं सरकार द्वारा किसानों को लूटने का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है जिसको किसी भी हालत में पूरा नहीं होने दिया जाएगा। जिला प्रशासन एवं सरकार जिले के किसानों को कत्तई कमजोर समझने की भूल ना करे हम सभी किसान संगठित हैं और आगामी 23 सितंबर को डीएम कार्यालय पर होने वाले किसान महासंग्राम में अपनी पूरी ताकत के साथ जिला प्रशासन की ईंट से ईंट बजा देंगे और जिला प्रशासन से अपने हक की आर पार की लड़ाई लड़ेंगे।

महापंचायत में जुटेंगे हजारों किसान

भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि 23 सितम्बर की महापंचायत में पूर्वांचल के सभी जिलों से किसान यूनियन के हजारों कार्यकर्ता लाठी डंडों के साथ शामिल होकर अपनी ताकत व एकजुटता का एहसास जिला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश की किसान विरोधी सरकार को कराएंगे।

जिला प्रशासन कर रहा किसानों की अनदेखी भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अजीत त्रिपाठी ने कहा कि विगत एक वर्षों से जनपद के प्रभावित किसानों द्वारा चार गुना मुआवजा एवं 2/3 की कटौती के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं, जिम्मेदारों को बार बार पत्रक दिया जा रहा है मगर जिला प्रशासन द्वारा किसानों की मांगों पर सार्थक पहल नहीं किया जा रहा हैं।

संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य सुग्रीव मिश्रा ने कहा कि 23 सितम्बर को डीएम कार्यालय पर होने वाला आंदोलन ऐतिहासिक होगा। इसको सफल बनाने के लिए बाईपास से प्रभावित 37 गांवो में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में भाकियू जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह, कृष्ण कांत त्रिपाठी,लाल प्रताप सिंह, राजनाथ यादव, राजीव राय,महेश सिंह, एस एस अंसारी, मनीष सिंह, सुधीर चौहान, शिवेन्द्र त्रिपाठी, मधुसूदन यादव, उमेश जायसवाल, नूर आलम खान, नीरज मिश्रा सहित

गोरखपुर में सीएम योगी का बड़ा बयान: ज्ञानव्यापी साक्षात विश्वनाथ, दूसरे शब्दों में कहते हैं मस्जिद

द्विदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी
(दिनांक : 14-15 सितम्बर 2024)
विषय - समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ज्ञानव्यापी को लोग दुर्भाग्य से मस्जिद कहते हैं, दरअसल व साक्षात् शिव हैं। अपने इस बयान की पुष्टि में उन्होंने आदि शंकराचार्य के एक प्रसंग से की है, जिसमें स्वयं भगवान विश्वनाथ अपने को ज्ञानव्यापी बताते हैं।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में %समरस समाज के निर्माण में नाथ पंथ का अवदान% विषय पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उस प्रसंग को विस्तार से सुनाया।

मैं ही हूं ज्ञानव्यापी, यानी साक्षात भगवान विश्वनाथ

योगी ने बताया कि जब आदि शंकर अपने अद्वैत ज्ञान से परिपूर्ण होकर आगे की साधना के लिए केरल से चलकर वाराणसी पहुंचे तो स्वयं भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा ली। आदि शंकर जब गंगा स्नान के लिए जा रहे थे तो भगवान ने चांडाल के रूप में उनका रास्ता रोकने की कोशिश की। जब आदि शंकर उसे अपने रास्ते से हटने के लिए कहा कि उस चांडाल ने उनके अद्वैत सिद्धांत की याद दिलाई, जिसमें वह ब्रह्म के अतिरिक्त सारे संसार को माया बताते हैं। यह सुनकर आदि शंकर समझ जाते हैं कि वह चांडाल कोई सामान्य व्यक्ति नहीं है।वह पूछते हैं कि आखिर वह कौन है, जो उनके अद्वैत सिद्धांत के बारे में जानता है तो चांडाल ने स्पष्ट किया कि आप जिस ज्ञानव्यापी की साधना के लिए आप काशी आए हैं, वह ज्ञानव्यापी मैं ही हूं यानी मैं ही भगवान विश्वनाथ हूं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक का हुआ असामयिक निधन, लोगों जताया शोक

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक रहे भोले जी त्रिपाठी का असामयिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। वह लगभग 58 वर्ष के रहे। उनका अंतिम संस्कार 15 सितंबर दिन रविवार को कहरौली गांव के सन्निकट राप्ती नदी के तट कर्मकांड विधिः से किया जायेगा?। बताया जाता है कि भोले जी त्रिपाठी गोरखपुर जनपद के तहसील +ब्लाक कैम्पियरगंज के न्याय पंचायत छितही खुर्द के ग्राम सभा मंझगांवा निवासी थे।वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक भी रहे।उनका पूरा जीवन देश,समाज, व राष्ट्र सेवा में बितता रहा। यही नहीं वह कई बार भाजपा से विधायक प्रत्याशी बनने के लिए टिकट पाने की कोशिश भी की थी। भोले जी त्रिपाठी सरल, मृदभाषी व्यक्तित्व के धनी थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक मजबूत सिपाही भी रहे। बीती रात पीजीआई हास्पिटल लखनऊ में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।जो जहां सुना वहीं स्तब्ध रह गया। उनके असामयिक निधन की खबर सुनते ही लोग एक दूसरे से जांच पड़ताल किया। मौत होने की पुष्टि होने पर लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने मृतआत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और गहरा दुःख व्यक्त किया।

जन एक्सप्रेस की खबर का असर

जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह की रिश्वतखोरी से जिले को मिली निजात

जन एक्सप्रेस। देवरिया

हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस लखनऊ संस्करण द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में व्याप्त विभागीय भ्रष्टाचार व जनहित की खबरों को प्रमुखता से निरंतर प्रमुखता से प्रकाशित किया है इसी क्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर के देवरिया जिले में अवस्थित जिला उद्योग उपायुक्त कार्यालय में पदस्थापित जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसका संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह को जिले से अन्यत्र तबादला कर दिया है। बताते चलें कि जनपद में औद्योगिक विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में पदस्थापित

जन एक्सप्रेस

FOLLOW-UP

जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह की देखरेख में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर महिलाओं व पुरुषों के रोजगार सृजन की योजनाएं प्रदत्त की जाती है। सरकार के मंशानुरूप जिले में बेरोजगार नौजवानों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों को रोजगार परक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। परंतु जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह ने पदस्थापना काल से ही जिला उद्योग कार्यलय भ्रष्टाचार की ऐसी बदबू फैलाई कि जिले की औद्योगिक आबोहवा पूरी तरह बदबूदार हो गई है।

अपात्रों से धन उगाही कर पात्रता सूची में शामिल करने में माहिर थी खुशबू सिंह

सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभार्थी आनलाइन आवेदन करते हैं, योजनाओं का प्रशिक्षण भी प्राप्त करते हैं परंतु लाभार्थियों को बिना पात्रता के ही पात्र बनाने के खेल में जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह द्वारा जमकर रिश्वत की बदबू फैलाई जा रही है। जहां विश्वकर्मा सम्मान योजना में दो से तीन हजार रुपए प्रति आवेदक से वसूल कर अपात्रों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। बता दें कि विगत दिनों शहर के राम गुलाम टोला मुहल्ला निवासिनी शांति सामाजिक सेवा संस्थान की अध्यक्षा शशि प्रभा सिंह ने जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह पर धन उगाही कर अपात्रों को योजनाओं का लाभ देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा थी, जिलाधिकारी ने पत्रक का संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश भी दिया था, लेकिन जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह की शासन में ऊंची पहूंच के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

भ्रष्टाचार की बदबू फैलाने वाली खुशबू सिंह पर मुकदमा दर्ज कर की जाए सख्त कार्रवाई

शांति सामाजिक सेवा संस्थान की अध्यक्षा शशि प्रभा सिंह ने वायरल विडियो के संबंध में कहा कि जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह बिना रिश्वत लिए कलम नहीं चलातीं है, उन्होंने बताया कि महिलाओं को रोजगार परक बनाने के सरकार द्वारा जारी सिलाई मशीनें अभी तक पात्र लाभार्थियों को नहीं उपलब्ध कराई गई है तथा जिन्हें सिलाई मशीन उपलब्ध कराया गया है उन्हें पूरा किट नहीं दिया गया है सिलाई मशीन का मोटर,उन बाइंडिंग की मशीन की उद्योग उपायुक्त द्वारा पात्र लाभार्थियों को नहीं उपलब्ध कराया गया है। शशि प्रभा सिंह ने बताया कि जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू का निजी ड्राइवर आवेदकों से धन उगाही कर अपात्रों को पात्र बनाने में मुख्य भूमिका निभाता है। शशि प्रभा सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन को खुशबू सिंह द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच करानी चाहिए थी ना कि भ्रष्टाचार की बदबू फैलाने वाली अधिकारी की अन्य जनपद में तबादला। उन्होंने कहा कि मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को प्रदेश के किसी भी जनपद में जिम्मेदारी की कुर्सी पर नहीं बैठाया जाए और पूर्व जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हर भारतवासी की आत्मा है: रामेश्वर रुद्रपुरी

जन एक्सप्रेस। रुद्रपुर

14 सितम्बर
हिन्दी दिवस

स्थानीय इंदिरा पब्लिक स्कूल नारायणपुर में हिंदी दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध लेखन, श्रुतलेख प्रतियोगिता, और भाषण प्रतियोगिता प्रमुख थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रामेश्वर विश्वकर्मा रुद्रपुरी के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ।

प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि यह हमारे देश की आत्मा है। यह वह माध्यम है, जिसने हमारे देश की संस्कृति और विरासत को जीवंत रखा है। हिंदी दिवस हमें हमारी मातृभाषा के प्रति सम्मान और कर्तव्य का बोध कराता है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम एक ऐसी भाषा का हिस्सा हैं, जो न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान बना रही है।÷विद्यालय में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ÷हिंदी का महत्व÷ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने हिंदी भाषा के विकास, उसकी समृद्ध परंपरा और भविष्य में इसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद श्रुतलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को हिंदी भाषा के शुद्ध लेखन परखने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री विश्वकर्मा ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और इसके सही उपयोग पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि वे हिंदी को अपने दैनिक जीवन में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग में लाएँ। उन्होंने कहा, ÷भविष्य में हिंदी का विस्तार और अधिक होगा, बशर्ते हम इसे सही तरीके से सम्मान दें और इसके प्रयोग को बढ़ावा दें।÷कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें प्रधानाचार्य महोदय ने विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति एक नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया।

उक्त अवसर पर निशा सिंह, समीक्षा पाण्डेय, रागिनी राव, निशा यादव, दिनेश प्रकाश मोनू, नीतीश चौरसिया, मानवेंद्र, मिथिलेश, नंदिनी गिरी, नंदिता, उत्तम राव, अजीत, अंशु, अर्चना, अनन्या, खुशी, शिवा, अंकिता, शिवम, स्नेहा, आदि उपस्थित रहे।

बारावफात के अवसर पर नामित मजिस्ट्रेट की ड्यूटी में संशोधन

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा द्वारा ईद-ए-मिलाद/बारावफात के मद्देनजर पूर्व में नामित सुपर जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती में आंशिक संशोधन किया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने आशुतोष, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कप्तानगंज, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, मृत्युन्जय कुमार अधिशासी अभियन्ता (प्रान्तीय खण्ड) लोक निर्माण विभाग कसया, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, गोपाल नाथ पाठक- खण्ड विकास अधिकारी सुकरौली, सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपरिहार्य कारण से ड्यूटी को अपास्त करते हुए अपास्त हुए अधिकारी के स्थान पर राजेश सिंह अधिशासी अभियन्ता, (प्रान्तीय खण्ड), लोक निर्माण विभाग, कसया-मोब0-7007819093 को सम्पूर्ण नगर क्षेत्र हाटा, राजेश निगम अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड), लोक निर्माण विभाग, कसया मोब0 - 9837521990 को सम्पूर्ण नगर क्षेत्र कप्तानगज, गोपीनाथ पाठक, खण्ड विकास अधिकारी, कुशीनगर मोब0 - 9455733550 को सुकरौली चौकी कोतवाली हाटा में ड्यूटी लगायी गई है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मठाधीश-माफिया बयान पर भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने गहरा आक्रोश व्याप्त है । शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रविन्द्र नगर में अखिलेश यादव का पुतला दहन तीखा विरोध प्रदर्शन किया गया।

बताते चलें कि बीते दिनों समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा था कि हिंदू संतों और माफियाओं में कोई अंतर नहीं है। उनके इस बयान से जगह जगह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजयुमो द्वारा अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि भारतभूमि ऋषि मुनियों और संतों की तपोभूमि है। ऐसे में एक विशेष समुदाय को खुश करने और अखबारों मे सुर्खियां बटोरने के लिए अखिलेश यादव का यह बयान घोर निंदनीय है। भारतीय जनता पार्टी इस बयान की घोर भर्त्सना करती है। सपा मुखिया ने हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का जो कृत्य किया गया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही ने कहा कि कहा, माफियाओं की कब्र पर सजदा करने वाले लोग इस तरह के बयान देकर सनातन का अपमान कर रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र ने कहा कि अखिलेश यादव के बयान की जितनी निन्दा किया जाय कम है।

इस अवसर पर किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय, हरिशंकर राय, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, भाजयुमो जिला संयोजक शैलेंद्र कुमार तिवारी, कन्हैया गोंड, आकाश सिंह, नवनीत तिवारी, गौरव तिवारी, विकास दीक्षित, सोनू मद्धेशिया, अरुण पाण्डेय, किशन कुशवाहा, धवल जायसवाल, अरुण राय, सत्यम पाठक, सुमित चौहान, सचिन जायसवाल, सतीश, आदित्य, उज्ज्वल आदि उपस्थित रहे।

गोरखपुर में पति ने की पत्नी की हत्या पत्नी के चरित्र पर था पति को शक

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।

सोनी, मृतका

पति को अपनी पत्नी के चरित्र पर काफी दिनों से शक था। इसी बात को लेकर पहले दोनों में विवाद हुआ, इसके बाद पति में पत्नी के सिर पर हथौड़े से वार कर उसे मार डाला।घटना बेलघाट इलाके शंकरपुर गांव की है। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की पड़ताल में जुट गई है।

पत्नी पर शक करता था पति, कर दिया हत्या

एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया- पति को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था, जिसमें पति ने पत्नी के सिर पर किसी चीज से वार करके उसकी हत्या कर दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। जल्द ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

लंबे समय से चल रहे घरेलू विवाद ने ले लिया गंभीर मोड़

दरअसल, नकुल गुप्ता और सोनी गुप्ता की शादी करीब 7-8 साल पहले हुई थी। नकुल पहले विदेश में काम करता था, लेकिन डेढ़ साल पहले वह शंकरपुर लौट आया था। उनके बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था, खासकर सोनी के किसी अन्य के साथ अवैध संबंध के शक को लेकर। इस विवाद को सुलझाने के लिए कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन रिश्ते में सुधार नहीं हुआ। घटनास्थल पर स्कसाउथ जितेंद्र कुमार, सीओ खजनी दरवेश कुमार, फोरेंसिक टीम, और थाना अध्यक्ष बेलघाट नवनीत नागर ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और सैंपल कलेक्शन किया। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है।

महंत अवैद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। महंत अवैद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय जंगल कौड़िया में हिंदी विभाग की ओर से आयोजित हिंदी दिवस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ प्रवीण कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि डिजिटल क्रांति के बाद हिंदी को नया मंच मिला है। हिंदी को कानून और मेडिकल की भाषा बनाया जाना आज के समय की आवश्यकता है। अब इन क्षेत्रों में अंग्रेजी के वर्चस्व को तोड़ना ही होगा। जंतु विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ दिग्विजय सिंह एवं शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ धनंजय कुमार ने 14 सितंबर को ही हिंदी दिवस मनाया जाने की परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी के महत्त्व और उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आर के श्रीवास्तव ने अपनी मधुर आवाज में स्वरचित हिंदीगीत प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं का मन मोह लिया।

राजस्व विभाग के सचिव ने गोरखपुर के डीएम से मांगी सहमति

फरेंदा तहसील को मुख्यालय बनाने की कवायद हुई तेज

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

कार्यालय जिलाधिकारी, महाराजगंज

उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले का अब बंटवारा हो जाएगा। यहां फरेंदा तहसील को मुख्यालय जिला बनाने की कवायद तेज हो गई है। ऐसे में यूपी को जल्द ही एक और जिला मिल जाएगा। प्रदेश में अभी 75 जिले हैं। ऐसे में अगर एक और जिला बनता है। तो प्रदेश में 76 जिले हो जाएंगे। इसके लिए राजस्व विभाग ने गोरखपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर जिला बनाने के लिए प्रस्ताव मांगा है।

महराजगंज जिले के तहसील फरेन्दा और नौतनवा एवं गोरखपुर जिले के तहसील कैंपियरगंज को मिलाकर प्रदेश का 76 वा जिला फरेन्दा बनाने की तैयारी है। इसको लेकर राजस्व विभाग का एक पत्र सामने आया है। पत्र में कहा गया है कि महराजगंज की तहसील फरेन्दा, तहसील नौतनवा और गोरखपुर की तहसील कैंपियरगंज को मिलाकर जिला फरेन्दा बनायें जाने के सम्बन्ध में है। तीन तहसीलों को मिलाकर बनाया जाएगा। जनपद महराजगंज की तहसील फरेन्दा तहसील नौतनवा एवं जनपद गोरखपुर की तहसील कैंपियरगंज को मिलाकर जनपद फरेन्दा बनाये जाने के सम्बन्ध में अपनी आख्या एवं सुस्पष्ट संस्तुति आयुक्त, गोरखपुर गोरखपुर के माध्यम से परिषद को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रदेश में हो जाएंगे 76 जिले इसके लिए राजस्व विभाग ने गोरखपुर के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रस्ताव मांगा है। अब फरेन्दा अगर जिला बनता है, तो प्रदेश में कुल जिलों की संख्या 76 हो जाएगी।

जिले के बारे में कुछ और जानकारी...महराजगंज ज़िला 2 अक्टूबर, 1989 को गोरखपुर ज़िले से अलग होकर बना था। महराजगंज ज़िले में चार तहसीलें हैं- महाराजगंज, फ़रेंदा, नौतनवा, और निचलौल। महराजगंज ज़िले में 882 ग्राम पंचायतें और 101 न्याय पंचायतें हैं। महराजगंज ज़िले में अदरौना देवी का मंदिर, तपस्थली, प्राचीन शिवलिंग, शिव मंदिर, विष्णु मंदिर, बनर सिंहागढ़, और सोनाड़ी देवी जैसे कई प्रमुख स्थल हैं।

खाद्य सुरक्षा की टीम ने नमकीन निर्माण इकाइयों का किया निरीक्षण

संदिग्ध मिले भारी मात्रा में नमकीन किया गया जप्त 11 सैंपल को भेजा गया खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा जनपद में संचालित 11 नमकीन निर्माण इकाईयों का सघन निरीक्षण करते हुए कुल 11 नमूने जांच हेतु खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। मिथ्या छाप नमकीन का निर्माण करते हुए पाए जाने पर ए एम ब्रदर्स ट्रेडिंग कंपनी गोसाईपुर के निर्माण इकाई से 148 किलोग्राम, श्वेता नमकीन भंडार कटोखर से 240 किलोग्राम, शाही नमकीन एंड बेकर्स हंसवार के निर्माण इकाई से 97.5 किलो ग्राम नमकीन को मिथ्याछाप होने के कारण जब्त किया गया जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 50 हजार रुपए है। सहायक आयुक्त खाद्य श्रवण कुमार त्रिपाठी के साथ जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित पांडे, ओम प्रकाश, पुरंदर यादव, चंद्र प्रकाश यादव, आदर्श प्रताप तथा दिनेश राय उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने
राघव नमकीन भंडार दहिरपुर
क्वालिटी बेकर्स शहजादपुर
भोले नमकीन भंडार मधुपुर मीरानपुर
राज इंटरप्राइजेज कटेहरी
आदर्श गृह उद्योग इल्तिफ़ात गंज
खुशबू नमकीन भंडार इल्तिफात गंज
एम आर गृह उद्योग खजावां
ए एम ब्रदर्स ट्रेडिंग कंपनी गोसाईपुर
श्वेता नमकीन भंडार काटोखर
शाही नमकीन एंड बेकर्स हंसवर
सत्यव्रत सिंह बनगांव भीटी के निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया और संदिग्ध मिले नमकीन उत्पदो का सैंपल लेकर खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा गया।

पत्नी और सास ने तबाह किया जीवन, उन्हें माफ नहीं करना...

जन एक्सप्रेस। आगरा

सास और पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर युवक ने सुसाइड कर लिया। फांसी लगाने से पहले उसने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में युवक कह रहा है कि मेरी मौत की जिम्मेदार मेरी सास और पत्नी है। उनको छोड़ना नहीं। थाना ट्रांस यमुना अंतर्गत कालिंदी विहार के रहने वाले 32 वर्षीय दुष्यंत गौतम ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। आत्महत्या करने से पहले दुष्यंत गौतम ने इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो बनाया। इसमें वो कह रहा है कि मैं आज अपनी जिंदगी खत्म कर रहा हूं। मेरी मौत के केवल दो जिम्मेदार हैं। मेरी पत्नी और मेरी सास नीरज देवी। मेरे मरने के बाद उन्हें छोड़ना मत। उसने मेरी जिंदगी और घर बर्बाद कर दिया। उसने मेरी बीवी और बच्चों को मुझसे अलग कर दिया। मैं बुजदिल नहीं हूं। अगर कोई वीडियो देखे तो उन्हें छोड़ना मत। वीडियो में दिख रहा है कि दुष्यंत पंखे से चादर का फंदा बनाकर उसे पकड़े हुए है। वीडियो के बाद दुष्यंत ने फंदे से लटक कर जान दे दी।

विवि.: शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव में घर-घर जाकर संपर्क कर रहे प्रत्याशी

आम चुनाव की भांति कर्मचारी संघ चुनाव में भी प्रत्याशियों द्वारा वोटरों को दिया जा रहा तरह-तरह का प्रलोभन

जन एक्सप्रेस। आगरा

डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव इस समय अपने पूरे शबाब पर चल रहा है। चुनाव की तिथि 18 सितंबर हैं। इस बीच लगातार तीन दिनों का अवकाश पड़ गया है। जिसके कारण अधिकांश कर्मचारी अवकाश होने के कारण विश्वविद्यालय नहीं आ रहे हैं। अब ऐसी स्थिति में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के सामने असमंजस की स्थिति आ गई है की वोटरों से उनके घर-घर जाकर संपर्क करें या फ़िर फोन से ही संपर्क करें। ऐसी चर्चा है कि कुछ प्रत्याशी तो बोलते फिर रहे हैं कि चलो अच्छा है तीन दिन का अवकाश पड़ गया वर्ना अगर वोटर हमारे सामने होते तो हमारा खर्चा ज्यादा होता। अब तो फोन से ही फ्री में संपर्क हो जाएगा। इधर कुछ प्रत्याशी घर-घर जाकर वोटरों से संपर्क कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार आम चुनावो की भांति ही कर्मचारी संघ के चुनाव में भी वोटरों को लुभाने के लिए देसी से लेकर विदेशी शराब का प्रलोभन दिया जा रहा है। इस समय वोटरों की पांचो उंगलियां घी में है। प्रत्याशी वोटरों से अपने पक्ष में वोटिंग करने के लिए हर जतन कर रहे हैं। कोई किसी से कसम ले रहा है तो कोई किसी को अपनी कसम दे रहा है। बस सभी प्रत्याशियों का एक ही मक़सद है की दाम शाम दंड भेद करके कैसे भी चुनाव जीत जाएं।

- जो कर्मचारी भाई अभी हमारे 52 लोग नियमित हुए हैं। उनको 2016 से 2022 तक अपने साथी कर्मचारियों को उनका एरियर दिलवाना है। साथ ही जितने भी कांटेक्ट कर्मचारी हैं, उनका समायोजन करवाना है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का प्रमोशन कराना है। विश्वविद्यालय में फिजूल खर्ची रुकवानी हैं। सफाई कर्मचारियों के लिए उचित प्रबंध करने हैं। उन्हें कार्य करने के दौरान ग्लव्स नहीं दिए जाते हैं। साथ ही उनके ऑफिस का रखरखाव बहुत ही गंदा है, वह सब ठीक करना है।

सुमित चौधरी, उपाध्यक्ष, प्रत्याशी

- सभी स्थाई कर्मचारियों का समयमान वेतनमान एवं वेतन विसंगति दूर करेंगे। जो कर्मचारी वर्ष 2022 में नियमित हो चुके हैं, उनको स्थाईकरण का पत्र जारी कराना है।संविदा कर्मचारियों का समायोजन एवं वार्षिक वृद्धि का लाभ दिलाना है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का प्रमोशन करवाना है। इसके साथ ही समस्त कर्मचारियों को मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

गोविंद सिंह भदोरिया, महामंत्री, प्रत्याशी

- सभी स्थाई/अस्थाई कर्मचारियों को स्वास्थ बीमा (मेडिकल इंश्योरेंस) उपलब्ध कराना है। विगत वर्षों के कार्यकाल में विश्वविद्यालय कर्मचारियों (सेवानिवृत्त/मृतको) को मिलने वाले ए.सी.पी. का लाभ दिलाना है। संविदा कर्मचारियों को शीघ्र अति शीघ्र नियमानुसार विनियमितीकरण कराना है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की आय और छात्र हितों के लिए महत्वपूर्ण कार्य कराना है।

शशांक सिंह, कोषाध्यक्ष, प्रत्याशी

ताजमहल के अंदर किया टॉयलेट, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। आगरा

ताजमहल के अंदर 2 लोगों के टॉयलेट करने का वीडियो वायरल हुआ है। दोनों लोग ताजमहल के गार्डन में टॉयलेट कर रहे हैं। आसपास से टूरिस्ट भी निकल रहे हैं। एएसआई ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को ताजमहल के अंदर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दो व्यक्ति थोड़ी-थोड़ी दूरी पर खड़े होकर टॉयलेट कर रहे हैं। दोनों ही व्यक्ति रास्ते के साइड में खड़े हैं। यह स्थिति तब है जब पूरे ताजमहल के अंदर सीआईएसएफ के अलावा एएसआई के भी दर्जनों कर्मचारी तैनात रहते हैं। वीडियो में दिख रहा है कि जहां यह लोग टॉयलेट कर रहे हैं, उसके पास से ही दूसरे टूरिस्ट निकल रहे हैं।

प्रभारी से लिया गया है स्पष्टीकरण

अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल का कहना है कि इस बारे में ताजमहल प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वीडियो कब का है, इसकी जानकारी की जा रही है। पूछा गया है कि अगर घटना की जानकारी थी तो क्या कार्यवाही की गई।

शर्मनाक है यह घटना

गाइड एसोसिएशन के प्रेसिडेंट दीपक दान का कहना है कि इस तरह की घटना शर्मनाक है। ताजमहल के अंदर टॉयलेट बने हुए हैं। इसके बावजूद इस तरह की घटना सीआईएसएफ और एएसआई कर्मचारियों की मुस्तैदी पर भी सवाल खड़ा कर रही है। इससे ताजमहल की छवि भी धूमिल होती है।

भाजयुमो ने फूंका अखिलेश यादव का पुतला

जन एक्सप्रेस। आगरा

सनातन विरोधी अखिलेश यादव मुर्दाबाद

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा शनिवार को रोहता चौराहा ग्वालियर रोड पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला दहन किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह रावत के नेतृत्व में आयोजित हुए पुतला दहन कार्यक्रत में अखिलेश यादव के मठाधीशों की तुलना माफियाओं से किए जाने वाले बयान की निंदा की गई। भाजयुमो का कहना है कि अखिलेश यादव ने लाखों करोड़ो सनातनियों की भावना को आहत किया है। भाजयुमो जिला आगरा के मीडिया प्रभारी गौरव ठाकुर ने कहा कि अखिलेश के डीएनए में सनातनियों का विरोध है। उनके पिताजी ने जिस प्रकार रामभक्तों पर गोली चलवाईं थीं वैसा ही काम आज अखिलश यादव कर रहे हैं। माफियाओं को संरक्षण देने का काम सदैव सपा की सरकार में हुआ है। अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया समाजवादी पार्टी की देन हैं। मथुरा का जवाहरबाग कांड भी इनकी सरकार में हुआ। माफियाओं को पोषित पल्लवित करने वाले लोग आज सनातन के धर्म प्रचारकों पर उंगली उठा रहे हैं।

इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे पंकज कटारा, अनिकेत तोमर, राहुल पाराशर, नरेश पंडित, पदम सिंह, आशीष पाराशर, गिरीश शर्मा, शिवम त्यागी, हैप्पी सिंह, लोकेश, विवेक रावत, अजय शर्मा, गगन कटारा, मानवेंद्र फौजदार, नागेंद्र फौजी आदि।

ईटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ने स्कूटर में मारी टक्कर, छात्र गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस। आगरा

थाना पिढौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव बरपुरा के पास एक ईंटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ने एक स्कूटर सवार छात्र को चपेट में लेकर टक्कर मार दी जिससे छात्र गंभीर घायल हो गया एकत्रित ग्रामीणों ने घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

देवदत्त 18 वर्ष पुत्र पुन्नी लाल पूर्व प्रधान निवासी चंडीगढ़ शाला थाना पिढौरा छात्र इलेक्ट्रिक स्कूटर से रोजाना कोचिंग करने के लिए पिनाहट के लिए आता है। शनिवार शाम को कोचिंग करने के बाद छात्र अपने स्कूटर से घर गांव चंडीगढ़ शाला वापस जा रहा था। तभी बरपुरा गांव के पास एक ईंटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने छात्र के स्कूटर को चपेट में लेकर टक्कर मार दी।

जिस पर सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। एकत्रित ग्रामीणों ने घेराबंदी का ट्रैक्टर और ट्राली को पड़कर लिया और पुलिस को सूचना दी गई। वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायल छात्र को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां छात्र का इलाज जारी बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में ओवरलोड ईंटों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली बिना कागजातों के क्षेत्र के सड़क मार्ग पर दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं जिनसे आए दिन बड़े-बड़े हादसे हो रहे हैं।

मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जलभराव की समस्याओं के समाधान के लिए गांवों का किया दौरा

जन एक्सप्रेस। आगरा

होमगार्ड विभाग और नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने शनिवार को आगरा का दौरा किया। मंत्री प्रजापति ने जलभराव की समस्याओं का समाधान करने के लिए विकासखंड खंदौली के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पैतखेड़ा, पर्वतपुर, सोरई, सोनिगा, भूड़ नगरिया और हाजीपुर खेड़ा का निरीक्षण किया। मंत्री ने इन गांवों में जलभराव की गंभीर स्थिति का गहराई से मूल्यांकन किया और ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने पाया कि हाल की बारिश के कारण सड़कों और खेतों में अत्यधिक जलभराव हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। धर्मवीर प्रजापति ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलभराव की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने पानी की निकासी के लिए आवश्यक उपायों को प्राथमिकता देने और समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए स्थायी समाधान निकालने की सलाह दी। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा और उन्होंने गांव वालों से सहयोग की अपील की। साथ ही, उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया और भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

रविवार को मंत्री धर्मवीर प्रजापति कुल्हाड़ा आश्रम थाना खैरागढ़, आगरा में जलभराव की समस्याओं के दृष्टिगत गांवों का दौरा करेंगे। इसके बाद वे ग्राम जाजऊ विख सैंया, थाना सैंया जनपद आगरा में भी जलभराव की समस्याओं की समीक्षा करेंगे। मंत्री प्रजापति ग्राम हिरोड़ा-बैरिया, वि0 ख0 सैंया, थाना सैंया जनपद आगरा में भी जलभराव की समस्याओं के समाधान के लिए गांवों का दौरा करेंगे और टेंट में विस्थापित पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करेंगे।

खतरे से 5 मीटर नीचे बह रही चंबल, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

जन एक्सप्रेस। आगरा

चंबल नदी खतरे के निशान से सिर्फ 5 मीटर नीचे रह गई है। तेज उफान के साथ प्रति घंटा 30 सेंटीमीटर की रफ्तार से चंबल नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। एडीएम बाह ने चंबल नदी का जायजा लिया। नदी के पास के गांवों के लोगों को एलर्ट रहने को कहा। तीन दर्जन गांवों के संपर्क मार्गों पर पानी भर गया है। कोटा बैराज से 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

इसके अलावा लगातार हो रही बरसात से चंबल का जलस्तर बढ़ रहा है। खतरे का निशान 130 मीटर पर है। नदी का जल स्तर 125 मीटर पर पहुंच चुका है। खतरे के निशान से सिर्फ 5 मीटर नीचे चंबल नदी बह रही है। आसपास के गांवों में बाढ़ की सी स्थिति बन रही है। नदी के पास के 30 से ज्यादा गांव के संपर्क मार्गों पर चंबल नदी का पानी भर गया है। लोग दहशत में हैं। घरों के सामान को संभाल रहे हैं। प्रशासन ने गांवों में हाई एलर्ट जारी कर दिया है। नदी के किनारे के गांव में राजस्व टीम तैनात कर दी गई है। ग्रामीणों को चंबल नदी किनारे न जाने की हिदायत दी गई है।

बाढ़ चौकियां स्थापित की गईं

एडीएम बाह सृष्टि सिंह ने पिनाहट पर चंबल नदी का जायजा लिया। अधीनस्थों को तटवर्टी गांव में तैनात रहने के निर्देश दिए। बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। चंबल नदी के किनारे बाजार, तिलहन, उड़द,मूंग की फसलें पानी में डूब गई हैं। स्टीमर संचालन बंद कर दिया गया है। नदी के पास के गांवों के लोगों को ऊपरी सतह पर जाने के लिए कहा गया है।

नर्स को गोली मारने वाले शातिर से हुई पुलिस की मुठभेड़, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/आगरा। कमिश्नरेट पुलिस ने शुक्रवार की तड़के दो मुठभेड़ों में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दो बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली भी लगी। पहली मुठभेड़ में ताजगंज पुलिस ने नर्स को गोली मारने वाले बदमाश बबलू को गिरफ्तार किया। जबकि दूसरी मुठभेड़ में खेरागढ़ पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी दो बदमाशों सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता और नेत्रपाल उर्फ नित्ता सहित एक अन्य बदमाश विनोद को गिरफ्तार किया। इस दौरान बबलू और विनोद के पैर में गोली लगी। डीसीपी मुख्यालय सैयद अली अब्बास ने मीडिया को बताया कि आरोपी बबलू नगला टीन ताजगंज का रहने वाला है। उसने नर्स को गोली मारी थी। नर्स का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि बबलू ने पकड़ने गई पुलिस टीम पर भी फायरिंग कर दी। बाइक पर सवार बबलू पुलिस को करीब तीन किलोमीटर तक दौड़ाता रहा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके पैर में लगी। पैर में गोली लगते ही आरोपी बाइक समेत सड़क पर गिर गया। आरोपी ने कबूल किया कि उसने गुरुवार की शाम अपनी मंगेतर मुस्कान मौर्य पर गोली चलाई थी।

धूमधाम से मनाया गया एनटीपीसी में हिंदी दिवस, हिन्दी पखवाड़ा का हुआ शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के एनटीपीसी टांडा परियोजना में 14 सितबर हिन्दी दिवस के अवसर पर परियोजना कार्यकारी निदेशक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय द्वारा प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में हिन्दी पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा0 जय प्रकाश कर्दम, प्रसिद्ध लेखक, संपादक, अनुवादक एवं पूर्व निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, समस्त विभागाध्यक्षगण, परियोजना के समस्त राजभाषा नोडल अधिकारी व यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा0 जय प्रकाश कर्दम ने हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 सितंबर 1949 को हमारे देश की संविधान सभा द्वारा हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया इसलिए आज की तारीख देशवासियों के लिए ऐतिहासिक है। उन्होने कहा कि संविधान निर्माताओं ने देश की एकता एवं अखण्डता के लिए हर दृष्टि से हिंदी भाषा को सर्वमान्य भाषा के रूप में उपयुक्त पाया। आजादी के उपरान्त संविधान सम्मत भाषा हिंदी को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर निरंतर विविध प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने उपस्थित सभी सदस्यों से कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए आग्रह किया। हिंदी में कार्य करना बहुत आसान है तथा हिंदी में कार्य करके हमें गर्व की अनुभूति करनी चाहिए। उन्होंने हिन्दी पखवाड़ा की सफलता की कामना की। समारोह में उपस्थित राजभाषा नोडल अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों ने हिन्दी के प्रति अपने-अपने विचार व्यक्त किये। विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान ने हिन्दी की नीतियों के बारे में उपस्थित सभी अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि टांडा परियोजना में हिंदी पखवाड़ा 14-28 सितम्बर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान कर्मचारियों, परिवारजनों एवं सहयोगियों के लिए हिंदी सुलेख, हिंदी निबंध लेखन, हिंदी चलचित्र (श्रवण एवं दृश्य), श्रुतिलेख प्रतियोगिता, आशु-भाषण, हिंदी अनुच्छेद प्रश्नोत्तर और स्वरचित कविता/कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित जनों से प्रस्तावित प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर हिंदी पखवाड़ा को सफल बनाने की अपील की।

हिन्दी दिवस समारोह
हिन्दी पखवाड़ा 2024

जल जीवन मिशन के शुद्ध जल के सेवन के बारे में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद में जल जीवन मिशन **हर घर जल** परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत- देहमा, विकास खंड - भीटी, में ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आई एस ए - मां दुर्गा शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा के कुशल नेतृत्व में एवं सहायक अभियंता पवन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत देहमा में ग्रामीण समुदाय के लोगों को शुद्ध जल के बारे में जागरूक किया गया तथा पानी की टंकी के पानी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया तथा यह जानकारी दी गई की परियोजना के कुशल संचालन के उपरांत हमारे जीवन में जो 80 प्रतिशत से अधिक बीमारियां दूषित जल के सेवन करने से हो रही हैं उस से बचा जाएगा तथा इस पैसे का प्रयोग अपने विकास कार्यों में प्रयोग किया जाएगा जो हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपनों ÷स्वच्छ भारत÷ ÷स्वस्थ्य भारत÷ ÷विकसित भारत÷ को साकार करेगा द्य इस मौके पर संस्था के प्रोजेक्ट को - ऑर्डिनेटर सुभाष सिंह एवं सामुदायिक कार्यकर्ता काजल भारती सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

शारदा नदी के तटवर्ती ग्रामीणों ने जाग कर काटी रात, सुबह तक बाढ़ के पानी से घिर गए दर्जनों गांव

- घरों में घुसा चार से पांच फिट पानी, सुरक्षित स्थानों पर बनाया ठिकाना
- भोजन तो दूर पेयजल के लिए भी छटपटाते दिखे बाढ़ प्रभावित परिवार

जन एक्सप्रेस । अजय शर्मा

हजारा/पूरनपुर। बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद शारदा नदी उफना गई।बाढ़ का अपनी एक दर्जन से अधिक गांवों में घुस गया। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने पानी से निकलकर सुरक्षित ठिकानों पर शरण ली। अधिकांश परिवार छतों पर तिरपाल तानकर गुजर बसर कर रहे हैं। मुख्य मार्गों पर चार से पांच फीट पानी बह रहा है।आवागमन पूरी तरह बंद है। ग्रामीण ने प्रशासनिक अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया है।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्र में हो रही बरसात लगातार जारी है। बुधवार से शुरू हुई बरसात शुक्रवार दोपहर तक जारी रही। शुक्रवार बनबसा बैराज से 4.61 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा नदी के तटवर्ती गांव पानी से जलमग्न हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि बनवास बैराज से पानी छोड़ जाने का अलर्ट पहले ही जारी कर दिया गया था। शुक्रवार दोपहर से नदी में पानी बढ़ाना शुरू हो गया। बाढ़ से खतरे को लेकर ग्रामीण रात भर जागते रहे।

सुबह तक बाढ़ के पानी ने बाजार घाट, बैल्हा राघवपुरी, धर्मपुरी विनोबा नगर, आजाद नगर, मुरैना गांधीनगर, चंदिया हजारा, राहुल नगर, खिरकिया बरगदिया, ध्रुव कॉलोनी नंबर छह के घरों को चपेट में ले लिया। गांव में चार से पांच फिट पानी बहने लगा। बाढ प्रभावित कुछ परिवारों ने बाढ़ के पानी से निकलकर जंगल के किनारे ऊंचे स्थानों पर शरण ली है। अधिकांश परिवार पक्के मकान की छतों पर तिरपाल तानकर बसेरा बनाए हुए। घरों में पानी भरा होने से गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। कई घरों में बीते दो दिनों से चूल्हे नहीं जले हैं।घरों में पानी भरा होने से नल डूब गए। बीस हजार की आबादी भूख से छटपटाहट रही थी। बच्चे प्यास से व्याकुल थे। घरों में शुद्ध पेयजल नहीं है। ग्राम प्रधान की ओर से पानी की कैन ट्रैक्टर ट्राली की मदद से प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई जा रही है लेकिन वह ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही हैं। बाढ़ का अलर्ट जारी होने के बाद ग्रामीणों ने अपने वाहनों को गांव से निकाल कर सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा दिया। अधिकांश मवेशी घरों में भूख से छटपटा रहे हैं। बाढ़ का पानी भरा होने से चारे का प्रबंध नहीं हो पा रहा है। मुख्य मार्गों पर पानी का बहाव होने के कारण रोजमर्रा की चीज भी गांव तक नहीं पहुंच पा रही। प्रशासनिक अधिकारियों के न पहुंचने से ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ गया। बाढ़ प्रभावित परिवारों का आरोप है कि बाढ़ के बीच फंसे ग्रामीणों की प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली। 48 घंटे से बाढ़ के बीच फंसे हुए हैं। खाने का कोई प्रबंध नहीं है। बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए गांव में नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणो ने राहत बचाव कार्य, भोजन, पानी, और राहत सामग्री की मांग की है।





> दशकों से बाढ़ का दंश झेलते आ रहे हैं। बाढ़ के पानी से फसलें डूब गई है।गांव से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है। प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से कोई राहत नहीं मिली है।
>
> –विकास, चंदिया हजारा

> एक साल में कई बार गांव बाढ़ की चपेट में आता है। बाढ़ खंड की और से करोड़ों रुपए खर्च कर तटबंध का कार्य कराया गया।पहली बरसात में ही बांध कट गया।
>
> –सपन सरकार, चंदिया हजारा

> घर में चार फीट पनी भरा हुआ है। दो दिन से चूल्हा नहीं जला है। बच्चे भूख से छटपटा रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली है। गृहस्थी का सामान भीग गया है।
>
> –जगदीश पांडे, चंदिया हजारा

> बाढ़ का पानी घरों में बह रहा है। घरों में लगे नल बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। खाना बनाने और पीने के लिए पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ग्राम प्रधान की और से पानी की केन पंहुचाई जा रही है, लेकिन सभी परिवारों को नहीं मिल पा रही हैं।
>
> भोला सरकार, चंदिया हजारा

> बनबसा बैराज से छोड़ा गया पानी शुक्रवार की रात बैल्हा और चंदिया हजारा गांव में घुस गया था। अब नदी में पानी तेजी के साथ घट रहा है। ग्रामीणों के लिए कम्यूनिटी किचन से जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया था। शुक्रवार को दोनों गांवों के सभी ग्रामीणों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ टीम भी मुस्तैद है।
>
> राजेश कुमार शुक्ला,
> उपजिलाधिकारी, पूरनपुर

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंची एनडीआरएफ टीम

बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए जिला एवं तहसील प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है।नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को बाढ़ से बचाने के लिए 32 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम हजारा क्षेत्र में पहुंच चुकी है। जिसे खीरी जिला के संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के सोनिया इंटरनेशनल स्कूल मझरा में रोका गया है। यहां बता दें कि 8 जुलाई को क्षेत्र में आई भयंकर बाढ़ में फंसे 92 ग्रामीणों को हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम ने सकुशल निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया था।

बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को बांटी नि:शुल्क दवाइयां

हजारा थाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा, की चिकित्सक रश्मि श्रीवास्तव के द्वारा क्षेत्र के मुरैना गांधी नगर,श्री नगर, कुठिया गुदिया में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण करने के उपरांत संबंधित रोग सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, खुजली, आदि रोगों से संबंधित निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। चंदिया हजारा में डॉक्टर सुशांत हलदर ने पहुंचकर मरीजों का परीक्षण किया ।निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया ।इस दौरान फार्मासिस्ट अनिल सिंह स्टाफ नर्स प्रतिभा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

दो दिन से अंधेरे में डूबी बीस हजार की आबादी

तेज हवा और बाढ़ के बीच विद्युत व्यवस्था भी बेपटरी हो गई है। बाढ़ प्रभावित गांव खिरकिया बरगदिया, राहुलनगर, ध्रुव कलोनी नम्बर छह में बीते दो दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। चारों तरफ बाढ़ के पानी से घिरे गांव रात के अंधेरे में डूबे हुए। विद्युत उपकरण भी पानी में भीगकर खराब हो गए हैं।मोबाइल चार्ज न होने से संपर्क भी कट गया है।

मुख्य मार्गों पर पानी का बहाव होने से आवागमन बाधित

बाढ़ का पानी निचले क्षेत्र में पांच से छह फिट बह रहा है। चंदिया हजारा, खिरकिया बरगदिया, राहुलनगर, ध्रुव कलोनी नम्बर छह, नहरोसा, राणाप्रताप नगर, कबीरगंज, अशोकनगर, भरतपुर, चंदननगर हजारा, सिध्द नगर का सम्पर्क कट गया है। गांव में भी एक स्थान से दूसरे स्थान तक पंहुचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

ट्रांस शारदा क्षेत्र में एसडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा

नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र में एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने राजस्व टीम के साथ प्रभावित गांवों दौरा किया ।हालातों का जायजा लिया ।ग्रामीणों को जरूरी सामान के सुरक्षित स्थानों पर रहने का सुझाव दिया ।इसके साथ ही उप जिलाधिकारी टीम के साथ शुक्रवार की रात में ही राणाप्रतापनगर शारदा नदी पार पहुंच कर बाढ़ की स्थिति को देखा। तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ट्रैक्टर की मदद से गांव चंदिया हजारा पहुंचे। बाढ़ शरणालय का निरीक्षण कर ग्राम प्रधान से स्थिति की जानकारी ली। बाढ़ चौकियों को भी सतर्क किया है ।नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित राजस्व लेखपाल आशिष निषाद, श्याम मौर्या, खेमकरन मौजूद रहे।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से की भेंट

- जिले की बाढ़ एवं बारिश से होने वाली क्षति की दी जानकारी, मुख्यमंत्री को भेंट किया चित्र

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

पीलीभीत। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी से भेट की और जिलें की विकास एंव कानून व्यवस्था स्थिति पर विस्तार पर चर्चा की। राज्यमंत्री ने खास तौर पर बाढ़ और वारिश से जिलें में सुरक्षा के प्रबन्ध किए जाने की आवश्यकता बताई। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा कि जनपद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है जहॉ लगभग हर वर्ष जनपद वासियों को बाढ़ विभिषका का सामना करना पड़ता है। बाढ़-वारिश के दौरान जहॉ सैकड़ो परिवार वेघर हो जाते है वही किसानों को फसलों का भी काफी नुकसान उठाना पडता है। इस बार भी अधिक वारिश होने के कारण जनपद में बाढ़ की आंशका बनी हुई है जबकि वारिश के दौरान बडी संख्या में लोगों को घर से वेघर होना पडा है। वारिश के दौरान ही तेज हवायें जलने से बडे पैमाने पर किसानों की धान, गन्ना आदि की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ऐसी स्थिति में जनपद में जहॉ एक ओर बाढ़ से बचाव एंव सुरक्षा के प्रबन्ध किया जाना अति आवश्यक है वहीं किसानों की क्षतिग्रस्त हुई फसलों की जॉच कराकर उनको आवश्यकता अनुसार मुआवजा दिए जाने की भी महती आवश्यकता है। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मुख्यमंत्री से चित्र भी भेट किया।

राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मुख्यमंत्री जी को जिलें की कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही जिलें में हो रहे विकास कार्यों से अवगत कराते हुए अधूरे पड़े कार्यों को तीव्र गति से किए जाने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होनें यह भी बताया कि जिलें की वन क्षेत्र से सटी आवादी को हिंसक पशुओं का शिकार होना पड रहा है ओर कई घटनायें हो चुकी है ऐसी स्थिति में वन विभाग से जुडे अधिकारियों को वन क्षेत्रों से सटी आवादी के लोगों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रबन्ध किए जाने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री जी ने राज्यमंत्री श्री गंगवार द्वारा उठाई गई जनसमस्याओं के तीव्र निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के पठखौली आलमगंज गांव में महिलाओं को गाली और पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बरसठी पुलिस एक नामजद और अज्ञात के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया है ।घटना 22 अगस्त का है। गांव के यासीन ने आरोप लगाते हुये पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया कि घर की बहू बेटी खेत मे काम करने के दौरान महिलाओं को अपशब्द गंदी गंदी गालियां देना और 22 अगस्त को जब मैं खेत मे था तो हमे भी गाली और धमकी दिये। पीड़ित पुलिस से शिकायत किया लेकिन सुनवाई नही हुई तो पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया और संज्ञान में लेते हुये पुलिस को प्राथमिक दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस गांव के विमलेश और अज्ञात के खिलाफ धारा 75(1), 352, 131, 351(3) का मुकदमा दर्ज किया है।

बीसलपुर में भगवान गणेश चौथ एवं मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से निकली

- जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत, रंग गुलाल से सराबोर हुआ शहर
- गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार ने पूजन कर किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

> नगर में आज धूमधाम से भगवान गणेश मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। मेरे द्वारा शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया है। भगवान गणेश के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह देकर मन आनंदित हो गया। विधि विधान से नदी में मूर्ति को विसर्जित किया गया है।
>
> संजय सिंह गंगवार,
> राज्य मंत्री गन्ना विकास चीनी मीले।

नगर में भगवान गणेश चौथ एवं मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा देखने को नगर में जन सैलाब उमड़ पड़ा। चौराहा, मकान की छतों व घरों से शोभायात्रा पर फूलों की वर्षा कर भगवान गणेश की जय जयकार की गई। गाजे बाजों के साथ बीसलपुर शहर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में गणेश भक्त शामिल हुए। गुलाल की बौछार व गणपति बप्पा मोरिया के जयघोस से नगर गुंजायमान हो उठा। प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री ने नगर पालिका में बनी दुकानों का उद्घाटन किया इसके बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार ने बीसलपुर पहुंचकर नगर पालिका में बने काम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इसके बाद जानकी रतन मंदिर में पूजन कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा धूमधाम से आगे बढ़ी सबसे आगे बैंड बाजे वाले मधुर संगीत की ध्वनि छेड़ते हुए चल रहे थे और रंग व गुलाल उड़ा कर गणपति बप्पा मोरया अगली बारस तू जल्दी आ के जयकारे करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा मंदिर गेट से प्रारंभ होकर मठिया नाथ चौराहा, कोतवाली रोड, डिग्री कॉलेज रोड, पीलीभीत बस स्टैंड, 12 पत्थर चौराहा से होती हुई गोपी टॉकीज मार्ग, छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, स्टेशन रोड होती हुई कटना नदी के तट पर पहुंची। नदी के जल में मूर्ति को विसर्जित कर दिया गया।

शोभायात्रा में भगवान गणेश की मूर्ति के साथ प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की, संस्था के अध्यक्ष राकेश बाथम, जानकी रतन मंदिर के पुजारी लखनलाल मिश्रा, आलोक नगाइच एडवोकेट, प्राजंल मिश्रा, पारुल गुप्ता सहित कई गणेश भक्त बैठे हुए थे। शोभायात्रा के दौरान नगर के पीलीभीत बस स्टैंड, 12 पत्थर चौराहा, बड़ा स्थल चौराहा, बड़ा चौराहा सहित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटकी फोड़ने वाले श्रद्धालुओं को नगद इनाम देकर पुरस्कार दिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस फोर्स शोभायात्रा के साथ चल रहा था। उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह, पुलिस क्षेत्र अधिकारी प्रतीक दहिया, प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में कोषाध्यक्ष पारुल गुप्ता, केशव किशोर गुप्ता, प्राजंल मिश्रा, संस्थापक भाऊलाल, प्रकाश मराठा, सकटे लाल कश्यप, अनिल वर्मा, मुकेश सक्सेना, विनोद अग्रवाल, दिलीप दुबे, रोहित मिश्रा, नवल किशोर गुप्ता, अभिनव शर्मा, राजेश अवस्थी, आशीष अग्रवाल, रजत मराठा, प्रेमपाल शर्मा, भुवनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में गणेश भक्त शामिल रहे।

केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने का कार्य करूंगा: दिनेश चन्द्र सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

नवागत जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र सिंह ने शनिवार को जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार में पदभार ग्रहण किया।

इसके साथ ही उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास व राजस्व कार्यो की जानकारी भी ली। उन्होंने पत्रकार बन्धुओं से वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विकास परक योजनाओं को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग से धरातल पर लाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जन शिकायत का निस्तारण उनकी प्राथमिकता रहेगी।

इसके साथ ही किसानों से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया जाएगा। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाएगा। विकास कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाएगा व योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। वर्ष 2012 बैच के आईएएस ऑफिसर श्री दिनेश चंद्र जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान निर्देशित किया कि धारा 80 के एक भी विवाद लंबित न रहे।

वरासत दर्ज करने के मामलों में शिथिलता न बरतें। वरासत दर्ज कराना प्राथमिक कार्यो में शामिल रहेगा। इसके लिए उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर को नोडल अधिकारी नामित किया है जिनके द्वारा वरासत के पोर्टल पर दर्ज वरासत रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी जाएगी। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि एक-एक लेखपालों की समीक्षा करें। जिन लेखपालों के द्वारा वरासत दर्ज करने के मामलों में अच्छा कार्य किया जाएगा उनको पुरस्कृत एवं लापरवाही बरतने वाले लेखपालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लंबित आवेदनों की समीक्षा भी कीझ। इससे पूर्व जनपद आगमन पर उन्हें निरीक्षण भवन में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मां शीतला चौकिया धाम में पूजा अर्चना की और गायों को लाई एवं गुड़ खिलाया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 37251 मामले हुए निस्तारित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जौनपुर विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन व कुशल निर्देशन तथा श्री रणजीत कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 एक्ट, नोडल अधिकारी लोक अदालत एवं श्री प्रशांत कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर की देखरेख में जनपद न्यायालय परिसर जौनपुर में 14 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, जनपद न्यायाधीश जौनपुर द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, समस्त अपर जनपद न्यायाधीशगण, अपर प्रधान न्यायाधीशगण तथा समस्त सिविल व फौजदारी न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित 4290 एवं राजस्व न्यायालयों तथा प्रशासन के अन्य विभागों में प्रीलिटिगेशन वाद कुल 56896 अर्थात कुल 61,186 मामलें निस्तारित हुए तथा समझौता राशि कुल रू0 10,84,23,062 रुपये की गई। प्रभारी पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण श्रीमती अपर्णा देव द्वारा क्षतिपूर्ति के 45 मुकदमें लगाये गये जिनमें से 39 मामलों का निस्तारण कराते हुए कुल रू02,72,50,000 रुपये की धनराशि क्षतिपूर्ति याचीगण को दिलायी गयी। न्यायालय अपर जिला जज चतुर्थ जौनपुर द्वारा वसूली के 01 वाद का निस्तारण करते हुए 1,05,020 में समझौता कराया गया एवं विद्युत के 54 वादों का निस्तारण कराया गया। पारिवारिक न्यायालयो द्वारा 124 मुकदमों को निस्तारित किया गया जिसमें पीड़िता को मु0 1,07,05,000 रूपये की समझौता राशि प्रदान करायी गयी।

बाढ़ के पानी में डूबने से खिरकिया बरगदिया के ग्रामीण की मौत

- चार घंटे चली खोजबीन के बाद नाला से बरामद हुआ शव
- नाव से बाहर लाया गया शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

बाढ आने के बाद घर से सामान निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने के दौरान ग्रामीण पानी के तेज बहाव में आकर डूब गया।गोताखोरों की मदद से कई घंटे बाद शव तलाश कर निकाला गया। मुख्य मार्ग पर पानी होने से घटनास्थल पुलिस पुलिस तक नहीं पंहुच सकी।शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद गांव खिरकिया बरगदिया में चार से पांच फीट पानी बहने लगा। शनिवार बाढ़ का पानी सुरेन्द्र के घर में घुस गया।सुबह गृहस्थी का सामान बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले जा रहा था। पानी का बहाव तेज होने के कारण पैर फिसला गया। पानी के बहाव में वह नाला के पास चला गया।युवक को डूबता देख ग्रामीणों ने रेस्क्यू का प्रयास किया। पानी का बहाव तेज होने के कारण ग्रामीणों को सफलता नहीं मिली। बताया जा रहा है कि युवक तैरना नहीं जानता था। स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दी। युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद शव को नाला से बाहर निकाला गया। युवक की तीन छोटे बच्चे और पत्नी का हादसे के बाद से रो रो कर बुराहाल है। मुख्य मार्ग पर पानी अधिक होने के कारण सूचना के बाद भी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पंहुच सके।शव को नाव पर रखकर बाहर लाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर कोतवाली राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि युवक के पानी में डूबने की सूचना मिली थी। पुलिस को मौके पर भेजा गया। तलाश के दौरान कुछ दूर पर शव मिल गया।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से छात्रा की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क दुघर्टना में दादर पुल पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक छात्रा की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आजमगढ़ जनपद के अम्बारी चौकी क्षेत्र के खंजहापुर गांव के बनतरिया निवासी 14 वर्षीय खुशी यादव पुत्री मनोज यादव सेंट थामस इंटर कालेज की कक्षा 8 की छात्रा थी। शनिवार को दोपहर में छुट्टी के बाद साइकिल से घर जा रही थी।कि दादर पुल पर पीछे से मिट्टी लदी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने छात्रा को रौद दिया। जिसके चलते मौके पर ही छात्रा की मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान व प्रभारी निरीक्षक रोहित मिश्रा मौके पर पहुंचे कर परिजनों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले चालक की तलाश में जुटी हुई है। मृतक छात्रा एक भाई दो बहन थी।

शासन-प्रशासन की ईमानदार छवि को धूमिल करने के लिए मनरेगा एवं विकास खण्ड के अधिकारी करा रहे मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार

- मोबाइल मानीटरिंग में सेंधमारी, 539 मजदूरों की डिमांण्ड लगाकर मौदहा क्षेत्र पंचायत मनरेगा के बरसाती खेल में नंबर वन
- लगातार जनपद में बारिस पर भी भ्रष्ट कर्मचारी दिखा रहे मनरेगा योजना में मजदूरो से कार्य

जन एक्सप्रेस । रवींद्र कुमार भारतवंशी



State : UTTAR PRADESH District : HAMIRPUR Block : MUSKA

Work Code : 3141022008/WC/958486255823392292 Work Name : BANDH NIRMAN KARYA BHARAT KE KHET SE RAMPAL

Group Photo 1

Uploaded Group Photo-1

हमीरपुर। जनपद हमीरपुर मे लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से बाढ़ की संभावना बन गई परंतु मनरेगा के अधिकारी आपदा को अवशर पर सरकारी धन राशि लूटने की योजना के साथ 17156 मजदूरो की फर्जी डिमाण्ड लगाकर करोडो रुपए गबन कर रहे हैं।

जहां जनपद की 330 ग्रामीण सरकारों के सापेक्ष 270 ग्रामीण सरकारे 5,69,23, 608 रूपये के भुगतान की व्यवस्था कर रही है वहीं जनपद की मौदहा विकासखण्ड ने 3654 मजदूरो की डिमाण्ड लगाकर 14 दिन मे 1,21,23,972 रूपये की भुगतान की व्यवस्था कर सराहनीय सहयोग किया है। जबकि मानिटरिंग कर रही मौदहा क्षेत्र पंचायत ने भी 539 मजदूरो की डिमाण्ड लगाकर 17,88,402 रूपये को बरसाती पानी मे बहाने की व्यवस्था कर दी है।

जनपद मे आज 330 के सापेक्ष 219 ग्रामीण सरकारों ने 17156 मजदूरो की डिमाण्ड दर्ज करायी है। जिनमे 3654 मजदूरों की डिमाण्ड दर्ज कराकर मौदहा विकास खण्ड जनपद मे नम्बर वन पर है। दूसरे नम्बर पर विकास खण्ड समेरपुर है जिसने 2816 मजदूरो की डिमाण्ड दर्ज की है। जबकि 2704 मजदूरो की डिमाण्ड दर्ज कराकर विकासखण्ड मुस्करा तीसरे नम्बर पर है। इसी क्रम मे चैथे नम्बर पर राठ तो पांचवे नम्बर पर सरीला, छठे नम्बर पर कुरारा व सातवें नम्बर पर विकास खण्ड गोहाण्ड है। हालाकि इतनी बडी तादाद मे मजदूरों की डिमाण्ड लगाकर काम कराने का सारा श्रेय ग्रामीण सरकारों को देना बेइमानी होगा।

क्योंकि इनकी निगरानी मे लगे कार्यक्रम अधिकारी के सहयोग कि बिना बरसात मे मजदूरों की कागजी डिमाण्ड पूरी कराना आसान नहीं है। जो जांच का विषय है। और 24 घण्टे से लगातार हो रही बरसात मे भी मनरेगा मजदूरों से चकरोड बनवाने की मोबाईल मानीटिरिंग हो गयी तो सवाल बनता है। जिसके जवाब मे श्रम उपायुक्त मनरेगा द्वारा कहा गया कि वह जनपद से बाहर विभागीय मीटिंग मे व्यस्त है लौटते ही इसकी जांच करवायेगे। बताते चले की जनपद हमीरपुर में 10 सितम्बर से लगातार 3 दिनों तक भारी बारिस होने के बाबजूद जनपद की सातों ब्लॉक में दर्जनों गाँव में मजदूरो के द्वारा धरातल में कार्य दिखाया गया जिसमे NMMS एप्प के माध्यम से पुरानी कार्यो की फोटो लगाकर फर्जी मजदूरी दिखाते सरकारी धनराशि के ग़बन का खेल खेला जा रहा है जिसकी जानकारी पहले भी मुख्य विकास अधिअकरी एवं मनरेगा के अधिकारियो को दी जा चुकी है।

गौरतलब है कि डबल इंजन की सरकार मे भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के दिन पूरी तरह लद चुके है। अच्छे दिनो को दौर जहां मनरेगा मजदूरों के लिये खुशहाली का पैगाम लेकर आया है वहीं इनको काम देकर इनके निगरानीकर्ता भी जांच के नाम पर इन अच्छे दिनों मे दिन दूनी रात चैगुनी तरक्की कर रहे है। मनरेगा मजदूरों को गांव मे भरपूर रोजगार यहां की ग्रामीण सरकारें उपलब्ध करा रही है जबकि मनरेगा मे मजदूरों की जगह लम्बे समय से काम कर जेसीबी मशीने अब लापता हो चुकी है।

अच्छे दिनों में मनरेगा निधि से लगभग 55 करोड रुपए उड़ाने के बाद मौदहा विकास खंड के होनहार अधिकारियो सहित जनपदीय अधिकारी भी प्रदेश के मुखिया से सम्मान पा चुके है जिससे प्रोत्साहित होकर विकास खंड मौदहा एक बार फिर ऐसा ही सम्मान पाने के लिए कठोर परिश्रम करते हुये जनपद मे सबसे आगे है। हालाकि मनरेगा मजदूरों के अच्छे दिन लाकर पलायन रोकने वाले यहां के होनहार अधिकारियो सहित जनप्रतिनिधियों पर भी रातो रात जेसीबी से काम कराकर बड़े घोटाले के आरोप लगते रहते हैं, जो जांच का विषय है किन्तु कहते है चोर चोर मौसेरे भाई।

अतः लम्बे समय से हो रहे मनरेगा घोटाले पर जांच के बाद भी घोटाला कुछ समय रूक कर पुनः अपने शबाब पर पहुंच जाता है, जो जांच अधिकारियों पर भी कार्यवाही का विषय है जिसमे जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने सज्ञान लेते कार्यवाही की बात कही है वंही विकास खण्ड अधिकारी सुमेरपुर ने सभी ग्राम विकास अधिकारियो को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही है।

गोली लगने से दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हमीरपुर जिले में राठ के उरई बस स्टैंड नहर के पास बगिया में गोली चलने से दो युवक घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। यहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज, उरई रेफर कर दिया। आरोपी युवक बिच्छू गैंग के सदस्य बताए जा रहे हैं।

जरिया थाना क्षेत्र के कछवाकलां गांव निवासी नितिन राजपूत पुत्र रूप कुमार ने बताया कि वह शनिवार को बीए का पेपर देकर उरई से लौट रहे थे। तभी कुर्रा गांव के मोंटी ने फोन करके उरई बस स्टैंड नहर के पास राम बाग में बुलाया। यहां पर पहले से गुटक्कारा निवासी नितेंद्र कुर्रा निवासी मोंटी और जरिया थाने के छिबौली गांव के दीपक मौजूद थे। इसी दौरान तमंचे से फायर हो गया। गोली लगने से नितिन राजपूत (28) और नितेंद्र (25) घायल हो गए। गोली नितिन के बाएं हाथ की कलाई व नीतेंद्र के बाएं हाथ की भुजा में लगी। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां नितिन राजपूत की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज, उरई रेफर कर दिया।

अभी किसी ने नहीं दी है तहरीर

वहीं, नितेंद्र का उपचार किया गया। घायल नितेंद्र ने बताया कि नगर के बाराखंबा मोहल्ले में किसी से मोंटी का विवाद हो गया था। इसको लेकर मोंटी ने सभी को नहर के पास फोन करके बुलाया था। कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने कहा कि अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। मामले की जांच की जा रही है।

कच्चे मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

नजरापुर। कच्चे मकान की दीवार गिरने से मलबे में दबकर मजदूर की मौत हो गई। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के जसपुरापुर गांव निवासी रामकिशन (50) मजदूरी करते थे। रामकिशन अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रहते थे। शुक्रवार को मकान की दीवार गिर गई और उसके मलबे में रामकिशन दब गए। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। यहां पर उनकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया है। कानपुर में इलाज के दौरान रामकिशन ने दम तोड़ दिया। रामकिशन के परिवार में पांच बेटे और एक बेटी है।

रहमानिया कॉलेज के प्रबंधक बने अशरफ कमाल

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



मौदहा। रहमानिया इंटर कालेज के पूर्व प्रधान लिपिक अशरफ कमाल कालेज के नये प्रबंधक बनाए गए। जिनको कालेज स्टाफ ने मुंह मीठा कर बधाई दी।

कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज स्थित वी.एम.एच.एस रहमानियां इंटर कालेज के प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शफी अहमद खान जो बीते 37 वर्षो से कालेज के प्रबंधक पद पर कार्य कर रहे थे परन्तु बीमारी के कारण अपनी स्वेच्छा से प्रबंधक पद से त्यागपत्र देकर विद्यालय के पूर्व प्रधान लिपिक एवं प्रबंधक समिति के वरिष्ठ सदस्य अशरफ कमाल को प्रबंधक पद का कार्यभार सौंप दिया।

शफी अहमद खान ने एक लंबे अर्से तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय मे कानूनी लड़ाई लड़ते हुए विद्यालय को मुस्लिम अल्पसंख्यक का दर्जा दिलाया। बृहस्पतिवार को अशरफ़ कमाल ने रहमानिया इंटर कालेज के नये प्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया, जिसके उपरांत कालेज की प्रधानाचार्या डॉ रज़िया सुल्ताना सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने उनको मिठाई खिलाकर प्रबंधक बनने की बधाई दी। नवनियुक्त प्रबंधक अशरफ कमाल ने अपने सम्बोधन में कहा की वह विद्यालय की तरक्की के लिए भरसक प्रयत्न करेंगे।

इस दौरान रहमानिया इंटर कालेज के नवनियुक्त प्रबंधक सहित समस्त स्टाफ ने कालेज के संस्थापक मौलाना सैय्यद सलीम जाफरी साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हाईटेंशन लाइन से कंटेनर में उतरा करंट, ग्रामीण की मौत

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

बिवांर। थाना क्षेत्र के कुनेहटा गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 11.30 बजे हाईटेंशन लाइन से कंटेनर में उतरे करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत हो गई।

इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगा लाइन ऊंची कराने व गांव में खुले तारों के बजाय केबल डलवाने की मांग की। अधिकारियों के समझाने पर पांच घंटे बाद जाम खुल सका।

बसवारी-मौदहा रोड से होकर जा रहा कंटेनर कुनेहटा गांव में हाईटेंशन लाइन से टच हो गया। सड़क क्रॉस कर रही हाईटेंशन लाइन के खंभों से बंधी कई लोगों की केबल टूट गई। इसे देख वहां मौजूद गांव निवासी रामदास (52) ने अपनी केबल टूटने पर कंटेनर रुकवाने के लिए उस पर हाथ से ठोंका। इससे हाईटेंशन लाइन के करंट से वह झुलस गया और उसकी मौत हो गई। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने कंटेनर को घेर लिया। लेकिन चालक व खलासी मौके से भाग निकले। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने झूलते खुले तारों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने मांग की कि रोड़ क्रॉस करने वाली हाईटेंशन लाइन को ऊंचा कराने के साथ तारों के बजाय केबल डलवाई जाए।

साथ ही गांव के अंदर भी केबल डलवाने की मांग की। मौदहा एसडीएम सुरेश चंद्र व थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने शनिवार दोपहर तक ग्रामीणों की बिजली संबंधी समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

इस पर पांच घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। वहीं शव को मौदहा सीएचसी से पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेजा गया। ग्रामीण अविवाहित था और अपनी मां व दिव्यांग भाई का सहारा था।

पहले भी हो चुकीं घटनाएं

ग्राम प्रधान रामराज ने बताया कि पूरे गांव में तार ढीले हैं ओर झूल रहे हैं। इनसे कई घटनाएं हो चुकी हैं और लोगों की मौत हो चुकी है। बताया गांव का सत्यम नाम का एक युवक बीते सात माह पहले एचटी लाइन की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुका है। वहीं एक साल पहले कल्लू वर्मा की भी छत के पास से निकली एचटी लाइन से मौत हो गई थी। आरोप लगाया कि कई बार उच्चधिकारियों से गांव में केबल डलवाने की मांग की गई।

टोल बचाने के लिए यहां से जाते भारी वाहन

कुन्हेटा निवासी विनय तिवारी ने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से निकलने वाले हैवी वाहन टोल टैक्स बचाने के चक्कर में धनौरी गांव से राठ-हमीरपुर रोड़ पर उतर आते हैं और फिर बसवारी होते हुए कानपुर-सागर हाईवे के लिए इस लिंक रोड पर घुस जाते हैं। बताया रात में बिना रॉयल्टी गिट्टी और डस्ट लदे ट्रक भी यहां से तेज रफ्तार में फर्राटे भरते हैं। जिसने अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं।

चरस के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

KANNAUJ POLICE

- पांच किलो चरस कन्नौज से रसूलाबाद बेचने जा रहे थे

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कानपुर एसटीएफ यूनिट की सूचना पर कन्नौज पुलिस ने एक करोड कीमत की चरस समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो बिहार और एक कानपुर देहात का रहने वाला है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि चरस बिहार से कन्नौज लाई गई थी। तीनों बाइक से चरस रसूलाबाद बेचने के लिए ले जा रहे थे। पूरे गिरोह का पता किया जा रहा है।

एसपी के अनुसार कानपुर एसटीएफ यूनिट को जानकारी मिली कि बाइक सवार तीन युवक मादक पदार्थ लेकर आ रहे हैं। एसटीएफ ने कन्नौज पुलिस को सूचना दी। सदर कोतवाली पुलिस ने मानपुर रोड पर वाहन चेकिंग शुरू कराई। संदिग्ध बाइक सवारों को रोका गया तो उनके पास से पांच किलो चरस, एक बाइक, तीन मोबाइल व 1180 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में उनकी पहचान कानपुर देहात के थाना रसूलाबाद के ग्राम सिठाऊपुर्वा निवासी आदित्य उर्फ परशुराम उर्फ राजेश, बिहार छपरा के थाना रिबिलगंज निवासी अंकित और मोतीहारी सुगौली के सुगौली बाजार गांव निवासी दीपक गुप्ता के रूप में हुई।

तस्करों ने पुलिस को बताया कि बिहार से चरस लाकर कानपुर देहात और कन्नौज में महंगे दाम पर बेचते हैं। शनिवार को चरस सप्लाई करने रसूलाबाद जाने के लिए मुख्य मार्ग छोड़कर लिंक रोड से जा रहे थे। तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसपी के अनुसार बरामद पांच किलो चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है।

अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास

आदित्य उर्फ परशुराम उर्फ राजेश पर कानपुर नगर, देहात में छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अंकित और दीपक गुप्ता पर कन्नौज में एनडीपीएस के तहत एक-एक मुकदमा दर्ज है।

17 घंटे गुल रही 100 गांव और शहर की बिजली

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

लगातार बारिश और तेज हवाओं से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। शहर से लेकर गांव तक लोग बिजली न आने से परेशान रहे। मानपुर फीडर से जुड़े क्षेत्रों को 17 घंटे बिजली पानी के लिए तरसना पड़ा।

शहर के पीएसएम डिग्री कॉलेज के सामने, चौधरी सराय, मौसमपुर मौरारा, मसीदपुर्वा के अलावा ग्राम जलालाबाद, गुगरापुर, अनौगी, खुदलापुर, नेकपुर, मिरगांवां, सफीपुर, तिर्वा आदि जगहों पर पेड़ टूटकर बिजली के तारों और खंभों पर गिर गए। इससे जगह-जगह तार और खंभे टूट गए। तेज हवा और बारिश के कारण लोग घरों में दुबके रहे तो दूसरी ओर बिजली विभाग के कर्मी फाल्टों को सही कराने में लगे रहे।

मानपुर फीडर से जुड़े आधे शहर और करीब 100 गांवों को लगभग 17 घंटे के बाद सुबह सात बजे बिजली सप्लाई मिल सकी। इसके अलावा जलालाबाद क्षेत्र के गांवों की करीब 30 घंटे के बाद बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। इस दौरान लोग पीने के पानी तक के लिए तरस गए।

रातभर बंद रही 25 गांवों की बिजली

बारिश के चलते आए फाल्ट से अमोलर उपकेंद्र से पूरी रात बिजली सप्लाई ठप रही। शुक्रवार की सुबह सप्लाई बहाल हो सकी। बारिश के कारण उपकेंद्र में खराबी आने से बृहस्पतिवार की रात 25 गांव की 40 हजार की आबादी को बिजली नहीं मिल सकी। इससे अमोलर, नैपालपुर, गदोरा, बैसापुर, मझैइया, माधौनगर, कुडरी, लालसहायपुर्वा आदि इलाके अंधेरे में रहे। बिजली न आने से लोगों को पानी तक के लिए तरसना पड़ा। सुबह नौ बजे के करीब लाइनमैन शंकरलाल आदि कर्मचारियों ने आपूर्ति सामान्य की। जेई अरविंद कुमार का कहना है कि लाइन में फाल्ट आने से समस्या आ गई थी

जंगली जानवर का युवक पर हमला

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

छिबरामऊ। विशुनगढ़ कस्बे के मोहल्ला छपट्टी में खाली प्लाट में लघुशंका करने गए युवक पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। भेड़िया का हमला होने के शक में लोग एकत्र हो गए। वन विभाग के अधिकारी पागल कुत्ता अथवा सियार का हमला बता रहे हैं। पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने जंगली जानवर की खोज शुरू कर दी है। इलाके में भेड़िया के शक में लोगों खौफ है। विशुनगढ़ के मोहल्ला छपट्टी निवासी श्याम ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर 12:20 बजे घर के पास में ही खाली पड़े प्लाट में लघुशंका करने के लिए गए थे। उसी समय झाड़ियों में छिपे बैठे किसी जानवर ने उन पर हमला कर दिया, वह शोर मचाते हुए भाग खड़े गए। ग्रामीणों ने भेड़िया होने की आशंका से पीछा करना शुरू किया। ग्रामीणों की माने तो श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग से होते हुए भेड़िया धीरपुर गांव की तरफ जंगलों में भाग गया। गांव की सूचना पर थाना प्रभारी विनोद कश्यप पुलिस बल के साथ पहुंच गए तथा मामले की जानकारी वन रेंजर रामचंद्र को दी। निर्देश पर पहुंचे वन दरोगा धीरेंद्र यादव, वन रक्षक अमरनाथ सविता ने पुलिस टीम के साथ जंगलों में जानवर की तलाश की। तीन चार किलोमीटर की खाक छानने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका।

> ग्रामीण पर सियार या फिर पागल कुत्ते ने हमला किया होगा, क्योंकि भेड़िया की दस्तक नामुमकिन है। यह तराई इलाके का जानवर है और जमीन में सुरंग खोदकर रहता है। तलाश में ऐसा कहीं कुछ भी नजर नहीं आया।
>
> रामचंद्र, रेंजर, वन विभाग

बृहस्पतिवार रात मार डाले थे दो बकरे

मोहल्ला छप्टी निवासी बल्लू बृहस्पतिवार रात को अपने दो बकरे घर के बाहर बनी झोपड़ी में बांध कर घर में सोने चला गया था। रात में किसी समय जंगली जानवर ने दोनों बकरों पर हमला कर मार डाला था। सुबह बल्लू को दोनों बकरे मृत मिले थे। आसपास जमीन पर किसी जंगली जानवर के पंजों के निशान बने थे, जो भेड़िया के बताए जा रहे हैं।

नौ साल बाद जेल से खींच लाई मौत, घर की दहलीज भी नहीं मिली

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

तालग्राम। इटावा जेल में सजा काट रहे अपराधी को नौ साल बाद जमानत मिली। वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ ऑटो से घर आ रहा था, रास्ते में मौत उसका इंतजार कर रही है। उसके साथ बेटी की भी जान चली गई। नौ साल बाद विजय घर की दहलीज तक नहीं पहुंच सका। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार चालक को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली गुरसहायगंज गुगरापुर पडुआपुर निवासी विजय कुमार (50) और उनकी पुत्री सुभी (18) की बृहस्पतिवार को हादसे में मौत हो गई थी। परिजनों ने बताया कि वर्ष 2012 में गांव के छोटेलाल की हत्या के आरोप में विजय कुमार को जेल भेजा गया था। इसके बाद न्यायालय से हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। सजा के बाद कन्नौज कारागार से उसे इटावा कारागार भेज दिया गया था, जहां नौ साल सजा काटी। इसके बाद जमानत मिली थी। विजय की पत्नी ईश्वरवती और पुत्री सुभी सौंसरापुर के सोहेल का ऑटो किराये पर कर इटावा गए थे। वहां से विजय को साथ लेकर घर आ रहे थे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना तालग्राम के रनवां गांव के पास कार ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी थी, हादसे में पिता-पुत्री की मौत हो गई थी। पत्नी व चालक अस्पताल में भती हैं। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि भाई की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि ऑटो में टक्कर मारने वाली कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। चालक को हिरासत में लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आतंकी को मार गिराने वाले फौजी का हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

छिबरामऊ। जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में घायल होने के बाद भी शंकरपुर के लाल ने एक आतंकी को मार गिराया था। घायल सैनिक का इलाज लखनऊ के सैनिक अस्पताल में चल रहा था। शुक्रवार को स्वस्थ होकर पहुंचे वीर सैनिक का पश्चिमी बाईपास पर लोगों ने स्वागत किया।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर निवासी विजय पुत्र दलवीर सिंह साल 2011 में सेना में भर्ती हुए। जम्मू कश्मीर में तैनाती के दौरान 27 अगस्त को सेना की टुकड़ी के साथ वह गश्त कर रहे थे, तभी आतंकियों ने हमला कर दिया था। आंख के पास से गोली छूकर निकल गई, जिससे अंजू घायल हो गए। इसके बाद भी अंजू ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें जम्मू में सेना के हॉस्पिटल से लखनऊ सैनिक अस्पताल भेज दिया गया था। 15 दिनों के इलाज के बाद पूर्ण स्वस्थ होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। शुक्रवार को बहादुर सैनिक के स्वागत को लोग पश्चिमी बाईपास पर पहुंच गए।

सौ शैया अस्पताल को आंख, नाक, कान, गला और दंत रोग के डॉक्टर मिले

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। छिबरामऊ। आधुनिक सुविधाओं से युक्त सौ शैया अस्पताल पिछले कई सालों से चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा था। प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों की कमी को दूर करते हुए चार नए चिकित्सकों को नियुक्ति दी है। इनमें से दंत रोग विशेषज्ञ एक सप्ताह पहले ज्वाइन कर चुकी है। दिसंबर 2016 में 4597.54 लाख रुपये की लागत से सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय का शुभारंभ हुआ था। चिकित्सालय निर्माण के बाद यहां स्त्री रोग विशेषज्ञ, इमरजेंसी, पैथोलॉजी, ईएनटी (नाक, कान, गला रोग), आंख, हड्डी रोग, फिजीशियन, बाल रोग विशेषज्ञ, आईसीयू, निश्चेतक, आईसीयू वेंटीलेटर, सर्जरी, रेडियोलॉजिस्ट, ओटी, डेंटल, सर्जन, चेस्ट फिजीशियन सहित कई विभागों का संचालन स्वीकृत हुआ था। कई सालों तक अस्पताल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। हाल ही में प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य निदेशालय ने यहां निश्चेतक डॉ. शशिप्रभा शंखवार, नेत्र सर्जन डॉ. अविनाश गुप्ता, ईएनटी (नाक कान गला रोग विशेषज्ञ) डॉ. धीरेंद्र प्रताप अहिरवार व दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका कटियार को तैनाती दी है। इनमें डॉ. मोनिका कटियार ज्वाइन कर चुकी हैं। बता दें कि इससे पहले चेस्ट फिजीशियन के रूप में यहां डॉ. संतोष कुमार मिश्रा पहले ही कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं, जबकि सर्जन के रूप में सीएमएस सुनील कुमार सिंह सेवाएं दे रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में दो जगह मुठभेड़ :

बारामूला में सुरक्षाबलों ने ढेर किए तीन आतंकी, किश्तवाड़ में दो जवान शहीद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी । जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। फिलहाल इलाके को सुरक्षाबलों ने घेर रखा है, साथ ही तलाशी अभियान चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बारामूला के चक टप्पर क्रेरी पट्टन इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। उधर, किश्तवाड़ में भी सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इससे पहले शुक्रवार को किश्तवाड़ से 45 किलोमीटर दूर छात्रू इलाके में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के दो जवान बलिदान हो गए। दो अन्य गंभीर रूप से घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर के कमान अस्पताल पहुंचाया गया। छात्रू अस्पताल के इंचार्ज डॉ. अशरफ गिरी ने दो जवानों के बलिदान की पुष्टि करते हुए बताया कि पार्थिव शरीर संबंधित सैन्य यूनिट को भेजे गए हैं। छात्रू इलाके के नायद गांव के ऊपरी इलाके के पिंगनाल दुग्गदा जंगल क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन शाहपुरशाल चलाया था। घेरा सख्त होता देख छिपे आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग में चार जवान घायल हो गए। घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। फायरिंग शुरू होने पर सेना के जवानों ने भी मोर्चा संभाला और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उधर, मुठभेड़ शुरू होने के बाद किश्तवाड़ के साथ ही डोडा जिले में भी अलर्ट कर दिया गया है। अतिरिक्त नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा बलों की ओर से जगह-जगह औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। मुठभेड़ स्थल पर फोर्स को भेजा गया है।

पडिहारना में भी मुठभेड़ के बाद भाग निकले थे आतंकी

सूत्रों के अनुसार किश्तवाड़ में पिछले काफी समय से कुछ आतंकी बड़ी घटना के अंजाम देने की फिराक में हैं। कुछ समय पहले पडिहारना के नवनटु इलाके में भी आतंकी देखे गए थे, जहां दोनों तरफ गोलीबारी हुई थी। इसमें आतंकी भागने में सफल हो गए थे।

दो दिन पहले बसंतगढ़ में मारे गए थे दो पाकिस्तानी आतंकी

इससे पहले बुधवार को उधमपुर के बसंतगढ़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया गया था। मारे गए आतंकियों से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किए गए हैं।

हंसा मेहता के नाम पर हॉल का नामकरण

विदेश मंत्री ने जेनेवा में नए भारतीय मिशन का उद्घाटन किया। इस मिशन में संयुक्त राष्ट्र में तैनात रहने वाले अधिकारी, विश्व व्यापार संगठन और भारत के महावाणिज्यदूत रहेंगे। विदेश मंत्री ने भारतीय मिशन के परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया। साथ ही मिशन के एक हॉल का नामकरण मशहूर मानवाधिकार कार्यकर्ता हंसा मेहता के नाम पर भी किया। हंसा मेहता ने ही मानवाधिकार के वैश्विक डिक्लेयरेशन में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। विदेश मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिसर में एक पेड़ भी लगाया।

सौगात : जल्द दो करोड़ घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे PM

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 17 सितंबर के मध्य दो करोड़ नए घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए वह 15 सितंबर को झारखंड 16 को गुजरात और 17 सितंबर को भुवनेश्वर में योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपेंगे और खातों में राशि हस्तांतरित करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत झारखंड के लगभग 20 हजार लाभार्थियों को जमशेदपुर से स्वीकृति पत्रों का वितरण करेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे झारखंड में 1 लाख 13 हजार से ज्यादा मकान बनने थे, लेकिन अभी तक वहां की सरकार इतनी ही औपचारिकता पूरी कर सकी। राज्य ने बेहद धीमी गति से काम किया है। इसके लिए 187 करोड़ 79 लाख रुपये की राशि झारखंड को जारी की जा चुकी है। 16 सितंबर, को प्रधानमंत्री गुजरात जाएंगे। गुजरात में इस वित्तीय वर्ष में 54 हजार 135 आवास का लक्ष्य दिया गया और 99 करोड़ 1 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। 35 हजार पूरे हो चुके मकानों में गृह प्रवेश का कार्यक्रम भी होगा। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री ओडिशा के भुवनेश्वर में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में आचार संहिता वाले राज्यों को छोड़कर देशभर के 10 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगे।

विदेश मंत्री ने जेनेवा में भारतीय मिशन का उद्घाटन किया, डॉ आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर 12-13 सितंबर को स्विट्जरलैंड के दौरे पर रहे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि विदेश मंत्री ने स्विट्जरलैंड के जेनेवा में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों से मुलाकात की। साथ ही संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के उच्चायुक्त वॉल्कर टर्क, विश्व स्वास्थ्य संगठन के निदेशक डॉ. टेड्रोस गैब्रेसियस से भी मुलाकात की। इन मुलाकात में बहुपक्षीयवाद, मानवाधिकार और मौजूदा भू-राजनीति के मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य और पारंपरिक स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

पीटीआई के गिरफ्तार सांसदों के लिए पाकिस्तान का संसद लॉज बना उप-जेल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी । पाकिस्तान

पाकिस्तान के नेशनल असेंबली के सदस्यों के आवासीय क्वार्टर को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 10 सांसदों के लिए उप-जेल घोषित किया गया है, ताकि वे सभी संसद की बैठकों में भाग ले सकें। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों को रविवार को इस्लामाबाद के बाहरी इलाके सांगजानी में पार्टी की सार्वजनिक सभा के बाद आतंकवाद विरोधी अधिनियम और हाल ही में लागू किए गए शांतिपूर्ण सभा और सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम 2024 समेत कई आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।

नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने दी मंजूरी

एक समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक ने शुक्रवार को संसद लॉज को उप-जेल के रूप में नामित करने को मंजूरी दे दी, जो वर्तमान में उन्हें आवंटित सुइट्स में हिरासत में लिए गए सांसदों के लिए है। नेशनल असेंबली सचिवालय के एक अधिकारी ने आंतरिक मंत्रालय के सचिव को लिखे पत्र में कहा, मुझे हाल ही में गिरफ्तार किए गए पीटीआई सांसदों के संबंध में नेशनल असेंबली स्पीकर की तरफ से 11 सितंबर को जारी किए गए प्रोडक्शन ऑर्डर का संदर्भ देने का निर्देश दिया गया है।

पीटीआई सांसदों के खिलाफ दर्ज हैं कई मामले

अखबार ने कहा कि संसद लॉज में नई व्यवस्था से सुरक्षा और प्रक्रियात्मक दोनों जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हिरासत में लिए गए सदस्य अपनी मौजूदा कानूनी परिस्थितियों को संभालते हुए अपने विधायी कर्तव्यों को पूरा कर सकें। यह निर्णय पार्टी के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान और अन्य सदस्यों की तरफ से बढ़ी हुई सुरक्षा चिंताओं के कारण किए गए अनुरोध के बाद लिया गया है। पुलिस ने राजधानी क्षेत्र के पास मौजूद संगजानी, सुंबल और नून पुलिस स्टेशनों में 10 सांसदों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, अधिकारियों ने कहा कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें न्यायिक रिमांड प्रदान की है।

पूर्व भारतीय सांसद ने कहा- क्यूबेक में पगड़ी पर प्रतिबंध का उठाएं मुद्दा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी । कनाडा

भारत के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष तरलोचन सिंह ने शनिवार को शीर्ष सिख निकाय और कनाडा के सिख सांसदों से आग्रह किया कि वे देश के क्यूबेक प्रांत में उच्च पदों पर आसीन लोक सेवकों के लिए पगड़ी पर प्रतिबंध का मुद्दा उठाएं।

भारत की संसद के पूर्व सदस्य तरलोचन सिंह ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष जत्थेदार अकाल तख्त और कनाडा के सिख सांसदों से आग्रह किया कि वे ब्रिटेन के सांसदों के उदाहरण का अनुसरण करें, जिन्होंने सिख प्रतीकों की रक्षा के लिए पगड़ी पर प्रतिबंध के कानून में संशोधन करवाया था।

क्यूबेक प्रांत में पगड़ी या हिजाब पहनने पर प्रतिबंध

जून 2019 में अपनाया गया विवादास्पद कानून - जिसे बिल 21 के रूप में जाना जाता है - क्यूबेक प्रांत में न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और अधिकार प्राप्त लोक सेवकों को काम के दौरान किप्पा, पगड़ी या हिजाब जैसे प्रतीक पहनने से रोकता है।

यह फ्रांस के कानून से भी अधिक गंभीर है- तारलोचन

फरवरी 2024 में, क्यूबेक कोर्ट ऑफ अपील ने कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले फैसले में प्रांत के विवादास्पद धर्मनिरपेक्षता कानून को बरकरार रखा। अपनी यात्रा के दौरान तरलोचन सिंह ने एक बयान में कहा, यह फ्रांस के कानून से भी अधिक गंभीर है, जहां सरकारी स्कूलों में सिख छात्रों के लिए पगड़ी पहनने पर प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि कनाडा में सिख सांसदों ने अभी तक इस मुद्दे को समुदाय के खिलाफ बड़े भेदभाव के रूप में क्यों नहीं उठाया है।

कानून में संशोधन करने का अनुरोध करें

उन्होंने कहा, हम दुनिया में एकमात्र धार्मिक समुदाय हैं, जहां धार्मिक बाध्यता के अनुसार सभी को लंबे बाल रखने की अनुमति है। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि क्यूबेक प्रांत के मुख्यमंत्री से इस मामले को फिर से उठाएं और कानून में संशोधन करने का अनुरोध करें। इसमें मदद के लिए कैथोलिक पदानुक्रम से संपर्क किया जा सकता है। ब्रिटेन में, सिखों ने अपने निरंतर प्रयासों से सिख प्रतीकों की रक्षा के लिए इसी तरह के कानूनों में संशोधन करवाया है।

ओडिशा समेत 11 राज्यों में आज भारी बारिश को लेकर रेड व ऑरेंज अलर्ट

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम मानसून के आखिरी चरण में हिमालयी राज्यों से लेकर पूर्वी तटीय प्रदेशों में जमकर बारिश हो रही है। मूसलाधार बारिश के चलते विशेष रूप से पश्चिमी हिमालयी राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को भारी संकटों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह भूस्खलन होने से राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 150 से अधिक सड़कों पर यातायात ठप हो गया है। ऊंची चोटियों पर बर्फबारी से मौसम में आई ठंड के बीच लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने रविवार को 11 राज्यों में भारी से बहुत अधिक बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इनमें ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिम बंगाल के गंगा किनारे वाले क्षेत्रों और उससे सटे बांग्लादेश के इलाकों के ऊपर गहरा दबाव का क्षेत्र बना है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ने की संभावना है।

फिर राष्ट्रपति बना तो लापता व्यक्तियों के केस को सुलझाने के लिए बनाऊंगा आयोग : विक्रमसिंघे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी । जाफना

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शनिवार को आश्वासन दिया कि अगर वे आगामी राष्ट्रपति चुनाव में फिर से चुने गए तो उनकी सरकार लापता व्यक्तियों के मुद्दे को सुलझाने के लिए पांच साल के भीतर एक आयोग का गठन करेगी। एक अनुमान के अनुसार, लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) के साथ लगभग तीन दशक के युद्ध की समाप्ति के बाद लगभग 20,000 लोग लापता हैं, जिसमें 100,000 से अधिक लोग मारे गए थे। 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले जाफना में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए विक्रमसिंघे ने कहा कि अगर वे फिर से सत्ता में आए तो उनकी सरकार सत्य और सुलह आयोग (टीआरसी) की स्थापना करेगी, जो अगले पांच वर्षों के भीतर लापता व्यक्तियों के मुद्दे को सुलझाएगा।

राष्ट्रीय भूमि आयोग का भी गठन करेंगे : विक्रमसिंघे

उन्होंने आगे कहा कि उनकी सरकार उत्तर में चल रहे भूमि विवादों को सुलझाने के लिए राष्ट्रीय भूमि आयोग का भी गठन करेगी। श्रीलंका सरकार 2009 में गृहयुद्ध की समाप्ति के लगभग एक दशक बाद भी भूमि और संपत्ति पर नागरिक स्वामित्व को पूरी तरह से बहाल नहीं कर पाई है। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर में मुद्दे केवल राजनीतिक समस्याओं तक सीमित नहीं रह सकते, बल्कि इसके लिए विकास की भी आवश्यकता है। यदि विकास नहीं हुआ, तो उत्तर पिछड़ जाएगा, जबकि अन्य प्रांत आगे बढ़ेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका नेतृत्व उत्तर में राजनीतिक और विकासात्मक दोनों चुनौतियों का समाधान करेगा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की तरफ से शुक्रवार को जारी एक बयान का हवाला देते हुए, राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने चेतावनी दी कि यदि सरकार वैश्विक ऋणदाता के साथ शुरू किए गए कार्यक्रम को जारी नहीं रखती है, तो अर्थव्यवस्था फिर से ढह सकती है।

विपक्षियों के पास अर्थव्यवस्था को लेकर कोई योजना नहीं

उन्होंने कहा कि यदि उनकी सरकार की योजना अगले तीन वर्षों तक जारी रहती है, तो कोई भी देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट नहीं कर पाएगा। विक्रमसिंघे ने उत्तर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और बताया कि उनके किसी भी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी - समागी जना बालवेगया (एसजेबी) के सजित प्रेमदासा या जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के अनुरा कुमारा - के पास इस क्षेत्र की जरूरतों के लिए कोई समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि कुमारा और प्रेमदासा, जो उनके खिलाफ प्रचार कर रहे हैं, मौजूदा व्यवस्था में सुधार करने और अपनी व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव रखते हैं। वे जीवन-यापन की लागत कम करने और करों को खत्म करने का वादा करते हैं। हालांकि, ऐसे उपायों से आईएमएफ सहायता खतरे में पड़ जाएगी, जिससे अर्थव्यवस्था के ढहने की संभावना है।

अब हम करों को कम करने की स्थिति में हैं

राष्ट्रपति ने कहा, हमने रुपये को मजबूत करने के लिए आईएमएफ के साथ काम किया है और कमोडिटी की कीमतों में धीरे-धीरे कमी देखी है। हमारा मौजूदा कार्यक्रम पहले से ही लोगों को बढ़ी हुई राहत प्रदान कर रहा है। अब हम करों को कम करने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा सजीथ (प्रेमदासा) और अनुरा (कुमारा) कर कटौती की वकालत करते हैं, मैं भी इस विचार का समर्थन करता हूं, लेकिन प्रगति की कीमत पर नहीं। समय से पहले करों में कटौती हमारी आर्थिक सुधार को कमजोर कर सकती है और जून 2022 की भयावह स्थिति में लौटने का जोखिम उठा सकती है।

पड़ोसियों को सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहिए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी । बांग्लादेश

बांग्लादेश की जमात-ए-इस्लामी पार्टी ने कहा कि ढाका और नई दिल्ली को क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए सौहार्दपूर्ण ढंग से काम करना चाहिए। पार्टी के डिप्टी अमीर सैयद अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर ने एक इंटरव्यू में कहा कि बांग्लादेश इसको लेकर हमेशा ईमानदार रहा है।

ताहिर ने कहा, कोई भी अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकता है। इसलिए, सभी पड़ोसियों को सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए, ताकि शांति और स्थिरता बनी रहे। साल 2013 में एक हाईकोर्ट के आदेश के बाद बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण रद्द कर दिया था और उसे चुनाव में भाग लेने से रोक दिया था। जमात ने इसके खिलाफ 2023 में अपील दायर की थी। लेकिन देश की सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश को बरकरार रखा था। शेख हसीना के शासन के दौरान 1 अगस्त 2023 को एक कार्यकारी आदेश जारी किया गया था और जमात-ए-इस्लामी व उससे जुड़े संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। हसीना सरकार ने जमात पर देशभर में हिंसक प्रदर्शनों में शामिल होने का आरोप लगाया था। हाल ही में, शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद जब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता में आई तो जमात-ए-इस्लामी पर से प्रतिबंध लिया गया।

जमात के डिप्टी अमीर ने कहा, बांग्लादेश समानता, आत्मनिर्णय और आत्म-सम्मान के आधार पर सभी पड़ोसियों, खासतौर पर सबसे बड़े पड़ोसी भारत के साथ समान और सम्मानजनक संबंध बनाए रखना चाहता है। जमात ने अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच होने वाली संभावित बैठक का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा, बैठक ईमानदारी और दिल से होनी चाहिए। पिछले महीने देश में एक खास वर्ग के लिए आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया और देश छोड़कर भारत चली गईं। इसके बाद, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार गठित की गई। जमात-इस्लामी ने भारत से आग्रह किया है कि शेख हसीना को बांग्लादेश भेजा जाए, ताकि वह मुकदमों का सामना कर सकें। ताहिर ने यह भी कहा कि जमात अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा में भरोसा करता है और मानता है कि हाल की हिंसा को सांप्रदायिक से ज्यादा राजनीति थी।

पीड़ितों को जल्द और समय पर दिलाएं न्याय : बोले गृह मंत्री

जन एक्सप्रेस । दिल्ली । दो दिवसीय 'नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रेटजीज कॉन्फ्रेंस-2024' के अंतिम दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस महानिदेशकों से नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने और पीड़ितों के लिए जल्द और समय पर न्याय सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, अब यह जरूरी है कि मादक पदार्थ, शरारतपूर्ण मकसद से उड़ाए गए ड्रोन और ऑनलाइन धोखाधड़ी सहित उभरती राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों की पहचान की जाए और बड़ी चुनौतियां बनने से पहले ही उनसे निपटाया जाए। केंद्रीय गृहमंत्री की यह टिप्पणी मणिपुर में ड्रोन का उपयोग करके नागरिकों पर हमलों के कुछ दिनों बाद आई है। इस हमले के कारण अशांत पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा फिर से भड़क गई है। गृह मंत्री ने आतंकवाद-रोधी ढांचे को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और राज्यों के आतंकवाद रोधी दस्तों के बीच सहयोग और समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जम्मू-कश्मीर, वाम उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों और पूर्वोत्तर में लंबे समय से चली आ रही राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को हल करने में पर्याप्त प्रगति हुई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नए कानूनों का परिवर्तनकारी प्रभाव केवल मानसिकता में बदलाव, प्रौद्योगिकी को अपनाने और निर्बाध समन्वय से ही प्राप्त किया जा सकता है। अमित शाह ने नए कानूनों का बेहतर तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस महानिदेशकों को युवा पुलिस अधिकारियों की टीम गठित करने का निर्देश दिया।

इमरान खान से एफआईए ने की पूछताछ



✻ पाकिस्तान ने अमेरिका पर भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से शनिवार को एक जांच दल ने उनके विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट में कथित तौर पर प्रमुख राज्य संस्थानों के प्रमुखों को निशाना बनाने को लेकर पूछताछ की। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट के माध्यम से सरकार और राज्य संस्थानों के खिलाफ विद्रोह भड़काने के आरोप में शुक्रवार को खान के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एफआईए की साइबर क्राइम विंग ने एक जांच शुरू की और उप निदेशक अयाज खान के नेतृत्व में इसकी जांच टीम ने अदियाला जेल में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक से लगभग 45 मिनट तक पूछताछ की। टीम में जांचकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे, जिन्होंने खान से पोस्ट की प्रकृति और उनके सोशल मीडिया अकाउंट को कौन संभाल रहा था के बारे में पूछा। जांच जारी रखने और यह निर्धारित करने के लिए एफआईए टीम के फिर से आने की उम्मीद है कि खान के सोशल मीडिया खातों के प्रबंधन और ऐसे पोस्ट के लिए निर्देश जारी करने के लिए कौन जिम्मेदार है।

पाकिस्तान ने अमेरिका पर भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया

पाकिस्तान ने शनिवार को अमेरिका पर दोहरे मानक और भेदभावपूर्ण व्यवहार अपनाने का आरोप लगाया। साथ ही देश के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से कथित रूप से जुड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर एकतरफा अमेरिकी प्रतिबंधों को खारिज कर दिया। कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां अंतरराष्ट्रीय शांति को खतरे में डालती हैं। अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि उसने पाकिस्तान में बैलिस्टिक मिसाइलों और नियंत्रित मिसाइल उपकरणों और प्रौद्योगिकी के विस्तार में शामिल चार चीनी संस्थाओं, एक पाकिस्तानी कंपनी और एक चीनी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। अमेरिकी कार्रवाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, विदेश मंत्रालय (मोफा) ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान इस कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित मानता है। अतीत में वाणिज्यिक संस्थाओं की इसी तरह की लिस्टिंग केवल संदेह पर आधारित थी, इसमें शामिल वस्तुओं को सूचीबद्ध नहीं किया गया है। किसी भी निर्यात नियंत्रण व्यवस्था और फिर भी व्यापक, कैच-ऑल प्रावधानों के तहत संवेदनशील माना जाता था।

पीएम मोदी का तीन राज्यों का दौरा आज से

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार से गुजरात, झारखंड और ओडिशा की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे। इस दौरान वह सोमवार को अहमदाबाद में देश की पहली वंदे मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसी दिन वह गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो (री-इनवेस्ट 2024) के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। वह अहमदाबाद में 8000 रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इसके साथ-साथ अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो रेल सेवा के दूसरे चरण का शुभारंभ भी करेंगे। जबकि, पहले दिन वह अहमदाबाद के पास वडसर वायुसेना स्टेशन पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। पश्चिम रेलवे (अहमदाबाद मंडल) के जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद-भुज वंदे मेट्रो पूरी तरह से अनारक्षित वातानुकूलित ट्रेन है, जिसके लिए यात्री प्रस्थान से कुछ समय पहले काउंटर से टिकट खरीद सकते हैं।

उन्होंने कहा, इसमें 2058 खड़े यात्री खड़े होकर और 1150 यात्री बैठकर यात्रा कर सकेंगे। पश्चिम रेलवे ने इस सप्ताह की शुरुआत में इस सेवा का परीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद-भुज वंदे मेट्रो सेवा नौ स्टेशनों पर रुकेगी और 110 किलोमीटर प्रति घंटे की शीर्ष गति से 360 किलोमीटर की दूरी 5 घंटे 45 मिनट में तय करेगी। यह भुज से सुबह 5:05 बजे रवाना होगी और 10:50 बजे अहमदाबाद जंक्शन पहुंचेगी।

डब्ल्यूआर के जनसंपर्क अधिकारी शर्मा ने बताया कि वंदे मेट्रो अवधारणा को पूरी तरह से वातानुकूलित कोचों और कवच टकराव-रोधी प्रणाली के साथ-साथ अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ स्वदेशी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन वंदे भारत सेवा की तर्ज पर डिजाइन किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)